UPHIN/2016/74800

हिन्दी साप्ताहिक

नई सोच, नया जुनून...

# करण वाणी

4 सियासी धंधेबाजों की नजर में अर्थव्यवस्था...

5 पीएम किसान उत्सव दिवस का हुआ...

6 एएसीएसबी सदस्यता प्रमाण पत्र और...

● वर्ष : 10 ● अंक : 02 ● लखनऊ, सोमवार 04 अगस्त 2025 ● मूल्य : 2 रु. ● पृष्ठ : 08

# बारिश बनी काल

## बेकाबू होकर नहर में गिरी बोलेरो, 11 की मौत, 4 घायल, सीएम योगी ने जताया दुख

**सड़क दुर्घटना**

संवाददाता

**गोंडा।** यूपी के गोंडा में बड़ा हादसा हो गया। यहां बोलेरो बेकाबू होकर सरयू नहर में गिर गई। हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में महिलाएं और बच्चे भी हैं। बोलेरो में 15 लोग सवार थे।

चार लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। ये सभी लोग पृथ्वीनाथ मंदिर जल चढ़ाने जा रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार गोंडा के मोतीगंज थाना के सीहागांव-खरगूपुर मार्ग के पास यह हादसा हुआ है। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को बताया कि लगातार बारिश की वजह से नहर के किनारे रास्ता फिसलन वाला हो गया था। बोलेरो की स्पीड थोड़ी ज्यादा थी। वो अचानक बेकाबू हो गई और देखते ही देखते नहर में जा समाई। आसपास मौजूद लोगों ने यह देखा तो दौड़कर वहां पहुंचे। लोगों ने डूब रहे लोगों को बचाने की कोशिश के साथ ही पुलिस को हादसे की सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचवाया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे पर दुख जताते हुए अधिकारियों से मौके पर मौजूद रहकर राहत और बचाव का काम तेजी से कराने और घायलों का समुचित इलाज सुनिश्चित करने का आदेश दिया है।



### चश्मदीदों ने बताया

स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह करीब 6.00 बजे एक जोर की आवाज सुनाई दी। कुछ ही देर में लोग मौके पर पहुंचे तो देखा कि बोलेरो नहर में समा चुकी थी। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और खुद भी बचाव कार्य में जुट गए। बाद में प्रशासन और एनडीआरएफ की टीम ने मोर्चा संभाला।

### सीएम ने लिया हादसे का संज्ञान

सीएम योगी आदित्यनाथ ने गोंडा हादसे का संज्ञान लिया है। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना की व्यक्त की है। इसके साथ ही अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश दिए हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों से कहा है कि घायलों के समुचित इलाज को स्वयं सुनिश्चित कराएं। इसके साथ ही उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।



गोंडा जिले के मोतीगंज थाना क्षेत्र के ही सीहा गांव के रहने वाले दो परिवारों के 15 लोग संयुक्त रूप से रविवार की सुबह बोलेरो से जिले के ही खरगूपुर में स्थापित पांडवकालीन प्रसिद्ध पृथ्वी नाथ मंदिर पर जलाभिषेक और दर्शन पूजन के लिए जा रहे थे। इटियाथोक थाना क्षेत्र के रेहरा गांव के पास वे पहुंचे ही थे कि बेकाबू होकर बोलेरो पटरी से सरयू नहर में जा गिरी। आसपास के लोगों ने यह देखा तो दौड़कर वहां पहुंचे। उन्होंने नदी में गिरी बोलेरो के शीशे को तोड़कर उसमें से सभी को एक-एक कर बाहर निकाला। हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। चार लोग घायल थे जिन्हें एंबुलेंस से तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शवों को नहर से बाहर निकाला। मिली जानकारी के अनुसार मरने वालों में बीना (35) , काजल (22), महक (12), दुर्गेश, नंदिनी, अंकित, शुभ, संजू वर्मा, अंजू, अनसुइया, सौमिया शामिल हैं।



# 05 को उम्रकैद, 33 को सात-सात साल की सजा

**स्याना हिंसा**

126 में से मात्र 26 गवाहों की कराई गई थी गवाही

संवाददाता

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर के स्याना हिंसा मामले में कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। बुलंदशहर एडीजी 12 गोपालजी की कोर्ट ने इंस्पेक्टर की हत्या में शामिल पांच दोषियों को कोर्ट ने उम्रकैद और बलवा में 33 दोषियों को सात-सात साल की कैद की सजा सुनाई। बतादें कि गोकशी को लेकर हुई स्याना हिंसा में करीब साढ़े छह साल बाद बुधवार को न्यायालय ने सभी 38 आरोपियों को दोषी ठहराया था। इनमें पुलिस इंस्पेक्टर की हत्या में पांच और अन्य 33 अभियुक्त बलवा और जानलेवा हमले के तहत दोषी पाए गए थे। दोषियों में भाजपा मंडल अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधान भी शामिल थे।

स्याना हिंसा की गहन विवेचना के लिए गठित एसआईटी के तत्कालीन सीओ राघवेंद्र मिश्रा ने जांच कर 126 लोगों को गवाह बनाया था। इसमें हिंसा के दौरान घटनास्थल पर मौजूद पुलिसकर्मियों से लेकर पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी और शवों का पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सक भी शामिल थे। शासन से नियुक्त विशेष अधिवक्ता एवं पूर्व डीजीसी यशपाल राघव ने बताया कि 126 गवाहों में 26 गवाहों की गवाही कराई गई। सबसे अंत में मुख्य विवेचक राघवेंद्र मिश्रा द्वारा गवाही दी गई थी। केस की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष के समक्ष सभी गवाहों की गवाही कराना भी एक चुनौती बन गया था। इसमें सबसे अहम गवाह गांव हरवानपुर निवासी मुकेश उर्फ मूला को बनाया गया। अभियुक्त पक्ष के अधिवक्ता संजय शर्मा ने बताया कि पुलिस की ओर से दाखिल चार्जशीट में ग्रामीणों में से एकमात्र बाहरी गवाह मुकेश उर्फ मूला था, जिसमें शहीद इंस्पेक्टर सुबोध कुमार सिंह की हत्या के दौरान मौके पर होने का दावा किया।

### उम्रकैद

1. प्रशान्त नट पुत्र सुरेन्द्र निवासी ग्राम चिगरावटी थाना स्याना बुलन्दशहर
2. राहुल पुत्र भीमसैन निवासी ग्राम हरवानपुर थाना स्याना बुलन्दशहर
3. डेविड पुत्र महीपाल निवासी चिंगरावटी थाना स्याना बुलन्दशहर
4. लोकेन्द्र पुत्र वीर सिंह निवासी चिगरावटी थाना स्याना बुलन्दशहर (जेल)
5. जौनी पुत्र सुशील निवासी चिगरावटी थाना स्याना बुलन्दशहर

### ये था मामला

3 दिसंबर, 2018 को स्याना कोतवाली क्षेत्र की चिंगरावठी पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव महाव में गोवंश के अवशेष मिलने पर हिंसा भड़क गई थी। हिंसा में स्याना के तत्कालीन पुलिस इंस्पेक्टर सुबोध कुमार सिंह शहीद हो गए थे। पास के गांव चिंगरावठी के छात्र सुमित की भी मौत हो गई थी। इस मामले में 27 नामजद समेत 50-60 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने विवेचना के बाद 44 लोगों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। जिसमें एक बाल अपचारी है। जबकि पांच आरोपियों की सुनवाई के दौरान मृत्यु हो चुकी है।

### सात-सात साल की सजा

6. योगेशराज पुत्र सूरजभान निवासी ग्राम नयाबस थाना स्याना बुलन्दशहर
7. चमन पुत्र देवेन्द्र निवासी नयाबास थाना स्याना बुलन्दशहर
8. देवेन्द्र पुत्र रामबल निवासी नयाबास थाना स्याना बुलन्दशहर
9. आशीष चौहान पुत्र महेश 9 चौहान निवासी ग्राम रवानी कटीरी थाना नरसैना बुलन्दशहर
10. रोहित कुमार राघव पुत्र रामौतार राघव निवासी बरोली वासुदेवपुर थाना स्याना बुलन्दशहर
11. जितेंद्र उर्फ लाल गुर्जर पुत्र दलेल सिंह निवासी चिंगरावठी थाना स्याना
12. सोनू पुत्र सुखपाल जाटव निवासी नयाबास थाना स्याना
13. जितेंद्र उर्फ जीतू फौजी पुत्र राजपाल निवासी महाव थाना स्याना
14. नितिन पुत्र बृजेश निवासी चिंगरावठी थाना स्याना
15. मोहित पुत्र विजेंदर निवासी चिंगरावठी थाना स्याना
16. रमेश जोगी पुत्र चुना जोगी निवासी चिंगरावठी थाना स्याना
17. विशाल त्यागी पुत्र सुरेंद्र त्यागी निवासी स्याना
18. हेमू उर्फ हेमराज पुत्र नवाब निवासी चिंगरावठी थाना स्याना
19. अंकुर पुत्र वीरेंद्र निवासी चिंगरावठी थाना स्याना
20. आंटी उर्फ अमित पुत्र उदयवीर निवासी चिंगरावठी थाना स्याना
21. आशीष पुत्र अशोक निवासी चिंगरावठी थाना स्याना
22. हरेंद्र पुत्र सुखपाल निवासी महाव थाना स्याना
23. टिंकू उर्फ भूपेश पुत्र अशोक निवासी महाव थाना स्याना
24. गुड्डू उर्फ मुकेश पुत्र ब्रह्म सिंह निवासी महाव थाना स्याना
25. रोबिन जाट पुत्र वीरेंद्र निवासी महाव थाना स्याना
26. सत्येंद्र राजपूत पुत्र ब्रह्म सिंह निवासी गांव लौंगा थाना स्याना
27. सतीश पुत्र चंद्रभान लोधी निवासी चांदपुर थाना स्याना
28. विनीत पुत्र नरेंद्र जाट निवासी महाव थाना स्याना
29. राजीव पूर्व कलवा पुत्र दलबीर जाट निवासी चिंगरावठी थाना स्याना
30. सचिन उर्फ कोबरा पुत्र अजय जाट निवासी हरवानपुर थाना स्याना
31. पवन कुमार पुत्र जयप्रकाश लोधी निवासी स्याना
32. शिखर अग्रवाल पुत्र रंजीत अग्रवाल निवासी स्याना
33. उपेंद्र राघव पुत्र महेंद्र सिंह निवासी गिनोरा नांगली थाना खानपुर
34. सौरभ पुत्र यशवीर निवासी खाद मोहन नगर थाना स्याना
35. राजकुमार पूर्व प्रधान पुत्र त्रिलोक निवासी महाव थाना स्याना
36. नितिन पंडित पुत्र व्यास पंडित निवासी स्याना
37. कलुआ पुत्र बाबूराम निवासी महाव थाना स्याना
38. जयदीप पुत्र प्रकाश निवासी ग्राम चिंगरावठी थाना स्याना

## संक्षिप्त खबरें

### गाजा की संकरी सुरंग में अपनी कब्र खोदते दिखा इजरायली बंधक

**गाजा।** एक दिल दहला देने वाला वीडियो सामने आया है, जिसमें गाजा की एक तंग सुरंग में बेहद कमजोर हालत में एक इजरायली बंधक खुद अपनी कब्र खोदते नजर आ रहा है। इस वीडियो ने हमास की क्रूरता और गाजा की हालत एक बार फिर दुनिया के सामने ला दी है। 48 घंटे में दूसरी बार इजरायली बंधक का वीडियो सामने आया है। इस वीडियो ने आम इजरायलियों और पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को परेशान कर दिया है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। दोनों नेताओं की मुलाकात की वजह अभी सामने नहीं आई है। राष्ट्रपति भवन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में बताया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

### नितिन गडकरी के घर को बम से उड़ाने की झूठी धमकी

**नागपुर।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के घर में बम लगाने की झूठी धमकी देने वाले एक शख्स को नागपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में नागपुर के डीसीपी रुशिकेश सिंगारेड्डी ने बताया कि उन्हें एक फोन आया जिसमें कहा गया कि नितिन गडकरी के घर में बम लगाया गया है और वह जल्द ही फटने वाला है। इस फोन के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और बम स्क्वॉड को बुलाया गया, केंद्रीय मंत्री के घर की सुरक्षा को सतर्क किया गया और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे।

## मुख्यमंत्री ने यूपी पुलिस दूरसंचार विभाग में चयनित 1,494 सहायक परिचालकों को वितरित किये नियुक्ति पत्र

# वर्ष 2017 से पहले पुलिस भर्ती में भाई-भतीजावाद का सीधा असर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर पड़ा

पिछली सरकार में भर्ती में पैसों का लेन-देन, बोली और भेदभाव ने नौजवानों के भविष्य को बना दिया था अंधकारमय

संवाददाता

**लखनऊ।** वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में होने वाली भर्तियों में भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद हावी था। उस दौरान पैसों का लेन-देन, बोली और भेदभाव ने नौजवानों के भविष्य को अंधकारमय बना दिया था।

इसका सीधा असर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर पड़ा। इससे दंगे, अराजकता, गुंडागर्दी, आतंकी घटनाएं बढ़ गयीं और जनता में असुरक्षा का माहौल बन गया। कभी अयोध्या, काशी और लखनऊ की कचहरी में हमले होते थे तो कभी आतंकी हमले। इस दौरान सीआरपीएफ कैंप रामपुर को भी निशाना बना गया। वहीं वर्ष 2017 में डबल इंजन की सरकार बनने पर सबसे पहले भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए बड़े कदम उठाए गए। इसके तहत पुलिस भर्ती बोर्ड का सुदृढ़ीकरण किया गया। इसी का परिणाम है कि पूरे देश में उत्तर प्रदेश सर्वाधिक पुलिस की भर्ती और सरकारी नौकरी देने वाले राज्यों में पहले स्थान पर है। अब तक हमारी सरकार साढ़े आठ लाख युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान कर चुकी है, जो पूरे देश में सबसे बड़ा आकड़ा है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित यूपी पुलिस दूरसंचार विभाग में चयनित 1,494 सहायक परिचालकों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में कही। इस दौरान सीएम ने चयनित कई अभ्यर्थियों को अपने हाथों से नियुक्ति पत्र वितरित किये।




### 25 करोड़ आबादी वाले प्रदेश में दूरसंचार पुलिस की जिम्मेदारी काफी अहम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पुलिस विभाग में अग्निवीर को 20 प्रतिशत रिजर्वेशन देने का निर्णय किया गया है। इससे प्रशिक्षित और अनुशासित युवा पुलिस बल का हिस्सा बन सकेंगे। सीएम ने महाकुंभ में दूरसंचार विभाग के उत्कृष्ट कार्यों का प्रशंसा करते हुए कहा कि संचार व्यवस्था किसी भी पुलिस फोर्स की रीढ़ होती है। 25 करोड़ की आबादी वाला प्रदेश में कम्युनिकेशन और टेलीकॉम पुलिस की जिम्मेदारी कहीं कम नहीं होती। उन्होंने कुंभ के दौरान टेलीकॉम पुलिस के बेहतर प्रदर्शन की सराहना की और टेक्नोलॉजी को पुलिसिंग का अनिवार्य अंग बताया। सीएम ने कहा कि आज जब भारत आजादी के अमृतकाल में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, तो पुलिस को भी उतना ही संवेदनशील और सख्त दोनों होना पड़ेगा।

# ज्योतिर्मठ में चट्टान टूटने से 8 मजदूर घायल

**हादसा**

एजेंसी

**देहरादून।** उत्तराखंड के ज्योतिर्मठ में बड़ा हादसा हो गया है। टीएचडीसी के निर्माणाधीन डैम साइट, हेलंग में चट्टान टूटने की घटना में 12 मजदूर घायल हो गए हैं। घटना आज यानी शनिवार सुबह 11 बजे की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही कोतवाली ज्योतिर्मठ से पुलिस बल तुरंत मौके पर रवाना हुआ। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, डैम साइट पर लगभग 40-50 मजदूर कार्यरत थे। इसी दौरान लगभग सुबह 11 बजे अचानक पहाड़ी का एक भाग टूटकर गिर गया, जिससे कुल 12 मजदूर घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक इनमें से 8 मजदूरों को प्राथमिक उपचार देने के बाद कैंप भेजा गया है जबकि 4 मजदूरों को ज्यादा चोटें आने के कारण प्राथमिक उपचार केबाद पीपलकोटी के सरकारी अस्पताल भेजा गया। वहीं सुरक्षा के दृष्टिगत डैम साइट से सभी मजदूरों को हटाया गया है तथा कार्य अस्थायी रूप से स्थगित किया गया है। टीएचडीसी द्वारा निर्माणाधीन विष्णुगाड़ पीपलकोटी जल विद्युत परियोजना के डेम साइट हेलंग में शनिवार को हुए भूस्खलन में निर्माण कार्य कर रहे 8 लोग घायल हो गए हैं।



# 1200 करोड़ का अवैध खनन

## सरकार को भारी नुकसान तो खुद कमाया लाभ, धोखा देने के लिए बनाई समान नाम वाली फर्म

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), मुख्यालय कार्यालय, नई दिल्ली ने हरियाणा के भिवानी जिले के तोशाम गांव में स्थित दादम हिल में मेसर्स गोवर्धन माइंस एंड मिनरल्स, मेसर्स सुंदर मार्केटिंग एसोसिएट, वेदपाल सिंह तंवर, रमन सोखल और अन्य द्वारा धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत किए गए अवैध खनन के मामले में 28.07.2025 को 17.68 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति को अनंतिम रूप से कुर्क किया है। ईडी ने पर्यावरण संरक्षण (ईपी) अधिनियम, 1986 के तहत हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचएसपीसीबी) द्वारा दायर अभियोजन शिकायत के आधार पर उक्त मामले की जांच शुरू की थी। इसके बाद, हरियाणा पुलिस ने भी मेसर्स गोवर्धन माइंस एंड मिनरल्स (जीएमएम), मेसर्स सुंदर मार्केटिंग एसोसिएट्स (एसएमए) और इसके भागीदारों वेदपाल सिंह तंवर, रमन सोखल और अन्य के खिलाफ आईपीसी, 1860 की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की। ईडी की जांच से पता चला है कि मेसर्स गोवर्धन माइंस एंड मिनरल्स (जीएमएम) और मेसर्स सुंदर मार्केटिंग एसोसिएट्स (एसएमए) ने 2017-2022 तक दादम माइंस, भिवानी, हरियाणा में खनन किया था। इसमें वे 1200 करोड़ रुपये से अधिक के अवैध और अवैज्ञानिक खनन में शामिल थे। इसके चलते सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ और आरोपियों ने खुद मोटा लाभ कमाया।

ईडी की जांच से यह भी पता चला है कि खनन टेंडर प्रोपराइटरशिप फर्म मेसर्स सुंदर मार्केटिंग एसोसिएट्स को आवंटित किया गया था, जिसमें नवीन गोयल प्रोपराइटर थे। सरकार को धोखा देने के लिए, समान नाम वाली एक अन्य साझेदारी फर्म यानी मेसर्स सुंदर मार्केटिंग एसोसिएट्स, रमन सोखल और अन्य द्वारा बनाई गई थी। हरियाणा खनन विभाग को सूचित या अनुमति लिए बिना ही धोखाधड़ी से पूरा खनन किया गया था। ईडी की जांच से पता चला है कि जीएमएम द्वारा अवैध और अवैज्ञानिक खनन से अर्जित अपराध की आय (पीओसी) का इस्तेमाल चल और अचल संपत्तियां हासिल करने के लिए किया गया था।

# गैरहाजिर चार डॉक्टर बर्खास्त

संवाददाता

**लखनऊ।** बिना सूचना लगातार गैरहाजिर चल रहे चार डॉक्टरों को बर्खास्त कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग के तीन डॉक्टरों सहित कन्नौज मेडिकल कॉलेज में हड्डी रोग विभाग के सहायक आचार्य की सेवाएं समाप्त की गई हैं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश पर प्रमुख सचिव ने आदेश जारी कर दिया है। तीन अन्य डॉक्टरों पर गाज गिर सकती है। पीलीभीत जिला चिकित्सालय में तैनात बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. राजकुमार, शाहजहांपुर के जलालाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डॉ. विनय कुमार सैनी, अम्बेडकर नगर (स्थानान्तरणधीन उन्नाव) डॉ. शशि भूषण डोभाल लंबे समय से लगातार गैरहाजिर चल रहे थे। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने तीनों को सेवा से बर्खास्त कर दिया है।

वहीं, लंबे समय से गैरहाजिर कन्नौज राजकीय मेडिकल कॉलेज के सहायक आचार्य, आर्थोपेडिक्स विभाग के डॉ. अवनीश कुमार सिंह को भी सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। मैनपुरी के किशनी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में तैनात दन्तशल्यक डॉ. राखी सोनी बिना सक्षम स्तर से अवकाश स्वीकृत कराये अनधिकृत रूप से तैनाती स्थल से अनुपस्थित हैं। प्रयागराज के डिप्टी सीएमओ डॉ. आनन्द सिंह को एवं मथुरा के छाता सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में तैनात डॉ. अशोक कुमार द्वारा गम्भीर रूप से घायल रोगी के इलाज में लापरवाही बरतने के आरोप लगे। तीनों डॉक्टरों की जांच कराई गई। प्राथमिक जाँच में इन डॉक्टर को दोषी पाया गया है। इन्हें आरोप-पत्र देकर उनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही किये जाने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव को दिये गये हैं। राजकीय मेडिकल कॉलेज के हड्डी रोग विभाग के आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ. डीसी श्रीवास्तव पर ओपीडी का समय पर संचालन न करने के गंभीर आरोप लगे हैं। उनसे स्पष्टीकरण तलब किया गया है।

### एक्सरे मशीन लगेगी



*मेरठ के किठौर स्थित 50 बेड संयुक्त चिकित्सालय व आजमगढ़ स्थित लालगंज के 100 बेड हॉस्पिटल में मरीजों की सुविधाओं के लिए एक्सरे मशीन लगाने का फैसला किया गया है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि दोनों जनपदों में स्थित उक्त अस्पतालों के लिए 27-27 लाख रुपये अवमुक्त किए गए हैं।*

# असीम अरुण के विभाग में महिला से छेड़छाड़

मंत्री ने पुलिस बुलाकर निजी सचिव को पकड़वाया

संवाददाता



**लखनऊ।** यूपी में समाज कल्याण विभाग के मुख्यालय में एक महिला कर्मी के छेड़खानी का मामला सामने आया है। महिला कर्मी ने मंत्री के निजी सचिव पर छेड़खानी का आरोप लगाया है। मंत्री जब अपने ऑफिस पहुंचे तो पीड़िता ने निजी सचिव द्वारा की गई हरकत के बारे में बताया। पीड़िता की पीड़ा सुनने के बाद मंत्री ने खुद पुलिस को सूचना देकर बुलाया और निजी सचिव को पकड़वाया। इधर महिला ने भी गोमती नगर थाने में निजी सचिव के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने भी मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है।

यूपी सरकार के एक राज्यमंत्री असीम अरुण के निजी सचिव जयकिशन सिंह पर कार्यालय में तैनात एक महिला ने छेड़खानी का आरोप लगाया है। निजी सचिव जयकिशन मूल रूप से प्रयागराज बम्भरौली के रहने वाले हैं। फिलहाल वह चिनहट इलाके के विक्रांत खंड में रहते हैं। निजी सचिव पर छेड़खानी के आरोप लगते ही विभगा में हड़कंप मच गया। गुरुवार को मंत्री असीम अरुण कार्यालय पहुंचे तो पीड़िता ने रोते हुए अपनी व्यथा बताई। पीड़िता की शिकायत सुनने के बाद मंत्री असीम अरुण ने खुद पुलिस को सूचना दी और पुलिस बुलाकर निजी सचिव को उनके हवाले कर दिया। उधर महिला ने गोमतीनगर थाने में भी निजी सचिव के खिलाफ तहरीर देकर केस दर्ज कराया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस निजी सचिव से पूछताछ कर रही है।

# हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने का जनआंदोलन

युवा मतदाताओं को जोड़ना संगठनात्मक परिपक्वता का परिचायक

13 से 15 अगस्त तक हर घर और प्रतिष्ठान पर फहराया जाएगा तिरंगा

संवाददाता



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक बैठक आज इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय प्रभारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्षेत्रीय संयोजक व सहसंयोजक, विधायक, एमएलसी, प्रदेश मोर्चा अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, जिला संयोजक व सहसंयोजक, प्रदेश आईटी संयोजक, प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक, प्रदेश मीडिया प्रभारी व सहप्रभारी सम्मिलित हुए।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा अभियान केवल झंडा फहराने का आयोजन नहीं, बल्कि जन-जन में राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करने का जनआंदोलन है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में लगातार चौथी बार शुरू हुआ है और इसने राष्ट्र चेतना को सशक्त अभिव्यक्ति दी है। हर घर तिरंगा अभियान और हर हाथ में स्वदेशी उत्पाद का मंत्र, आत्मनिर्भर भारत की भावना को जमीन पर उतारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अभियान से जुड़कर अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराएं, उसके साथ सेल्फी लें, लोगों को इससे जोड़ें और ओडीओपी जैसे स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर स्थानीय शिल्प को प्रोत्साहन दें। यह भारत को आर्थिक रूप से मजबूत करके ब्लैकमेल करने वालों को करारा उत्तर देने का सबसे सशक्त तरीका है। कांग्रेस और विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि मालेगांव मामले में जैसे ही सत्य सामने आया, कांग्रेस की साजिशें बेनकाब हो गई। जिन्होंने भगवा को आतंक का प्रतीक बताकर देश की आस्था को कलंकित किया, उनका चेहरा अब जनता के सामने उजागर हो चुका है। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' पर दुष्प्रचार कर विपक्ष देशविरोधी ताकतों की ढाल बनने का कार्य कर रहा है।मुख्यमंत्री ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लोकतंत्र की आधारशिला बताते हुए कहा कि कार्य केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं बल्कि राजनीतिक जिम्मेदारी है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता सुनिश्चित करे कि उसके बूथ की मतदाता सूची में कोई भी पात्र मतदाता छूटने न पाए। 18 वर्ष की आयु को पूर्ण कर चुके युवा मतदाताओं को जोड़ना संगठनात्मक परिपक्वता कापरिचायक है।बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियानप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से राष्ट्रभक्ति की एक सशक्त जन-अभिव्यक्ति बन चुका है। हर घर तिरंगा अभियान प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र के प्रति गौरव, आस्था और उत्तरदायित्व की भावना को जाग्रत करने का अभियान है। उन्होंने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि जब भाजपा सरकार जनकल्याण के लिए दिन-रात काम कर रही है, तब विपक्ष केवल झूठ और नकारात्मकता फैलाने में जुटा है। लेकिन प्रदेश की जागरूक जनता हर बार उन्हें नकार चुकी है और आज तिरंगे के साथ खड़े होकर नए भारत और नए उत्तर प्रदेश के निर्माण में भागीदार बन रही है।उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए मतदाता पुनरीक्षण अभियान में पूरी सकारात्मकता और निष्ठा के साथ जुटे। यह अभियान लोकतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है और कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। भाजपा विकास, सुशासन और राष्ट्रहित की राजनीति में विश्वास रखती है। ÷सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास÷ के मंत्र के साथ हम हर वर्ग के नागरिक के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य ने कहा है कि 'हर घर तिरंगा' अभियान राष्ट्रभक्ति की जनक्रांति है। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से जन-जन को तिरंगे के प्रति श्रद्धा, निष्ठा और आत्मगौरव से जोड़ने का सशक्त माध्यम बन चुका है। भाजपा का हर कार्यकर्ता इस चेतना को गांव-गांव, गली-गली तक पहुंचाए, ताकि तिरंगा केवल घरों पर नहीं, हर मन में लहराए। श्री मौर्य ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान केवल सरकार की पहल नहीं, बल्कि जनता की भावनाओं का स्वाभाविक प्रकटीकरण बन गया है। भाजपा कार्यकर्ता इस अभियान को लोकतंत्र की शक्ति , सामाजिक चेतना से जोड़कर एक ऐसे सशक्त भारत की नींव रखें, जो संविधान की मर्यादाओं और तिरंगे के गौरव को सर्वोपरि मानता है। यही राष्ट्रधर्म है और यही विजय का मार्ग भी।श्री मौर्य ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता सिर्फ चुनावी राजनीति नहीं करता, वह लोकतंत्र का सच्चा प्रहरी होता है। मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में एक-एक कार्यकर्ता को यह संकल्प लेना चाहिए कि हर मतदाता तक पार्टी की नीतियों, उपलब्धियों को भी पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' हर मतदाता तक पहुंच, हर नाम शामिल हो, यही संकल्प और प्रतिबद्धता हमें आगामी चुनावों में विजय की ओर अग्रसर करेगी। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान राष्ट्रभक्ति की भावना को जीवंत करने का राष्ट्रीय पर्व है। यह केवल झंडा फहराने तक सीमित नहीं, बल्कि भारत की अस्मिता, एकता और स्वाभिमान को हर घर तक पहुंचाने का माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज भारत और उत्तर प्रदेश आत्मविश्वास से परिपूर्ण होकर वैश्विक पहचान बना रहे हैं। भाजपा का कार्यकर्ता केवल संगठन का प्रतिनिधि नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की चेतना का संवाहक होता है। 'हर घर तिरंगा' अभियान को हर गांव एवं शहर तक ले जाकर कार्यकर्ता यह सुनिश्चित करें कि भारत की आन-बान और शान का प्रतीक तिरंगा हर नागरिक के मन और घर में स्थापित हो। पाठक ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा है कि चुनाव का निर्णय बूथ पर होता है।

# सरकारी विभागों पर 15,569 करोड़ बिजली बिल बकाया

संवाददाता

**लखनऊ।** घाटे की वजह से पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण की प्रक्रिया के बीच खुलासा हुआ है कि बिजली कंपनियों का सरकारी बकाया ही 15,569 करोड़ रुपये है। यह रकम सरकारी विभागों, प्रदेश के सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम के कार्यालयों और स्थानीय निकायों पर बकाया है।

राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने कहा कि बिजली कंपनियों पर जितना घाटा बताया जा रहा है, उससे ज्यादा का बिजली बिल ही वसूला जाना बाकी है। अगर सरकारी बकाया मिल जाए और बाकी बिल वसूले जा सकें तो बिजली कंपनियां मुनाफे में आ जाएंगी। सबसे ज्यादा सरकारी बकाया उन्हीं बिजली कंपनियों का है, जिनके निजीकरण की तैयारी है। दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम में 5,398 करोड़ रुपये का बिजली बिल सरकारी विभागों ने अदा नहीं किया है। पूर्वांचल में 3,193 करोड़ रुपये का बिजली बिल सरकारी विभाग ने नहीं दिया है यानी, दोनों बिजली कंपनियों में सरकारी विभागों ने 8,591 करोड़ रुपये के बिजली बिल नहीं दिए हैं। यही नहीं, दावा यह भी है कि जब से निजीकरण की बातचीत चल रही है, तब से बिजली कंपनियों पर सरकारी बकाया बेहद तेजी से बढ़ा है। बीते छह महीने में ही सरकारी विभागों पर 4500 करोड़ रुपये के बिजली बिल लंबित हो गया है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा कहते हैं कि औद्योगिक समूहों की नजर इसी सरकारी बकाये पर है। बकायेदार सरकार है तो वह चाहे तो फौरन इसे अदा कर सकती है। चाहे अभी करे या निजीकरण के बाद। अगर अभी यह रकम चुकता कर दी जाए तो निजीकरण की जरूरत नहीं पड़ेगी और अगर निजीकरण के बाद अदायगी होती है तो निजी कंपनियों को लाभ होगा। वह कहते हैं कि प्रदेश में एक लाख 15000 करोड़ रुपये का बिजली बिल बकाया है, जबकि घाटा एक लाख करोड़ रुपये का बताया जा रहा है। अगर लंबित बिजली बिल की ही वसूली हो जाए तो बिजली कंपनियां मुनाफे में आ जाएंगी।

वह कहते हैं कि बजट में सरकारी विभागों के बकाये के भुगतान की व्यवस्था की जा चुकी है। यह पैसा अगर तुरंत मिल जाए तो बिजली कंपनियों की वित्तीय स्थिति ठीक हो जाएगी और अगले दो साल तक कोई दिक्कत नहीं होगी। सभी बिजली कंपनियों के प्रबंध निदेशक आईएएस हैं। अगर वह सरकार से भी अपनी रकम नहीं ले पा रहे तो उनकी दक्षता पर सवाल है। बिजली कंपनी सरकारी बकाया दक्षिणांचल 5,398 करोड़ रुपये पूर्वांचल 3,193 करोड़ रुपये मध्यांचल 3,895 करोड़ रुपये पश्चिमांचल 1,832 करोड़ रुपये केस्को 1,250 करोड़ रुपये कुल 15,569 करोड़ रुपये।

# राज्य सरकार पर्यटन विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्धः जयवीर

163.53 लाख रुपए से बलिया में होगा पर्यटन विकास

सेवादास धाम मंदिर, रामलीला मैदान के विकास से पर्यटन को मिलेगी नई ऊंचाई

संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग प्रदेश के प्राचीन मंदिरों के आसपास पर्यटक सुविधाओं के विकास और सौंदर्यीकरण के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को लेकर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम यूपीएसटीडीसी बलिया के तीन प्रमुख धार्मिक स्थलों के समग्र विकास पर अग्रसर है।

विकास योजनाओं पर 163.53 लाख रुपए की राशि खर्च होगी। परियोजनाओं का उद्देश्य मंदिरों की भव्यता को पुनर्स्थापित कर श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश देश में घरेलू पर्यटन का केंद्र बनकर उभरा है। हाल के वर्षों में राज्य में धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों पर पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

अयोध्या, काशी, मथुरा और प्रयागराज जैसे तीर्थ स्थल श्रद्धालुओं के विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। आगंतुकों का रुझान प्रदेश के नए गंतव्यों की ओर भी है। बलिया टूरिस्ट डेस्टिनेशन में एक है, जहां मंदिरों सहित पर्यटन स्थलों की वृहद श्रृंखला है। प्रदेश सरकार बलिया जिले के सेवादास धाम मंदिर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 60.60 लाख रुपए की लागत से विकास कार्य कराएगी। इस योजना के तहत मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण, बुनियादी सुविधाओं का विस्तार और धार्मिक पर्यटकों के लिए आकर्षक निर्माण कार्य किए जाएंगे।योजना अंतर्गत मंदिर परिसर का व्यापक सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

जिसमें आकर्षक प्रकाश व्यवस्था, शौचालय, पेयजल, विश्राम स्थल जैसी बुनियादी सुविधाओं का निर्माण शामिल है। साथ ही, धार्मिक पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के उद्देश्य से सांस्कृतिक और आध्यात्मिक वातावरण को भी सुदृढ़ किया जाएगा। ज्ञात हो, बलिया का सेवादास धाम मंदिर एक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है। बलिया जनपदवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूर्ण होने जा रही है। नगर के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थल रामलीला मैदान का सौंदर्यीकरण कार्य जल्द शुरू होने जा रहा है। इस कार्य पर 34.23 लाख रुपए की लागत आएगी। धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों का केंद्र रहा यह मैदान अब नए और आकर्षक स्वरूप में नजर आएगा, जिससे न केवल शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि पर्यटन की दृष्टि से यह स्थल महत्वपूर्ण बनेगा। उत्तर प्रदेश के बलिया में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकासखंड बांसडीह की ग्राम सभा मारीटर स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर का पर्यटन विकास कार्य किया जा रहा है। विभागीय योजना के तहत इस पर 68.70 लाख रुपए की लागत आएगी। इससे न केवल मंदिर क्षेत्र का सौंदर्यीकरण होगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को भी नई दिशा मिलेगी। योजना अंतर्गत मंदिर परिसर का जीर्णोद्धार, श्रद्धालुओं के लिए बैठने की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल और स्वच्छता से जुड़ी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इससे स्थानीय लोगों की धार्मिक आस्था को मजबूती मिलेगी, क्षेत्र में पर्यटकों की संख्या में भी बढ़ोतरी की उम्मीद है। पर्यटन विभाग का मानना है कि इस तरह के प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा।

धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में यूपी देश में शीर्ष स्थान पर है। अयोध्या, काशी और मथुरा जैसे तीर्थ स्थल प्रमुख आकर्षण केंद्र बने हुए हैं। 'स्पिरिचुअल ट्रायंगल' ने देश-विदेश के पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित किया है। राज्य सरकार पर्यटन विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। बलिया समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्राचीन मंदिरों के सौंदर्यीकरण और अल्पज्ञात स्थलों के विकास के माध्यम से प्रदेश को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है।

# लखनऊ में डिज़ाइनर ड्रीम नाइट फौसन सो का जलवा, आद्या श्रीवास्तव बनीं रैंप की शान




पंकज सिंह चौहान

**करण वाणी, न्यूज़/ लखनऊ।** लखनऊ के गोल्डन ब्लॉसम होटल में आयोजित हुआ डिज़ाइनर ड्रीम नाइट फौसन सो, जहाँ फैशन और क्रिएटिविटी का खूबसूरत संगम देखने को मिला। इस इवेंट में आए डिज़ाइनर्स और मॉडल्स ने हिस्सा लिया और अपनी डिज़ाइन की हुई पोशाकों के ज़रिए रैंप पर जलवा बिखेरा।

कार्यक्रम की सबसे खास बात रहीं आद्या श्रीवास्तव, जिन्होंने आत्मविश्वास और अंदाज़ के साथ रैंप वॉक कर सबका ध्यान खींच लिया। आद्या की डिज़ाइन की हुई ड्रेस और उनकी प्रस्तुति ने दर्शकों के साथ-साथ जजों का भी दिल जीत लिया।

इवेंट के आयोजकों ने आद्या की सराहना करते हुए कहा कि वह युवा डिज़ाइनर्स और मॉडल्स के लिए प्रेरणा हैं। फैशन की दुनिया में आद्या की यह रैंप वॉक उन्हें एक नया मुकाम दिला सकती है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया और फैशन इंडस्ट्री से जुड़ी हस्तियों ने युवाओं के टैलेंट की सराहना की।

डिज़ाइनर ड्रीम नाइट न केवल एक फैशन शो था, बल्कि ये उन युवाओं का मंच भी बना, जो अपने हुनर से भविष्य को एक नया रंग देना चाहते हैं। आद्या श्रीवास्तव की रैंप पर दमदार मौजूदगी निश्चित रूप से इस इवेंट की सबसे यादगार झलक बन गई।

इस शो में निकिता निगम, अर्चना सिंह, युवराज सिंह, काव्या पंत वह अन्य डिजाइनरों ने हिस्सा लिया।



# भाजपा सरकार में स्मार्ट सिटी में पैसे का खूब हुआ बंदरबांटः अखिलेश

संवाददाता



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में लूट और भ्रष्टाचार चरम पर है। इस सरकार में हर विभाग और हर कार्य में भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी है। भाजपा सरकार ने स्मार्ट सिटी के नाम पर बजट का जमकर बंदरबांट किया है। राजधानी लखनऊ समेत भाजपा सरकार द्वारा घोषित स्मार्ट शहरों का बुरा हाल है। जगह-जगह गड्ढे हैं।

गड्ढों में पानी और जलभराव से लोगों का जनजीवन खतरे में है। अखिलेश ने रविवार को जारी बयान में कहा है कि नालों में गिर कर लोगों की मौतें हो रही हैं। प्रयागराज में 20 हजार करोड़ खर्च करने के बाद प्रयागवासियों को जलभराव के सिवा और क्या मिला है? भ्रष्टाचार के गहरे गड्ढों में भरा पानी भाजपाई घपलों-घोटालों के गोरखधंधे का भंडाफोड़ करता है।

स्मार्ट सिटी की संकल्पना पर पानी फेरने वाले भाजपाई अपनी नाव लेकर कहां गायब हो गए है? प्रदेश के कई जिलों में बाढ़ की विस्फोटक स्थिति है। प्रयागराज से लेकर वाराणसी तक हजारों लोगों के घरों में पानी भरा है। बाढ़ से निपटने और बचाव तथा राहत के लिए सरकार की पहले से कोई तैयारी नहीं है। जनता बेहाल है। भाजपा सरकार के इंजन जनहित में कार्य करने के बजाय अपने-अपने स्वार्थ साधने में लगे है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के दर्जनों जिले प्रयागराज, मिर्जापुर, बांदा, हमीरपुर, जालौन, औरैया, वाराणसी, आगरा, इटावा, फतेहपुर, कानपुर देहात, बलिया नदियों का जलस्तर बढ़ने और बारिश से बाढ़ की चपेट में है। लाखों की आबादी प्रभावित है। किसानों की फसलें डूब कर नष्ट हो गई। बाढ़ से आमजन, पशुधन प्रभावित है। सरकार की लापरवाही और अकर्मण्यता के कारण पीड़ितों को कोई मदद नहीं मिली। सरकार ने आम जनता को उसके हाल पर छोड़ दिया है। आम जनता, किसान भाजपा सरकार के रवैये से निराश है। जनता भाजपा से आजिज आ चुकी है।

## नई सहकारी नीति के फायदे गिनाए

**लखनऊ।** केंद्र सरकार की ओर से नई सहकारी नीति 2025 लागू किए जाने पर सहकार भारती उप्र. की बैठक हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार सिंह ने बताया कि भारत में प्रथम राष्ट्रीय सहकारी नीति 2002 में आई। इसी क्रम में बहुराज्यीय सहकारी समिति 2002 में बनी, जिसके अंतर्गत सहकारी आंदोलन के विकास में उतार-चढ़ाव आता रहा। उन्होंने बताया कि सहकारी क्षेत्र का जीडीपी में तीन गुना योगदान करना, सहकारी समितियों की संख्या में 30 फीसदी बढ़ोतरी की योजना है। बैठक में प्रदेश महामंत्री अरविंद दुबे, प्रदेश उपाध्यक्ष डीपी पाठक, कैलाश नाथ निषाद, शिवेंद्र प्रताप सिंह, सुरेंद्र सिंह चौहान, सतीश कुमार दीक्षित, डॉ. सत्येंद्र त्रिपाठी आदि रहे।

# सपा सरकार में बाढ़ नियंत्रण का पैसा सपाई खा जाते थेः केशव प्रसाद

संवाददाता



**लखनऊ।** प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर जमकर हमला बोला है। केशव प्रसाद ने सोशल मीडिया एक्ट पर लिखा है कि अखिलेश यादव एंड कंपनी सिर्फ बयानबाज़ी में माहिर है। सपा की अखिलेश यादव की सरकार के समय बाढ़ राहत का पैसा और सामग्री भ्रष्टाचारी सपाई गुंडे अपराधी खा जाते थे,जनता ये भूली नहीं है। उन्होंने कहा है कि प्राकृतिक आपदा से कोई नहीं लड़ सकता, लेकिन सरकार और भाजपा के कार्यकर्ता बाढ़ पीड़ितों की हर संभव मदद और सेवा में जुटे हैं। सरकार और भाजपा की सेवा से जनता संतुष्ट है। सपा कुछ भी कर ले, 2047 तक सपा सरकार असंभव है। जनता भाजपा के साथ थी, है और रहेगी। कहो दिल से, कमल का फूल फिर से, 2027 में 2017 दोहराएंगे। उन्होंने कहा कि सपा बहादुर अखिलेश यादव अपने को मुसलमानों का सबसे बड़ा रहनुमा समझते हैं। उनकी ख्वाहिश रहती है कि मुसलमानों से जुड़े मसलों पर उनकी रायशुमारी ज़रूरी है। लेकिन अभी तक ये मालूम नहीं था कि आतंकवादियों का काम तमाम करने के मामले में भी उनसे तारीख़ और समय पूछा जाना चाहिए। वैसे, दंगाइयों के प्रति उनका रूख हमेशा नरम रहा है। सपा बहादुर उनका रुतबा बढ़ाने के लिए अपने शासन में उनको हेलीकॉप्टर सेवा भी मुहैया कराते थे।

# 19 डिप्टी एसपी बनेंगे एएसपी

**लखनऊ।** वर्ष 2006 से 2012 बैच के 19 डिप्टी एसपी जल्दी ही अपर पुलिस अधीक्षक पद पर प्रोन्नत हो जाएंगे। इसके लिए डीपीसी हो गई है। 29 डिप्टी एसपी का नाम डीपीसी के लिए गया था लेकिन इनमें 19 डिप्टी एसपी को प्रोन्नत करने पर ही सहमति बनी है। अब इनके नाम अनुमोदन के लिए मुख्यमंत्री के पास भेजे जाएंगे।

उधर, उन पीपीएस अफसरों में रोष है जो डिप्टी एसपी हैं लेकिन उनकी नौकरी के 12 साल पूरा न होने पर उन्हें प्रोन्नति नहीं दी जा रही है। पीपीएस एसोसिएशन को ये अफसर कई बार कह चुके हैं कि इस बाधा को दूर कराया जाए क्योंकि विभाग में एएसपी के कई पद रिक्त चल रहे हैं। कुछ समय पहले 12 साल के नियम को शिथिल करने के लिए प्रस्ताव शासन को गया था लेकिन उसे स्वीकृति नहीं मिली थी।

# आठ सपर स्पेशल ट्रेनों का संचालन 17 तक बढ़ा

संवाददाता

**लखनऊ।** रेलवे ने आठ समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन 17 अगस्त तक बढ़ा दिया है। पूर्व निर्धारित समय सारिणी के अनुसार इनमें से सात का संचालन जुलाई तक और एक का एक अगस्त तक था। उत्तर रेलवे के सीपीआरओ हिमांशु शेखर उपाध्याय के अनुसार जिन ट्रेनों की संचालन अवधि को बढ़ाया गया है, उनमें गया-दिल्ली-गया समर स्पेशल शामिल है। यह गया से रविवार को छोड़ कर सप्ताह के सभी छह दिन चलती है। दिल्ली से यह सोमवार को नहीं चलती। गया से यह 15 और दिल्ली से 16 अगस्त तक चलेगी। सप्ताह में एक बार चलने वाली ट्रेनों में गया-आनंद विहार-गया को गया से 10 और आनंद विहार से 11 अगस्त तक, दानापुर-आनंद विहार-दानापुर को दानापुर से 10 और आनंद विहार से 11 अगस्त तक, राजगीर-हरिद्वार-राजगीर को राजगीर से 15 और हरिद्वार से 16 अगस्त तक, राजगीर-उधमपुर-राजगीर को राजगीर से 11 और उधमपुर से 13 अगस्त तक और मुजफ्फरपुर-आनंद विहार-मुजफ्फरपुर समर स्पेशल को मुजफ्फरपुर से 9 और आनंद विहार से 10 अगस्त तक बढ़ा दिया गया है। 15 दिन में एक बार चलने वाली धनबाद-जम्मूतवी-धनबाद को धनबाद से 12 और जम्मू से 13 अगस्त तक और धनबाद-चंडीगढ़-धनबाद समर स्पेशल को धनबाद से 15 अगस्त और चंडीगढ़ से 17 अगस्त तक बढ़ा दिया गया है।

# ऐशबाग ईदगाह में लगा चिकित्सा शिविर

**लखनऊ।** मानवता की बुनियाद समाज सेवा के जज्बे से होती है। खुदा पाक के बच्चों की सेवा करना बहुत अच्छा काम है जो हर इंसान को व्यक्तिगत एवं सामूहिक तौर पर समाज के लिए करना चाहिए। ये बाते इमाम ईदगाह लखनऊ मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने ऐशबाग ईदगाह में इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया, मेदांता हास्पिटल और काइंड हास्पिटल की ओर से लगे निःशुल्क चिकित्सा शिविर में कहीं। मौलाना ने बताया कि इस्लामिक सेंटर के अन्तर्गत हर महीने के पहले रविवार को चिकित्सा कैम्प लगता है जिसमें निःशुल्क चश्में दिए जाते हैं, साथ ही ब्लड प्रेशर, थायरायड, स्त्री रोग आदि की जांच निःशुल्क होती है। आंखों के मरीजों की जांच के साथ निःशुल्क चश्में वितरित किए गए। इस मौके पर चिकित्सक डा. शारिक हारुन निजामी, मौलाना गुफरान अहमद शम्सी, मौलाना हारून निजामी, मौलाना सूफियान निजामी, मुनीब अलवी, शेख राशिद अली मिनाई, कारी मो हारुन समेत अन्य मौजूद रहे।

# कार्यालय का उद्घाटन समारोह एवम संगोष्ठी का आयोजन हुआ

संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ खण्ड स्नातक प्रत्याशी प्रोफेसर आर्किटेक्ट सुनील कुमार श्रीवास्तव के कार्यालय का उद्घाटन समारोह सहारा शापिंग सेंटर नियर लेखराज मेट्रो,में महर्षि विद्या मंदिर के प्रबंधक अनूप श्रीवास्तव के द्वारा फीता काट कर किया गया। अनूप श्रीवास्तव,उमेश श्रीवास्तव,डाक्टर इन्द्र सेन श्रीवास्तव को पटका पुष्प गुच्छ भेंट सम्मानित किया गया कार्यालय के उद्घाटन समारोह के बाद संगोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें कायस्थ समाज उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शेखर कुमार ने प्रत्याशी प्रोफेसर आर्किटेक्ट सुनील के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ साथ सभी से अनुरोध किया कि सभी लोग ज्यादा से ज्यादा संख्या में वोटर बनाने की प्रक्रिया और तीर्व करें,संगोष्ठी में सभी ने अपने अपने विचारों को रखते हुए वोटर बनाने की प्रक्रिया में और तेजी लाने का संकल्प लिया आज की संगोष्ठी में अध्यक्ष शेखर कुमार ने दिव्यांश श्रीवास्तव को प्रदेश अध्यक्ष युवा घोषित किया और सभासद प्रत्याशी व प्रदेश अध्यक्ष महिला सुनीता श्रीवास्तव को पुर्व तीन महीनों में कि गए उत्कृष्ट कार्य के लिए पगड़ी,पटका पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में सभी सम्मानित सहयोगियों व पदाधिकारियों ने लखनऊ नगर निगम के बीस वार्डो में कायस्थ समाज के प्रत्याशीयों को लड़ाने का हर्षध्वनि के साथ पुनः संकल्प लिया। समारोह में विभिन्न समितियों के पदाधिकारियों व गणमान्य विभूतियों में अम्रिता खरे,मुनेन्द्र,आलोक भटनागर, राकेश रंजन,प्रकाश जी, सर्वेश,संजय,दिव्यांश,शरद, दिनेश खरे, विरेन्द्र निगम, आनन्द प्रकाश,पंकज, एडवोकेट अज्जू श्रीवास्तव, सचिनराज कुमार,कमल कुमार,संजीव सक्सेना,मोहित,राम जी,आमोद,संजय श्रीवास्तव सहित काफी संख्या में भागीदारी सुनिश्चित की।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रो. अजय वर्मा लोहिया संस्थान में बने एचओडी

**लखनऊ।** केजीएमयू में रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के डॉ. अजय वर्मा अब लोहिया संस्थान में अपनी सेवाएं देंगे। डॉ. अजय वर्मा को डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग में प्रोफेसर पद पर नियुक्त किया गया है।डॉ. अजय वर्मा ने शुक्रवार को लोहिया संस्थान में कार्यभार संभाल लिया। लोहिया संस्थान के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग में प्रोफेसर न होने की वजह से डॉ. अजय वर्मा विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालेंगे। लोहिया संस्थान में सुबह कार्यभार ग्रहण करने के बाद शाम को केजीएमयू में उन्हें विदाई दी गयी।

### शक्ति का शंखनाद पदयात्रा निकाली गई

**लखनऊ।** भारतीय नारी की अस्मिता पर अपमानजनक टिप्पणी करने वालों के विरोध में शुक्रवार को सरोजनी नगर में शक्ति का शंखनाद पदयात्रा निकाली गई। यह पदयात्रा बंगला बाजार चौराहा से शुरू होकर बंगला बाजार पुलिस चौकी तक पहुंची। इस पदयात्रा में सैकड़ों पुरुष और महिलाएं शामिल हुए। सरोजनी नगर के विधायक डॉक्टर राजेश्वर सिंह ने भी इस पदयात्रा में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय नारी के सम्मान की रक्षा और उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियों का विरोध करना था। पदयात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने नारी सम्मान के पक्ष में नारे लगाए। यह आयोजन स्थानीय समुदाय द्वारा नारी शक्ति के प्रति सम्मान दिखाने का एक प्रयास था।

### एलयू का 68वां दीक्षांत समारोह 10 सितंबर को

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय का 68वां दीक्षांत समारोह 10 सितंबर को होगा। समारोह में चांसलर मेडल सहित टॉप 5 कैटेगरी में मेधावियों को सम्मानित किया जाएगा। इन कैटेगरी में अवॉर्ड के लिए आवेदन मांगे गए हैं, जिसकी लास्ट डेट 20 अगस्त है। दीक्षांत समारोह को लेकर होने वाली तैयारियों को तेज कर दी गई है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी की तरफ से पांच श्रेणियों में चांसलर मेडल, चक्रवर्ती मेडल, वीसी मेडल, काली प्रसाद मेडल और रुचिराम मेडल दिए जाने का नोटिफिकेशन जारी किया गया है। इसके तहत सभी डीन और एचओडी को पत्र भी भेज दिए गए हैं। प्रमुख पदकों और पुरस्कारों के लिए सूची मांगी गई है। सूची मिलने के बाद स्क्रीनिंग कमेटी दावेदारों की जांच करेगी। साथ ही आवेदकों का साक्षात्कार भी होगा।

### राज्यपाल से नए चीफ सेक्रेटरी एसपी गोयल ने की भेंट

**लखनऊ।** यूपी के नए चीफ सेक्रेटरी एसपी गोयल आज राजभवन पहुंचे। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से आज राजभवन में नवनियुक्त मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शशि प्रकाश गोयल ने शिष्टाचार भेंट की।

### दो पीसीएस अफसरों का तबादला

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने दो पीसीएस अफसरों की तैनाती में फेरबदल किया है। एसडीएम मोहम्मद असलम को अब सहायक निदेशक स्थानीय निकाय निदेशालय लखनऊ बनाया गया है। वहीं एसडीएम अम्बेडकर नगर सदानन्द सरोज को एसडीएम शाहजहांपुर बनाया गया है।

### सरकारी जमीनों से अवैध कब्जा हटाया

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के सरोजनी नगर तहसील प्रशासन ने शुक्रवार को अवैध कब्जों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। तहसील क्षेत्र के बेहटा गांव में प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा अवैध रूप से प्लाटिंग कर कब्जाई गई चरागाह की जमीन को मुक्त कराया गया। तहसील अधिकारियों के अनुसार, बेहटा स्थित खसरा संख्या 374, रकबा 0.117 हेक्टेयर जमीन राजस्व अभिलेखों में चरागाह के रूप में दर्ज है। इस भूमि पर प्रॉपर्टी डीलरों ने अवैध कब्जा कर प्लाटिंग शुरू कर दी थी। जानकारी मिलने पर शुक्रवार को विशेष अभियान चलाया गया। सरोजनी नगर एसडीएम अंकित शुक्ला के निर्देशन में तहसीलदार सुखवीर सिंह ने राजस्व टीम गठित की। नायब तहसीलदार आस्था पांडेय के नेतृत्व में कानूनगो समर बहादुर सिंह, क्षेत्रीय लेखपाल और पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन से जमीन को कब्जा मुक्त कराया। अधिकारियों ने बताया कि कब्जा करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बेहटा में मुक्त कराई गई जमीन की कीमत लगभग 30 लाख रुपए है। इसके अलावा, सरोजनी नगर तहसीलदार सुखबीर सिंह के अनुसार अमौसी स्थित साईं सुरक्षा नगर में भी तालाब में दर्ज गाटा 2018, रकबा 0.630 हेक्टेयर भूमि के आंशिक भाग 0.101 हेक्टेयर पर अतिक्रमण था। राजस्व टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में इसे भी अतिक्रमण मुक्त करा लिया। इस जमीन की बाजारू कीमत 26,15,900 रुपये आंकी गई है। दोनों स्थानों पर कब्जा मुक्त कराई गई सरकारी जमीन की कुल कीमत लगभग 56 लाख रुपए है।

### महिलाएं घर-घर वसूलेंगी टैक्स

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में अब जलकल विभाग के टैक्स की वसूली स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं करेंगी। इसके लिए विभाग ने महिलाओं को ट्रेनिंग दे दी है। नगर निगम के हर जोन में 4 महिलाएं टैक्स वसूली अभियान चलाएंगी। अब डूडा की स्वयं सहायता समूह की महिलाएं घर-घर जाकर जलकल टैक्स इकट्ठा करेंगी। शहर के 8 जोन में 2-2 वार्ड चुने गए हैं। हर वार्ड से 2-2 महिलाएं टैक्स वसूली के लिए प्रतिनियुक्त की गई हैं। कुल 32 महिलाएं काम करेंगी। ये महिलाएं एम-पॉश मशीन से टैक्स लेंगी और डिजिटल रसीद देंगी। इससे टैक्स जमा करना आसान और पारदर्शी होगा। शुक्रवार को जलकल विभाग के महाप्रबंधक कुलदीप सिंह की बैठक में इन महिलाओं को मशीन चलाने और टैक्स नियमों की जानकारी दी गई। हर वार्ड में 2 महिलाएं घर-घर जाकर टैक्स वसूलेंगी और ऑनलाइन रिकॉर्ड अपडेट करेंगी। इससे बकाया टैक्स जल्दी जमा होगा। कुलदीप सिंह ने बताया कि अगर यह योजना सफल रही तो इसे और बढ़ाया जाएगा। अधिकारियों को महिलाओं की मदद और सुरक्षा के लिए कहा गया है।

### डायलिसिस के दौरान मरीज की नस फटी

**लखनऊ।** लखनऊ के डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में डायलिसिस के दौरान मरीज के दिमाग की नस फट जाने से मौत हो गई। मरीज किडनी ट्रांसप्लांट के लिए भर्ती कराया गया था। परिजनों ने आरोप लगाया है कि डायलिसिस में डॉक्टरों ने लापरवाही की है। संस्थान प्रशासन ने जांच की बात कही है। इंदिरा नगर सेक्टर-11 के रहने वाले सिद्धार्थ राय (36) किडनी फेल्योर से पीड़ित थे। पिछले 2 साल से डालीगंज के केके अस्पताल में उनके डायलिसिस की प्रक्रिया चल रही थी। भाई राहुल ने बताया डॉक्टरों की सलाह पर किडनी ट्रांसप्लांट कराने का फैसला लिया था। मृतक के भाई ने बताया जनवरी में वे लोग सिद्धार्थ को लेकर लोहिया संस्थान पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने उन्हें ट्रांसप्लांट के लिए 23 जुलाई की तारीख दी। राहुल के मुताबिक सिद्धार्थ को 20 जुलाई को लोहिया संस्थान के यूरोलॉजी वार्ड के कैटीय डिपार्टमेंट के बेड नंबर-2 पर भर्ती कराया गया। डॉक्टरों की निगरानी में डायलिसिस की प्रक्रिया शुरू हुई। आरोप है डायलिसिस शुरू होते ही सिद्धार्थ का ब्लड प्रेशर बढ़ने लगा, इसके बावजूद डॉक्टर ने इसे हल्के में लेते हुए डायलिसिस को जारी रखा। इससे मरीज के दिमाग की नस बीपी बढ़ने की वजह से फट गई और वह कोमा में चला गया। आरोप है इसके बावजूद अस्पताल प्रशासन ने मरीज को यूरोलॉजी वार्ड से हटाकर न्यूरो वार्ड में शिफ्ट नहीं किया। वह उन्हें यूरोलॉजी वार्ड में ही रखे रहे। लापरवाही के चलते मरीज की जान चली गई। मृतक के भाई राहुल के मुताबिक, मरीज के मौत के समय उनकी बहन मौके पर थीं। उसे मौत की जानकारी 9.20 बजे दी गई। इसके बाद डॉक्टरों ने सभी उपकरण उनके शरीर से अलग कर दिए थे। लेकिन, जब उन्हें अस्पताल से मृत्यु प्रमाणपत्र दिया गया तो उसमें सुबह 9.50 का समय अंकित किया गया। भाई राहुल ने मामले की शिकायत उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से करने की बात कही है। लोहिया संस्थान के प्रवक्ता डॉ. भुवन तिवारी ने बताया कि मरीज को किडनी ट्रांसप्लांट के लिए भर्ती किया गया था। करीब 2 साल से रेगुलर डायलिसिस हो रहा था। ट्रांसप्लांट से पहले उसे भर्ती किया गया। रूटीन चेकअप किया जा रहा था। इस दौरान उसका डायलिसिस भी होना था। डायलिसिस के दौरान ही अचानक से उसका बीपी शूट हुआ। इसके चलते ब्रेन हैमरेज और फिर मौत हो गई। अभी मौत की असल वजह आनी बाकी है। गहन जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।

# बारिश में बिना छाता, बिना एस्कॉर्ट निकले ऊर्जा मंत्री

### 1912 शिकायत निवारण केंद्र और विद्युत उपकेंद्र का किया औचक निरीक्षण

### बहराइच में उपभोक्ता की शिकायत पर लाइनमैन को किया बर्खास्त

संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने साबित कर दिया कि वे प्रदेश में विद्युत सेवाओं को पारदर्शी, जवाबदेह और उपभोक्ता हितैषी बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आज शुक्रवार को लखनऊ में तेज बारिश हो रही थी, उस समय बिना किसी पूर्व सूचना, बिना छाते, बिना सुरक्षा एस्कॉर्ट और बिना प्रोटोकॉल के मंत्री स्वयं निरीक्षण पर निकल पड़े। श्री शर्मा सीधे पहुंचे 1912 शिकायत नियंत्रण कक्ष, वे बिना किसी औपचारिकता के अंदर गए और व्यवस्था की जमीनी हकीकत को परखा। निरीक्षण के दौरान जब वे नियंत्रण कक्ष में मौजूद थे, उसी समय बहराइच जिले के रणजीतपुर सब स्टेशन के अंतर्गत गंडेरियन पुरवा गाँव से एक उपभोक्ता का महिला कर्मी ने टोल फ्री के अंतर्गत कॉल रिसीव किया गया। उपभोक्ता ने बताया कि उनके यहाँ का बिजली कनेक्शन एक लाइनमैन ने काट दिया है और दो हजार रुपये की मांग कर रहा है। मंत्री ने तुरंत पूछताछ की और निर्देश दिए कि ऐसी घटनाएं बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। लाइनमैन श्री नेपाली को तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। ऊर्जा मंत्री विधानसभा क्षेत्र के 33ध्11 केवी उपकेंद्र पहुंचे, उन्होंने वहां तैनात कर्मियों से बातचीत की और जाना कि क्षेत्र में कितनी शिकायतें लंबित हैं, उनका किस तरह से निस्तारण हो रहा है और किन स्तरों पर बाधाएं आती हैं। कई शिकायतों को निस्तारित करने में अनावश्यक विलंब हो रहा है, जिसकी वजह से उपभोक्ताओं को परेशानी होती है। मंत्री ने निर्देश दिया कि दुर्घटना, भ्रष्टाचार, बार-बार की शिकायत, संवेदनशील उपभोक्ता, वीआईपी कॉल या तकनीकी बाधाओं से जुड़ी समस्याओं को 'विशेष फ्लैगिंग कैटेगरी' में चिन्हित किया जाए और उनका समाधान तत्काल प्राथमिकता पर किया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसी शिकायतों की निगरानी उच्च स्तर पर होनी चाहिए ताकि कोई भी उपभोक्ता उपेक्षा का शिकार न हो।1912 टोल फ्री सेवा की समीक्षा करते हुए मंत्री ने वहाँ कार्यरत अधिकारियों, कॉल रिसीवरों और कंट्रोल रूम प्रभारी से विस्तार से चर्चा की। यह सेवा आम जनता और विभाग के बीच सेतु है और इसका जवाबदेह, पारदर्शी और तकनीकी रूप से मजबूत होना अत्यंत आवश्यक है। हमारे लिए उपभोक्ता सर्वोपरि हैं। मैं यह संकल्प ले चुका हूं कि बिजली विभाग में भ्रष्टाचार, ढिलाई और उपेक्षा को खत्म करके एक उत्तरदायी और पारदर्शी प्रणाली तैयार करूंगा। जब तक यह विभाग जनहित की भावना से नहीं चलेगा, तब तक हम चैन से नहीं बैठेंगे।

# मैं बेगुनाह, मैंने धर्मांतरण नहीं कराया, 60 लाख न देने पर फंसाया

### छांगुर बाबा बोला

संवाददाता



**लखनऊ।** अवैध धर्मांतरण और फंडिंग मामले में गिरफ्तार जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा ने शुक्रवार को मीडिया के कई सवालों के जवाब दिए। कहा, मैंने एक भी धर्मांतरण नहीं कराया है। सभी आरोप झूठे हैं। उसने जोर देकर दो बार कहा, मैं बेगुनाह हूं। छांगुर ने तीन नाम लिए और उन पर गंभीर आरोप लगाए। कहा, वसीउद्दीन, मोहम्मद अहमद और संतोष सिंह मुझे फंसा रहे हैं। वे लोग 60 लाख रुपए की मांग कर रहे हैं। मैंने कुछ नहीं किया है। मैं बेगुनाह हूं। मैंने किसी का धर्म परिवर्तन नहीं कराया है। जो लोग भी मेरे खिलाफ बोल रहे हैं, वो पैसा ले-लेकर बोल रहे हैं। छांगुर बाबा को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 5 दिन की कस्टडी रिमांड पर लिया था, जिसकी अवधि आज खत्म हो गई। 5 दिनों से ईडी की टीम लखनऊ में उससे लगातार पूछताछ कर रही थी, लेकिन छांगुर ने अधिकतर सवालों पर चुप्पी साधे रखी। ईडी सूत्रों के मुताबिक, रिमांड के चौथे दिन जब उससे दुबई यात्राओं, विदेशी फंडिंग और नीतू उर्फ नसरीन के साथ उसके संबंधों को लेकर सवाल किए गए तो उसने गोलमोल जवाब दिया। आज शुक्रवार को रिमांड खत्म होने के बाद ईडी छांगुर को कोर्ट में पेश किया। छांगुर ने पूछताछ में कबूला है कि उसकी संस्था को पाकिस्तान समेत कई विदेशी सोर्स से आर्थिक मदद मिली थी। हालांकि, उसने यह भी दावा किया कि यह मदद गरीबों की सेवा और धर्म प्रचार के लिए थी। उसने अपनी दुबई यात्राओं का जिक्र करते हुए बताया, टिकट और अन्य इंतजाम उसके सहयोगियों ने किए थे। छांगुर ने यह भी कहा कि नीतू को उसने धर्मांतरण के लिए ट्रेनिंग दी थी। वह उसी काम को आगे बढ़ा रही थी। ईडी के सवाल पर कि उसके नाम पर संपत्ति क्यों खरीदी गई, छांगुर ने सफाई दी कि वह उस पर भरोसा करता था और नीतू काम में सहयोगी थी।

## बलरामपुर अस्पताल में रक्तदान शिविर

**लखनऊ।** ऑल इंडिया पयाम ए इंसानियत फोरम द्वारा आज बलरामपुर अस्पताल लखनऊ में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्त दान शिविर में मदरसा नदवा तुल उलेमा लखनऊ के 50 छात्रों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आर. के. चतुर्वेदी (आई.जी) ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि किसी भी इंसान की फिक्र करना और उस के सुख-दुख में काम आना यह पुण्य का काम है। हमारे देश में हर साल न जाने कितने ही लोग, सिर्फ समय पर रक्त न मिल पाने की वजह से अपनी जा गवां बैठते हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया के हर धर्म में सबसे बड़ा मानवता का धर्म है और ये संस्था सही मायने में इस कहावत को चरितार्थ कर रही है। इस अवसर पर सैय्यद अब्दुल अली हसनी नदवी ने कहा कि छात्रों ने रक्त दान कर मानवता के प्रति एक सच्ची मिसाल कायम की है। हमें लोगों को रक्त दान के प्रति ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है।

## 9 एमएम पिस्टल से फायरिंग कर फरार हुआ बदमाश गिरफ्तार

संवाददाता




**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के चिनहट थाना क्षेत्र में जानलेवा फायरिंग के मामले में फरार चल रहे शातिर अपराधी मानस मिश्रा को पुलिस ने आखिरकार दबोच लिया। एमिटी पुल के पास से गिरफ्तार हुए अभियुक्त के पास से 9 एमएम की अवैध पिस्टल, दो मैग्जीन और 10 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं।

पुलिस अब उसके बाकी साथियों की तलाश में जुटी है। थाना चिनहट क्षेत्र में 30 जून 2025 को फायरिंग की एक बड़ी घटना हुई थी, जिसमें जान से मारने की नियत से गोली चलाई गई थी। इस मामले में पीड़ित विकास कुमार तिवारी की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। इनमें से दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अब इस मामले में तीसरे अभियुक्त मानस मिश्रा को एमिटी पुल के पास से पुलिस ने 1 अगस्त को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में मानस ने अपने जुर्म कबूल किए और पुलिस को उसके कमरे से 9 एमएम की प्रतिबंधित अवैध पिस्टल, दो मैग्जीन और 10 जिंदा कारतूस भी मिले हैं। बरामदगी के आधार पर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की अतिरिक्त धाराएं भी जोड़ दी गई हैं। मानस मिश्रा कोई नया नाम नहीं है। चिनहट थाने में उस पर पहले से तीन गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें विस्फोटक अधिनियम से लेकर जानलेवा हमले और फायरिंग तक के मामले शामिल हैं।

# एटीएम धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

### कार्ड बदलकर निकाल लेता था रुपए

संवाददाता



**लखनऊ।** मानक नगर पुलिस ने एटीएम धोखाधड़ी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वह एटीएम कार्ड बदलकर या छूटे हुए कार्ड से रुपए निकाल लेता था। पीड़ित श्रीराम त्रिपाठी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि एटीएम से पैसे निकालते समय उनका कार्ड मशीन में फंस गया था। बाद में किसी ने उनके खाते से एक लाख रुपए निकाल लिए।

मामले की जांच के लिए पुलिस ने एक टीम गठित की। सीसीटीवी फुटेज की जांच और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी रंजीत यादव उर्फ सुधीर को मानकनगर रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी 36 वर्षीय रंजीत यादव अमेठी जिले के जामो थाना क्षेत्र का रहने वाला है। पकड़े गए आरोपी पर रायबरेली, अमेठी, लखनऊ में कई केस दर्ज हैं। आरोपी के पास से पुलिस ने 10 प्लास्टिक की पट्टियां, 2 कटर, 1 सफेद टेप, 6 फेवी क्विक, 5 एटीएम कार्ड, 2 पेचकस, की-पैड वाला मोबाइल फोन और चोरी किए गए एक लाख रुपयों में से बचे 6,500 रुपए बरामद किए।

इसके अलावा एक बाइक भी बरामद हुई, जिसके कागजात नहीं होने पर उसे एमवी एक्ट के तहत सीज कर दिया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपने साथियों बब्लू और दिनेश के साथ एटीएम मशीनों के आसपास घूमता रहता था। वे एटीएम मशीन के कार्ड स्लॉट में फेवी क्विक लगा देते थे। जब कोई व्यक्ति एटीएम कार्ड डालता और पिन कोड दर्ज करता, तो वे आसपास से उसका पिन कोड देख लेते थे। जब व्यक्ति अपना कार्ड निकालने की कोशिश करता, तो कार्ड फेवी क्विक में फंस जाता था। इस दौरान आरोपी मदद करने के बहाने आते और थोड़ी ताकत लगाकर कार्ड निकाल लेते थे।

इस दौरान वे चालाकी से असली कार्ड के बदले फर्जी कार्ड दे देते थे। फिर दूसरी जगह जाकर असली कार्ड से पैसे निकाल लेते थे। आरोपी कुछ एटीएम कार्ड फेंक देते थे और कुछ अपने पास रख लेते थे ताकि अगली वारदात में उनका इस्तेमाल कर सकें।

# सपा से छीनी से जाएगी मुलायम की कोठी

### सरकार का 30 दिन में खाली करने का फरमान

संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने मुरादाबाद में समाजवादी पार्टी को आवंटित की गई सरकारी कोठी को खाली करने का आदेश जारी किया है। कोठी 1994 में तत्कालीन मुख्यमंत्री और सपा संस्थापक मुलायम सिंह को 250 रुपये प्रति माह किराए पर आवंटित की गई थी। मुरादाबाद जिला प्रशासन ने पार्टी की स्थानीय इकाई को एक महीने के अंदर यह कोठी खाली करने का आदेश जारी किया है। कोठी मुरादाबाद के प्रतिष्ठित सिविल लाइंस क्षेत्र में ग्राम छावनी के समीप स्थित है, जहां पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज सहित कई प्रमुख सरकारी संस्थान मौजूद हैं। 1000 स्क्वायर मीटर में फैली कोठी में वर्तमान में समाजवादी पार्टी का जिला कार्यालय है। कोठी पर राज्य सरकार का मालिकाना हक है और राजस्व अभिलेखों में सरकारी संपत्ति के रूप में दर्ज है। मुरादाबाद जिला प्रशासन के अनुसार मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद कोठी का नामांतरण नहीं कराया गया था। नियम के मुताबिक सरकारी आवंटन के मूल लाभार्थी की मृत्यु ल पर संपत्ति का नामांतरण अनिवार्य होता है। यह प्रक्रिया पूरी नहीं की गई इसलिए प्रशासन ने आवंटन रद्द कर दिया। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने राज्य सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप निर्णय लिया है। अधिकारियों के अनुसार विभिन्न विभागों की आवश्यकताओं और सरकारी योजनाओं के सुचारु क्रियान्वयन के लिए भूमि और भवन की मांग लगातार बढ़ रही है। विशेष रूप से अधिकारियों के आवास विस्तार के मद्देनजर, यह कोठी सरकार द्वारा वापस लेने का निर्णय लिया गया है।प्रशासन की ओर से की जा रही कार्रवाई से समाजवादी पार्टी के स्थानीय नेता खासे नाराज हैं।

# पुलिस एनकाउंटर में एक बदमाश ढेर

### एक करोड़ की लूटी गई चांदी बरामद

संवाददाता



**लखनऊ।** मथुरा-आगरा हाईवे पर 75 किलो चांदी लूटने के आरोपियों से पुलिस की बीती गुरुवार-शुक्रवार की रात को हाईवे के समीप रैपुरा जाट के निकट मुठभेड़ में एक बदमाश ढेर हो गया, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है।

पुलिस ने मथुरा जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। बदमाशों के कब्जे से लूटी गई एक करोड़ की पूरी चांदी बरामद कर ली है. मथुरा में सौंख अड्डा निवासी हरिओम सोनी के पुत्र कन्हैया, गौरव का सराफा का कारोबार है। उनकी एक दुकान आगरा स्थित नमक की मंडी में भी है। मंगलवार शाम करीब 6रू45 बजे नमक की मंडी आगरा से अपनी दुकान बंद कर दोनों भाई कन्हैया और गौरव अपनी स्विफ्ट डिजायर कार से मथुरा के लिए चले। कार को उनका जयसिंहपुरा निवासी शब्बीर चला रहा था। रास्ते में कहीं से बदमाश उनके पीछे लग गए। आगरा-मथुरा हाईवे पर हिन्दुस्तान कॉलेज पार करते ही भीमनगर पुलिया के निकट शाम करीब 7रू45 बजे अंधेरा देख एक बोलेरो ने उन्हें ओवरटेक किया और व्यापारियों की कार के आगे तिरछी लगा दी। बोलेरो को इस तरह आगे आता देख ड्राइवर शब्बीर ने अपनी गाड़ी साइड में गाड़ी दबा दी। इसी दौरान तीन-चार बाइकों पर सवार बदमाशों ने उनकी गाड़ी को घेर लिया। बदमाशों ने तमंचे निकाल लिए और व्यापारियों को धमकाते हुए व्यापारियों की गाड़ी से चांदी निकालकर अपनी गाड़ी में डाल ली। बदमाशों ने दोनों व्यापारी भाई कन्हैया और गौरव को अपनी गाड़ी में डाल लिया। बदमाशों ने शब्बीर को वहीं छोड़ा और व्यापारियों की कार लॉक कर उसकी चाबी अपने कब्जे कर भाग निकले। शब्बीर मौके पर ही रह गया। बदमाश शब्बीर का मोबाइल तोड़ गए। लूटपाट करने और व्यापारियों को उठाकर बदमाशों की गाड़ी फरह-अछनेरा रोड पर भागी। बदमाशों ने फरह-अछनेरा रोड पर पचौरी गढ़ी के निकट बदमाशों ने कार को धीमा किया और कन्हैया और गौरव को गाड़ी से फेंककर भाग निकले। बदमाश दोनों व्यापारियों के मोबाइल भी तोड़ गए, जिससे वे फोन न कर सकें।एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात को हाइवे के निकट रैपुरा जाट के समीप बोलेरो गाड़ी देखकर पुलिस ने जब टोका तो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में आगरा के धाना तेजा, सैंया, आगरा निवासी नीरज पुत्र मुंशीलाल ढेर हो गया और और राहुल पुत्र रामभरोसी घायल हुआ,जिसे मथुरा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों के कब्जे से असलाह, बलेरो गाड़ी और लूटी गई चांदी बरामद की है।

# अतिक्रमण हटवाने के लिए 3 साल से दौड़ रहे नेताजी के वंशज

संवाददात

**लखनऊ।** अंग्रेजों के खिलाफ खुद ही नहीं, बल्कि पूरी फौज खड़ी करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस के वंशजों की लखनऊ में तौहीन हो रही है। नेताजी ने अंग्रेजों को देश से खदेड़ दिया और उनके वंशजों की शिकायत पर लखनऊ नगर निगम अतिक्रमणकारियों को नहीं हटा पा रहा है। शुक्रवार को नगर निगम सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के वंशज अमित कुमार बोस भी पहुंचे। उन्होंने दबताया कि वह एक-दो महीने से नहीं, बल्कि 3 साल से अतिक्रमण हटवाने के लिए दौड़ रहे हैं। बकौल अमित, पिछली मेयर मैडम के समय से लगातार शिकायत कर रहे हैं लेकिन उनके एरिया से अतिक्रमण नहीं हट पा रहा है। न पिछली मेयर मैडम ने शिकायत सुनी, न ये सुन रही हैं। बंगाली क्लब से लेकर लाटूश रोड, शिवाजी मार्ग तक सड़क पर लोगों ने जबरदस्त अतिक्रमण कर लिया है। यह दिनोंदिन बढ़ता भी जा रहा है।

समाधान दिवस में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के वंशज 85 साल के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमित कुमार बोस पहुंचे। उन्होंने सड़क पर अतिक्रमण की शिकायत की। उन्होंने बताया बंगाली क्लब से लेकर लाटूश रोड, शिवाजी मार्ग तक सड़क पर लोगों ने कब्जा कर रखा है। इसकी शिकायत कई बार कर चुके हैं, लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है। पिछली मेयर के कार्यकाल से नगर निगम की दौड़ लगा रहे हैं। करीब तीन साल हो गए हैं। उनके परिवार के लोगों ने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी। इस दौरान अंग्रेजों के हंटर सहे। नेताजी सुभाष चंद्र बोस उनके पूर्वज हैं। उनके पिता और उनके बाबा समेत उनके ताऊ भी स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई लड़े थे। आज नगर निगम उन लोगों की शिकायतें तक नहीं सुन रहा है।

अमित कुमार बोस ने कहा कि बंगाली क्लब से लेकर लाटूश रोड, शिवाजी मार्ग तक दुकानदार अपना सामान फुटपाथ पर रखते हैं। अपने ग्राहकों की बड़ी-बड़ी गाड़ियां भी मार्ग के किनारे ही खड़ी कर देते हैं। सामान ढुलाई के वाहन भी खड़े कर देते हैं। इस क्षेत्र में कई विद्यालय होने की वजह से बच्चे भी आते-जाते हैं। इन परिस्थितियों में आम जनता को काफी परेशानियों को सामना करना पड़ता है। उनका कहना है कि अगर इसी तरह अतिक्रमण चलता रहा तो फिर दुर्गा पूजा कैसे आयोजित की जा सकेगी। अवैध कब्जा को हटवाने और दुकानदारों को गाड़ियां अमीनाबाद पार्क स्थित पार्किंग स्थल पर रखने के लिए आदेश होना चाहिए। देवेश गोमतीनगर विस्तार खरगापुर गांव में पहले से सरकारी जमीन पर खेल का मैदान और बालिका इंटर कॉलेज बनना प्रस्तावित था। मौके पर खेल कूद का मैदान चल रहा। आरोप है कि नगर निगम ने बिना किसी सूचना के पशु चिकित्सालय का निर्माण कर रहे हैं। हम लोग इसका विरोध कर रहे हैं। मामले में नगर आयुक्त गौरव कुमार से भी शिकायत की है। उनका कहना है कि हम लोग चाहते हैं कि वहां पर खेल कूद का मैदान और बालिका इंटर कॉलेज ही बनाया जाए। बहार अली ने बताया कि जोन-8 से वृंदावन योजना के सेक्टर 10-बी से आया हूं। उनका कहना है कि मेरे मकान के चारो तरफ सड़क बना दी गई है, लेकिन नाली नहीं बनी है। इसके लिए कई बार नगर आयुक्त और मेयर तक शिकायत कर चुका हूं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उनका कहना है कि बारिश के दौरान पानी उनके घर में घुस जाता है। उन्होंने बताया कि नाली के पानी की निकासी की जाए, नहीं तो मेरा घर गिर जाएगा। नाली बनाई जाए। आज भी नगर आयुक्त से शिकायत की है। पिछले कई महीने से दौड़ रहे हैं।

# दुबग्गा मंडी सहायक सस्पेंड, प्रभारी का वेतन रोका

### मंडी सचिव ने रंगे हाथ पकड़ा

संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ में मंडी सचिव सुभाष सिंह ने दुबग्गा उपमंडी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान गेट पर खड़े मंडी सहायक महेश कुमार किसी भी वाहन की प्रवेश पर्ची जारी नहीं कर रहे थे। इतना ही नहीं, परिसर में खड़े 100 से अधिक वाहनों का मिलान जब रजिस्टर से किया गया, तो आंकड़े पूरी तरह मेल नहीं खा रहे थे। पूछताछ में न तो कोई संतोषजनक जवाब मिला, न ही कोई वैध कारण। मंडी सचिव ने तुरंत संज्ञान लेते हुए मंडी सहायक महेश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। उनके खिलाफ कृषि उत्पादन मंडी अधिनियम 1984 के तहत अनुशासनिक कार्रवाई शुरू कर दी है। केवल महेश कुमार ही नहीं, बल्कि पूरे मामले में लापरवाही के चलते मंडी प्रभारी अनुराग सक्सेना की भी जवाबदेही तय की गई है। उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए, निरीक्षण वाले दिन यानी 1 अगस्त 2025 का एक दिन का वेतन रोक दिया गया है। इस निरीक्षण के बाद मंडी परिसर में तैनात अन्य कर्मचारियों में भी हड़कंप मच गया है। सूत्रों की मानें तो यह पहली कार्रवाई नहीं है। यदि जांच में और गड़बडियां सामने आईं, तो बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी चपेट में आ सकते हैं। निलंबित सहायक महेश कुमार को फिलहाल नवीन मंडी स्थल, सीतापुर रोड (प्रधान कार्यालय) से संबद्ध किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार केवल जीवन निर्वाह भत्ता, अर्ध वेतन और भत्ते मिलेंगे। वो भी तब, जब वह यह प्रमाणित करेंगे कि किसी अन्य कार्य या व्यापार में संलग्न नहीं हैं।

सम्पादकीय

# मोदी की दो टूक

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत के खिलाफ उठाए गए तीखे व्यापारिक कदमों और विवादित बयानों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत दिवस वाराणसी में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करते हुए भारत के आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता और आर्थिक मजबूती का दमदार संदेश दिया। भारत के लिए अपने किसानों, युवाओं और छोटे उद्यमियों की रक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता है. हम किसी भी देश के दबाव में न अपने फैसले बदलेंगे, न अपने संकल्प।। यह एक तरह से अमरीका राष्ट्रपति को दो टूक जबाब है।प्रधानमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत अब तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में बढ़ रहा है, और इसके लिए 'वोकल फॉर लोकल' और 'स्वदेशी उत्पादों' के लिए लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। निश्चित रूप से भारत का यह संकल्प अमरीका की आर्थिक स्थिति पर वह चोट पहुंचायेगा जिसकी अमरीका को कल्पना भी नही होगी। मोदी ने स्पष्ट शब्दों में कहाकि ऐसे समय में जब दुनिया अस्थिरता के दौर से गुजर रही है, भारत को अपने आर्थिक आत्मबल और रणनीतिक नीति-निर्माण पर पूरी तरह ध्यान देना होगा। इतना तो यह है कि डोनाल्ड ट्रंप के हालिया बयानों ने भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों में तनाव बढ़ा दिया है। भारत पर भारी शुल्क लगाने, पाकिस्तान के साथ रिफायनरी साझेदारी और यहां तक कि भारत से तेल व्यापार खत्म करने की संभावना तक जताई हैं जिससे भारतीयों में डोनाल्ड ट्रंप के रवैये से आघात पहुंचा है। इतना ही नहीं, ट्रंप ने भारतीय अर्थव्यवस्था को मृत यानी मृत कहकर दुनिया भर में विवाद छेड़ दिया। इस पर पलटवार करते हुए पीएम मोदी ने कहाकि कुछ लोग भारत की ताकत भूल गए हैं। हमारी आर्थिक प्रगति, हमारे युवा और हमारी नीतियां दुनिया के लिए उदाहरण बन रही हैं। 2024 में भारत ने 7.8 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि दर्ज कराई जो वैश्विक औसत से कहीं बेहतर है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 670 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। जो विश्व में सबसे बड़े भंडारों में से एक है।2024 में भारत का कुल निर्यात 437 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें 120 अरब डॉलर का व्यापार अकेले अमेरिका के साथ हुआ। क्या इस आकड़े को अमरीका नजर अन्दाज कर सकता है ? 2025-26 के बजट में एमएसएमई क्षेत्र के लिए 2 लाख करोड़ और किसानों के लिए 1.52 लाख करोड़ की सहायता की घोषणा की गई है।इन आंकड़ों से यह स्पष्ट होता है कि भारत की आर्थिक स्थिति स्थिर ही नहीं, बल्कि लगातार प्रगति की ओर बढ़ रही है। ऐसे में भले ही कुछ नेता या विदेशी नेता कुछ भी कहें भारत को इससे कोई फर्क नही पड़ता। प्रवासियों के खदड़ने की घटना के बाद से अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप अचानक से भारत को लेकर बेहद आक्रामक हो गए हैं। उन्होंने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है और यह भी चेताया है कि रूस से व्यापार की एवज में कुछ एक्स्ट्रा टैक्स भी लगाया जाएगा। ट्रंप का हालिया बयान केवल टैरिफ या व्यापार घाटे से नहीं जुड़ा। इसके पीछे लंबी हताशा और अपनी इमेज बचाने की चिंता है। कई चरण की बातचीत के बावजूद दोनों देशों की ट्रेड डील किसी अंजाम तक नहीं पहुंच पाई है। हर डील अपनी शर्तों पर करने वाले ट्रंप कृषि और डेयरी सेक्टर में अमेरिका के लिए खुली छूट चाहते हैं। ऐसा करना भारतीय किसानों के हित में नहीं होगा और सरकार को इस मामले में बिल्कुल भी नहीं झुकना चाहिए। वैसे भी व्यापार एकतरफा फायदे को देखकर नहीं किया जा सकता। हालाकि दूसरी तरफ अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत के साथ असहमति की जो वजहें गिनाई हैं, उसमें रूस से तेल खरीदना प्रमुख है। वैसे तो 2022 तक भारत की तेल आपूर्ति में रूस का हिस्सा सिर्फ 1 प्रतिशत था। आज यह आंकड़ा 35-40 प्रतिशत है, और जरूरत पड़ने पर इससे पीछे हटना संभव है, क्योंकि अब रूसी तेल पर पहले जितना फायदा नहीं हो रहा फिर भी यहां बात केवल फायदे नहीं, दो देशों के रिश्तों और हक की भी है। भारत की अपनी ऊर्जा जरूरतें हैं। आखिर अमेरिका ने भी तो उस पाकिस्तान के साथ डील की, जो वैश्विक मंचों पर कई बार आतंकवाद की शरणस्थली साबित हो चुका है। ऐसे में पाक के प्रति अमरीका का लगाव भारत के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। वैसे भी ट्रंप न अपने बयानों पर स्थिर रहते हैं और न पॉलिसी पर ऐसे में जिन देशों ने उनके साथ डील की है, उन्हें भी कोई फायदा नहीं हुआ। ब्रिटेन, वियतनाम से डील के बावजूद टैरिफ बढ़ रहा है। इसी तरह ईयू के कई देश नाराज हैं क्योंकि आयात शुल्क औसत 4.8 प्रतिशत से बढ़कर अब 15 प्रतिशत हो चुका है। अब किसी भी सूरत में टैरिफ की स्थिति पहले वाली नहीं रहेगी। इसलिए भारत को किसी दबाव में नहीं आना चाहिए।

# सियासी धंधेबाजों की नजर में अर्थव्यवस्था डेड

> यह संकेत भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था की संभावना को पुख्ता करता है। आज भारत पांच ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। याद होगा गत वर्ष पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र और सांस्कृतिक नगरी वाराणसी में पांच लाख करोड़ (पांच ट्रिलियन) की अर्थव्यवस्था की क्षमता पर शक करने वाले लोगों को पेशेवर निराशावादी कहा था। आज वहीं निराशावादी एक बार फिर भारतीय अर्थव्यस्था को डेड बता फूले नहीं समा रहे हैं। भगवान इन्हें सद्बुद्धि और राष्ट्रभक्ति प्रदान करें।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद सियासी धंधेबाजों की नजर में भारतीय अर्थव्यवस्था डेड हो चुकी है। गौर करें तो भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड बताने वाले वहीं लोग हैं जो 2014 से पहले औंधे मुंह पड़ी विकास दर, कमरतोड़ महंगाई और उत्पादन में कमी से निपटने में बुरी तरह नाकाम साबित हुए थे। अब उनका अर्थ ज्ञान इतना मजबूत हो चुका है कि टैरिफ बढ़ जाने मात्र से उन्हें भारतीय अर्थव्यवस्था रसातल में धंसती नजर आ रही है। उनके इस निष्कर्ष और कुतर्क-कुप्रचार का आधार सिर्फ इतना भर है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ लगाने के बाद इंडिया को डेड इकोनॉमी कहा है। लेकिन मजेदार बात यह कि वह टैरिफ को लेकर अभी भी आगे-पीछे कर रहे हैं। फिलहाल इस मसले पर दोनों देशों के बीच अभी बातचीत जारी है। लेकिन उतावलेपन की हद है कि भारत के खिलाफ कुप्रचार का ठेका उठा रखे सियासी धंधेबाजों के पास धैर्य नाम की कोई चीज ही नहीं हैं।

कौवा कान ले गया तो ले गया। वे इस कहावत को भली भांति चरितार्थ कर रहे हैं। दरअसल डोनाल्ड ट्रंप की तरह ये सियासी धंधेबाज भी चाहते थे कि कि भारत अपने कृषि-डेयरी बाजार को अमेरिका के लिए खोल दे। अगर भारत सरकार अमेरिकी शर्तों पर झुक गई होती तो इन सियासी धंधेबाजों को सरकार पर किसान विरोधी फैसला लेने का तोहमत लगाकर सरकार को घेरने, बदनाम करने और राजनीतिक माहौल विषाक्त बनाने का मौका मिल जाता। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। भारत सरकार ने अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखा। अब सियासी धंधेबाजों के पास एक ही रास्ता बचा है कि वे डोनाल्ड ट्रंप की भाषा का समर्थन कर भारत की अर्थव्यवस्था के खिलाफ माहौल निर्मित करें। दुनिया के निवेशकों को भड़काएं। इस काम में अच्छी तरह जुट भी गए हैं। लेकिन उनकी मंशा पूरी होने वाली नहीं है। दुनिया के निवेशकों का भारत के ग्रोथ रेट पर भरोसा है। वे अच्छी तरह जानते हैं कि टैरिफ बढ़ जाने मात्र से कोई अर्थव्यवस्था रसातल में नहीं चली जाती। वह भी भारत जैसी तेज रफ्तार वाली अर्थव्यवस्था जो हाल ही में जापान को पछाड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनी है। वे जानते हैं कि अगर अमेरिकी टैरिफ बढ़ भी जाता है तो भारत पर बहुत असर पड़ने वाला नहीं है। हां, श्रम-प्रधान उत्पाद जैसे वस्त्र, फार्मास्यूटिकल, रत्न-आभूषण और पेट्रोकेमिकल्स पर थोड़ा असर जरुर पड़ेगा। लेकिन भारत का बाजार इतना बड़ा है और इन उत्पादों का अपने ही देश में जबरदस्त डिमांड है। सच तो यह है कि टैरिफ बढ़ने का सर्वाधिक नुकसान अमेरिका को ही भुगतना होगा। भारत पर टैरिफ बढ़ाने से अमेरिका में न सिर्फ महंगाई बढ़ेगी बल्कि उसे कम जीडीपी और डॉलर के कमजोर होने का खतरा उठाना होगा। एसबीआई रिसर्च ने अमेरिकी टैरिफ को एक बुरा बिजनेस फैसला करार दिया है। उसके अनुमान के मुताबिक अमेरिका में महंगाई 2026 तक 2 प्रतिशत के तय लक्ष्य को पार कर जाएगी। ऐसा टैरिफ के सप्लाई-साइड इफेक्टस और एक्सचेंज रेट में बदलाव के कारण होगा। वैसे भी गौर करें तो भारत के साथ व्यापार में अमेरिका पहले से ही घाटा झेल रहा है। वर्तमान में उसका घाटा 45.7 बिलियन डॉलर के पार है। अब उसे एक नई मुसीबत महंगाई की मार भी झेलनी होगी। रही बात भारत की तो इस टैरिफ का उसके ग्रोथ रेट पर बहुत असर पड़ने वाला नहीं है। तमाम आर्थिक एजेंसियों द्वारा आंकलन कर उद्घाटित किया गया है कि टैरिफ के बाद भी भारत का ग्रोथ रेट 6.8 प्रतिशत के पार रहेगा। दरअसल भारतीय अर्थव्यवस्था की तेजी से निवेशक उत्साहित हैं और वे लगातार भारत की ओर रुख कर रहे हैं। वे अच्छी तरह जानते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था टैरिफ से प्रभावित होने के बजाए इसे एक अवसर के रुप में बदल देगी। दुनिया को पता है कि भारत



अमेरिकी टैरिफ बढ़ने से होने वाले अपने मामूली नुकसान की भरपाई यूरोप और आसियान देशों के साथ व्यापार बढ़ाकर कर सकता है। यूरोप और आसियान देशों में भारतीय उत्पादों की जबरदस्त मांग है। आसियान के सभी दस देशों जैसे इंडोनेशिया, सिंगापुर, वियतनाम, मलेशिया, थाईलैंड, म्यांमार, ब्रुनेई, फिलीपींस, लाओस और कंबोडिया के साथ भारत की आर्थिक साझेदारी में तेजी से वृद्धि हुई है। पिछले डेढ़ दशक के दौरान आसियान देशों से भारत में कुल 70 अरब डॉलर यानी करीब पांच लाख करोड़ रुपए का निवेश हुआ है जो भारत के कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के 17 प्रतिशत के बराबर है। इसी तरह भारत यूरोपीय संघ के साथ भी अपने कारोबारी रिश्ते को मजबूती दे सकता है। आज की तारीख में यूरोपीय संघ भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। वर्ष 2024 में भारत और यूरोपीय संघ के बीच 120 बिलियन यूरो अर्थात 141.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर का व्यापार हुआ। यह भारत के कुल व्यापार का 11.5 प्रतिशत है। भारत की अर्थव्यवस्था को मर चुकी अर्थव्यवस्था का नगाड़ा पीटने वालों को याद रखना चाहिए कि आज भारत की जीडीपी 4 ट्रिलियन डॉलर के पार पहुंच चुकी है।

सरोकार

# ज्ञान से मित्रता

ज्ञान से श्रेष्ठ कुछ भी नहीं। गीता की घोषणा है- नहि ज्ञानेन पवित्रमिह विद्यते। ऋग्वेद में 'ज्ञान' विषयक एक सूक्त (ऋ0 10.71) है। 'ज्ञान' यहां एक देवता हैं। ऋग्वेद के देवता अभिभूत करते हैं। यहां पशु-पक्षी भी देवता हैं। कृषि भी देवता है। साहस (मन्यु) भी देवता हैं। श्रद्धा और हाथ भी देवता है। जहां-जहां दिव्यता वहां-वहां देवता। वस्तुओं मनोभावों को देवता मानने की वैदिक शैली अनूठी है। यही परम्परा ट्रक चालक भी निभाते हैं। वह गाड़ी पर बैठते ही स्टीयरिंग को प्रणाम करता है, सिर झुकाता है चल देता है। लोग ऐसे कृत्यों पर हंसते हैं। हंसना जायज है। स्टियरिंग को प्रणाम करने का कोई तुक नहीं। लेकिन ऋग्वेद में 'नमस्कार' भी देवता हैं। मूर्ति, स्टीयरिंग, किताब, पेड़ या नदी को किए गए नमस्कार का सीधा सम्बंध हमारी अंतश्चेतना से है। मूर्ति या स्टीयरिंग नमस्कार के भूखे नहीं है। वे इसका जवाब भी नहीं देते। लेकिन नमस्कार से हमारे मन और काया में रासायनिक परिवर्तन होते हैं। नमस्कार अंतःकरण को प्रीतिभाव से भरता है।

सृष्टि के प्रारम्भ में कोई एक आदि तत्व या मूलभूत द्रव्य रहा होगा। उसी से भिन्न भिन्न पदार्थो का विकास हुआ। परम तत्व एक से अनेक रूपों में हो गया। ऋषि बताते हैं ÷अग्रं यत्प्रैरत नामधेयं दधानाः-प्रारम्भिक स्थिति में विभिन्न पदार्थो का नामकरण ही ज्ञान का प्रथम सोपान बना। इनका शुद्ध ज्ञान अनुभूति में होता है और वह अंतः प्रेरणा से प्रकट होता है।÷ (ऋ0 10.71.1) रूप देखकर नाम रखना, रूप के साथ नाम मिलाकर जानना ज्ञान की शुरूवात है। रूपों के भीतर छुपे गुण-धर्म का ज्ञान अनुभव से ही आता है। यहां अनुभव पर जोर है। जलती अग्नि या बहती हुई नदी दिखाई पड़ीं यह रूप था। नाम रखा गया अग्नि या नदी। रूप के साथ नाम याद रखना ज्ञान की प्रथम सीढ़ी है। नाम पदार्थ नहीं है। वह वस्तु या पदार्थ का भाषिक प्रतिनिधि है। नाम और रूप मिलाकर ज्ञान बनते हैं। इसके सामाजिक बोध और ज्ञान को साझी बनाने के लिए भाषा चाहिए।

भाषा सुबोध चाहिए। सुसंस्कृत भी चाहिए। ऋषि कहते हैं, ÷सूप से सत्तू स्वच्छ करने की तरह मेधावी जन भाषा गढ़ते हैं और मित्रगण आत्मीय भाव से समझ लेते हैं। ऐसे सफल विद्वान की वाणी में लक्ष्मी का निवास होता है÷ (वही, मन्त्र 2) भाषा ज्ञानी की वाणी में सरस्वती नहीं लक्ष्मी के निवास का रूपक है। वाणी स्वयं देवी है। वह स्वयं सरस्वती है। भाषा का ज्ञान अतिरिक्त समृद्धि है। इसलिए यहां लक्ष्मी का रूपक है। आगे कहते हैं ÷ज्ञानियों ने तत्वज्ञानियों के अंतःकरण में प्रविष्ट भाषा को प्राप्त किया। उसे प्रसारित किया।÷ (वही, मन्त्र-3) ज्ञानी को तत्वज्ञानियों से भाषा संस्कार मिले। तब उनका प्रसार हुआ। माना जाता है कि जो प्रत्यक्ष है, वह सत्य है, वही ज्ञान है। ऋषि सतर्क करते हैं ÷अनेक लोग देखकर भी ज्ञान नहीं पाते। अनेक लोग सुनकर भी ज्ञान नहीं पाते। लेकिन सुपात्र के सामने वाणी स्वयं ही अपना सत्य रूप प्रकट कर देती है।÷ (वही, मन्त्र 4) पढ़कर लिख देना एक शैली है। लोग ऐसे लेखकों को विद्वान कहते हैं। सुना-सुनाया दोहरा देने वाले भी ज्ञानी जैसी प्रतिष्ठा पाते हैं लेकिन ऋषि कहते हैं, ÷शाब्दिक भावों को ग्रहण करने और उन्हें दोबारा प्रकट करने वाले प्रशंसा पाते है परन्तु उनमें से भी बहुत ऐसे हैं जो भाषा का फल (अर्थ) और फूल (अभिप्राय) नहीं जानते, ऐसे लोग दूध रहित गाय दुहते हैं। वाणी के जरिए प्रपंच करते हैं।÷ (वही मन्त्र 5) खास बात है अनुभव। अनुभूति ही ज्ञान को वास्तविक बताती है। ऋषि 'ज्ञान से मित्रता; को जरूरी बताते है ÷जो सत्य ज्ञान की धारा से मित्रता त्याग देते हैं यस्ति त्याज सचिविदं सखायं-ज्ञान से सखा भाव नहीं रखते, उन्हें दिव्यवाणी (ज्ञान) में अपना हिस्सा नहीं मिलता।÷ (वही-मन्त्र 6) ऋग्वेद में एक समान ज्ञानी, एक समान श्रोत्रशक्ति सम्पन्न मेधावी भी 'एक समान' नहीं बताये गये। कहते हैं ÷दर्शन शक्ति सम्पन्न, श्रोत्रशक्ति सम्पन्न, एक समान ज्ञान से युक्त मित्र भी अनुभव जन्य ज्ञान में एक समान नहीं होते।÷ (वही मन्त्र 7) साथ साथ रहने वाले, आपस में मित्र, एक ही विषय में एक जैसी उच्च शिक्षा प्राप्त विद्वान भी अनुभव भिन्नता के कारण एक समान नहीं हो सकते। सत्यबोध ही ज्ञान है। हम सबका इन्द्रिय बोध एक ही पदार्थ के रूप को भिन्न-भिन्न रूप में ग्रहण करता है। सत्य सदा सत्य है। सत्य 'त्रिकाल अबाधित' होता है। भूत, भविष्य और वर्तमान उस पर प्रभाव नहीं डालते।

# विकास की दौड़ में विनाश की ओर बढ़ता भविष्य

-डॉ. रमेश शर्मा

वर्षों से मौसम परिवर्तन और पर्यावरण संकट को लेकर वैश्विक स्तर पर गहन चिंतन और प्रयास किए जाते रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, स्थानीय बैठकों, संधियों और प्रस्तावों के अम्बार के बावजूद आज हम उस स्थिति में पहुँच चुके हैं जहां से वापसी की संभावना क्षीण हो चुकी है। अब भविष्य की पीढ़ियों को केवल इस संकट से निपटने की तैयारी सिखाई जा सकती है क्योंकि विकास की यात्रा, उल्टी दिशा में अनवरत जारी है। हालांकि, अभी भी यह प्रयास किया जा सकता है कि हम इस विनाशकारी गति को यहीं रोकने का साहसिक प्रयास करें। सबसे बड़ी चिंता यह है कि आमजन से लेकर नीति-निर्माता तक, सभी इस पर्यावरणीय आपदा और उसके परिणामों से भली-भांति परिचित हैं, फिर भी सामूहिक रूप से आंखें मूंद रखी हैं मानो खतरा नहीं है, या यह किसी और की जिम्मेदारी है। यह सोच कि ÷मेरे अकेले के प्रयास से क्या फर्क पड़ेगा?÷ या ÷हिमालय इतना विशाल है, थोड़ा नुकसान चलता है÷- हमें उस गर्त की ओर ले जा रही है जहां से उबरना असंभव होगा। यह सच है कि हम आधुनिक युग में हैं, लेकिन जिस तेजी से हम प्रकृति के मूल संतुलन को तोड़ रहे हैं, वह हमें उसी आदिकाल की ओर वापस धकेल रहा है सिर्फ और सिर्फ विनाश के साथ। पौराणिक मान्यता है कि मनु और शतरूपा से मानव सृष्टि का आरंभ हिमाचल में हुआ था। आज वही भूमि रेगिस्तान बनने की आशंका झेल रही है। वर्ष दर वर्ष बादल फटना, बाढ़, भूस्खलन, और बिजली गिरने जैसी आपदाएं बढ़ती जा रही हैं। क्या आने वाले समय में इस क्षेत्र से व्यापक पलायन और विस्थापन की त्रासदी शुरू नहीं हो जाएगी? हिमालयी क्षेत्र की संपदा केवल पहाड़ों के लिए खतरा नहीं है, बल्कि इससे जुड़े मैदानों का जीवन और भविष्य भी दांव पर है। यदि हालात नहीं बदले, तो यही हिमालय मानव सभ्यता के लिए कब्रगाह बन सकता है। खनन, वनों की अंधाधुंध कटाई, सुरंग और फोरलेन निर्माण, बांधों की भरमार, बहुमंजिला इमारतें- ये सभी तथाकथित विकास की परियोजनाएं अब विनाश का कारण बन रही हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि इन सबको सरकारी योजनाओं का संरक्षण और सामाजिक स्वीकृति मिल रही है। पर्यटन विकास के नाम पर अब हिमाचल प्रदेश के किन्नौर, लाहौल-स्पीति जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में अमीरों को मनोरंजन की खुली छूट दी जा रही है, जहां बुनियादी सुविधाएं तक मौजूद नहीं हैं। धार्मिक स्थलों की शुचिता भी अब भोग-विलास की भेंट चढ़ रही है। यह संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने हिमाचल में पर्यावरण और आपदा प्रबंधन को लेकर कड़ी टिप्पणी की है। न्यायालय ने स्पष्ट कहा है कि यह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि मानवता के अस्तित्व से जुड़ा आपराधिक मामला है। यह स्पष्ट संकेत है कि अब समय टालने का नहीं, ठोस नीति बनाकर उसे समयबद्ध तरीके से लागू करने का है। ऐसी सभी विनाशकारी योजनाओं और परियोजनाओं को रोकने के लिए कानूनी दंड व्यवस्था आवश्यक है। विशेषज्ञों की एक स्वतंत्र समिति बनाकर उसकी रिपोर्ट के अनुसार योजनाओं का मूल्यांकन और कार्यान्वयन सुनिश्चित करना होगा। अब सरकार की भूमिका केवल मलबा हटाने, शव गिनने और मुआवजा बांटने तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। सरकार को चाहिए कि वह एक विशेषज्ञ कार्यबल गठित करे, जो अल्पकालिक और दीर्घकालिक समाधान सुझाए तथा उनके क्रियान्वयन की निगरानी करे। यह स्वीकार करने में कोई हिचक नहीं होनी चाहिए कि पर्यावरणीय संकट और जलवायु परिवर्तन मुख्यतः मानव निर्मित हैं, और इनका समाधान भी केवल मानव के पास ही है किसी चमत्कारी शक्ति के पास नहीं। यह संकट केवल हिमाचल तक सीमित नहीं है, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और समूचा हिमालयी क्षेत्र इसी त्रासदी से गुजर रहा है। ऐसे में पूरे हिमालय क्षेत्र के लिए एक समग्र, ठोस और व्यावहारिक नीति बनाई जानी चाहिए जो प्रकृति और मानव के बीच संतुलन बहाल कर सके। अब वक्त है चेतने का, रुकने का और लौटने का वरना हिमालय की गोद में जीवन की जगह केवल मलबा और मौन बचेगा।

नजरिया

# आधा-अधूरा कृत्रिम मेधा का ज्ञान

अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आपकी नब्ज पढ़कर आपके मस्तिष्क की बात तुरंत पकड़कर उस पर अमल करने लगेगा। कृत्रिम मेधा की तकनीक को वैज्ञानिकों ने मानव की सहायता के लिए और देश की बेहतरी के लिए अविष्कार किया है। अभी तक तो अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, इजरायल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मामले में काफी आगे हो गये हैं। अब खाड़ी के देशों विगत 5 साल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति केवल तेल के कुए पर न रह कर अन्य योजनाओं पर भी काम करना शुरू कर दिया है।आश्चर्यजनक रूप से यूएई ,सऊदी अरबिया, कतर, मिस्र ,जॉर्डन, मोरक्को और अन्य देशों में यूरोप की तुलना में अब और ज्यादा खर्च करके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीक को अपने देश में बहुत मजबूत बना लिया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जितने फायदे हैं उससे ज्यादा विकासशील देशों के लिए यह नुकसानदेय भी हो सकता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आपकी पल्स रीडिंग और मानसिक विचारधारा को केवल थंब इंप्रेशन में ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का डिवाइस पढ़ कर उस पर अमल कर सकता है।इस टेक्नोलॉजी से अमेरिका तथा यूरोपीय देश अब तक दुश्मन की अनेक सूचनाएं बड़ी आसानी से प्राप्त कर उसका सामरिक उपयोग करने में लगे हुए हैं।



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग रूस अपनी टेक्नोलॉजी का उपयोग कर मिसाइल दागने में यूक्रेन यूक्रेन के विरुद्ध कर रहा है। अब तक यूक्रेन यूरोपीय तथा नाटो देश की मदद से इसी तकनीक के सहारे रूस के विरुद्ध अब तक टिका हुआ है। वैसे यूक्रेन और रूस का युद्ध में काफी नुकसान हुआ है पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भरपूर उपयोग दोनों देश एक दूसरे पर कर रहे हैं। विकासशील देशों में इस टेक्नोलॉजी का विकास अभी काफी एडवांस नहीं है इन परिस्थितियों में उनके लिए उनके सामरिक महत्व कीचीजें छुपाना दुश्मन देशों के सामने कठिन हो जाएगा और उनकी खुफिया जानकारी शक्तिशाली देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल एक सूत्र प्राप्त करने के बाद ही पूरी प्राप्त कर सकते हैं। खाड़ी के देश जिनमें सऊदी अरबिया, कतर ,मिस्र, जॉर्डन, यूएई अपने बजट का 34ः बढ़ा हुआ हिस्सा एआई तकनीक पर लगातार कर रहे हैं।

खाड़ी के देश इस टेक्नोलॉजी का उपयोग इस वजह से कर रहे हैं क्योंकि यह उनकी भविष्य की योजनाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है जिससे वे तेल की कमाई से हटकर अन्य साधनों से अपनी अर्थव्यवस्था में सुधार ला सकेंस यूं एई पहला देश है जिसने 2017 ने इस तकनीक को अपनाया था इसके बाद खाड़ी के देशों में अब टेक्नोलॉजी को अपनाने में होड़ हो गई हैस यह सभी देश एआई टेक्नोलॉजी पर लगभग 3 अरब डॉलर खर्च कर चुके हैंस दूसरी तरफ यदि इसका इस्तेमाल अति विशेषज्ञों द्वारा नहीं किया गया तो इसका दुरुपयोग जिन देशों के पास इन टेक्नोलॉजी से एडवांस टेक्नोलॉजी है वह पूरी जानकारी निकालने में सक्षम होंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग यूरोपीय देश न सिर्फ सामरिक महत्व की चीजों में कर रहे हैं बल्कि मेडिकल साइंस और अंतरिक्ष विज्ञान में भी पूरी तरह हो रहा है और इससे बहुत फायदे भी मिल रहे हैंस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मानव प्रजाति के लिए जितना फायदेमंद है दूसरी तरफ उतना ही नुकसान दे और इससे वैश्विक शांति को खतरा भी हो सकता हैस राइट एक्टिविस्ट मानते हैं कि रोबोट की तरह इस तरह की विज्ञान पर आधारित चीजें माननीय प्रजाति को खत्म कर सकती है बल्कि उनकी चिंता डेटा सुरक्षा प्रपो गेंडा सर्विलांस के विरुद्ध होने वाले नुकसान पर भी ज्यादा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर खाड़ी के देशों ने एआई के इस्तेमाल पर दिशा निर्देश तय कर उसे जारी किया है।


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक सीमा सिंह द्वारा प्वांइट ऑफसेट, 86/98 कुर्मी टोला गुरुगोविन्द्र सिंह मार्ग, लालकुआं, लखनऊ-226018 से मुद्रित एवं पहाड़पुर, पोस्ट बंथरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक-पंकज सिंह मो-9415067370 आरएनआई - UPHIN/2016/74800 मेल आईडी-karnvaninews@gmail.com website : karnvaninews.com (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।)

## संक्षिप्त खबरें

### तहसील समाधान दिवस पर आयीं 99 शिकायतें,मौके पर 5 का निस्तारण

**बांगरमऊ,उन्नाव।** स्थानीय तहसील कार्यालय में आज शनिवार को उपजिलाधिकारी शुभम यादव की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस पर कुल 99 फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई। इनमें 5 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। तहसील समाधान दिवस पर राजस्व की 62, पुलिस 13, विकास विभाग 8, समाज कल्याण 2, विद्युत विभाग 3, खाद्य एवं रसद 6 तथा अन्य विभागों से संबंधित 5 शिकायती पत्र पंजीकृत किए गए। जिनमें 5 शिकायती पत्र मौके पर निस्तारित कर दिए गए। बाकी अर्जियां जल्द निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को सौंप दी गईं। समाधान दिवस पर तहसीलदार साक्षी राय, प्रभारी निरीक्षक बांगरमऊ चंद्रकांत सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र पटेल व खंड विकास अधिकारी निशा सागर विश्वकर्मा सहित सभी विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### सभासदों ने की स्टेशन रोड पर स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग

**बांगरमऊ ,उन्नाव।** नगर के विभिन्न वार्डो के सभासद ,राहुल शुक्ला, अनिल और आशीष कुमार ने पालिकाध्यक्ष रामजी गुप्ता को पत्र देकर नगर के स्टेशन रोड पर स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग उठाई है । पत्र में सभासदों ने बताया है कि नगर के स्टेशन रोड पर पथप्रकाश की व्यवस्था न होने से रात के समय इस मार्ग पर अंधेरा छाया रहता है । जिससे राहगीरों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। सभासदों ने नागरिकों की सुविधा के लिए स्टेशन रोड चौराहे से रेलवे स्टेशन तक स्ट्रीट लाइट लगवाए जाने की मांग की है। चेयरमैन रामजी गुप्ता ने सभासदों की बात सुनकर समस्या के निस्तारण के लिए आश्वासन दिया है।

### करोडो की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**बांगरमऊ ।** अनियमित जमा योजना के माध्यम से करोड़ों रुपए की ठगी के चर्चित आरोपी गंज मुरादाबाद निवासी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया है । पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान की कड़ी में कोतवाली पुलिस ने अनियमित जमा योजना के माध्यम से करोड़ों रुपए ठगी के आरोपी कस्बा गंज मुरादाबाद के मोहल्ला तालाब निवासी अयाज उर्फ आजादुद्दीन पुत्र शहाबुद्दीन को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल चंद्रकांत सिंह ने बताया कि कस्बा गंज मुरादाबाद के मोहल्ला बड़ी बाजार निवासी रीता गुप्ता पत्नी बसन्त लाल गुप्ता ने 29 जुलाई 2024 को अयाजउद्दीन समेत तीन लोगों के विरुद्ध कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था । तब से मुकदमे में नामजद आरोपी फरार चल रहे थे। खास मुखबिर की सूचना पर गत 1 जुलाई को उपनिरीक्षक सतीश चंद द्विवेदी , हमराह सिपाही धीरेंद्र सिंह व जितेंद्र सिंह ने अयाजउद्दीन को उसके घर से धर दबोचा । कोतवाल ने बताया कि अयाजउद्दीन का लंबा अपराधी के इतिहास है आज आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे अदालत में पेश किया गया है ।

### बीईओ ने बिना मान्यता चल रहे विद्यालय को किया बंद

**मसौली,बाराबंकी।** विकास खण्ड में बिना मान्यता के संचालित हो रहे विद्यालयों पर खंड शिक्षा अधिकारी मसौली जैनेंद्र कुमार ने सख्त कार्यवाही करते हुए अमान्य विद्यालय को बंद कराया। निरीक्षण के दौरान ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल मसौली की कक्षा 5 तक मान्यता प्राप्त है जो बिना मान्यता के कक्षा 8 तक संचालित कर रहे हैं । खंड शिक्षा अधिकारी ने तत्काल प्रभाव से इन विद्यालयों मे संचालित 6 से 8 तक की कक्षाओं को बंद कराते हुए उनके प्रबंधक को स्पष्ट निर्देश दिए कि भविष्य में बिना मान्यता के कक्षाएं संचालित ना करें, साथ ही विद्यालय को नोटिस जारी करते हुए चेतावनी दी गई की नियमों का उलंघन करने पर उनके विरुद्ध आर टी ई अधिनियम की सुसंगत धाराओं में प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज कराने की कार्यवाही की जाएगी। खंड शिक्षा अधिकारी जैनेंद्र कुमार ने बताया कि शिक्षा की गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### घाटमपुर चौराहे के पास बाइक की टक्कर से व्यक्ति घायल

**बीघापुर,उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के गांव खेड़ा निवासी दिनेश शंकर पुत्र रामशंकर को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी जिससे गंभीर घायल हो गए। गंभीर घायल दिनेश को 100 बेड हॉस्पिटल से रेफर कर दिया गया परिजन कानपुर में भर्ती कराया है। दिनेश शंकर बाजपेई शनिवार सुबह लगभग 10 बजे गांव में लगे सरकारी नल को ठीक करवाने के लिए सामान लेने के लिए निकले हुए। लालकुआं ऊंचगांव मार्ग पर घाटमपुर चौराहे के पास अनियंत्रित तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। जिससे दिनेश गंभीर घायल हो गए। परिजन 100 बेड अस्पताल लेकर गए जहां गंभीर स्थिति देखते हुए जिला चिकित्सालय के लिए रेफर किया गया। लेकिन हैलेट कानपुर ले गए। हैलेट से संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ को रेफर कर दिया गया है। थाना अध्यक्ष राजपाल ने बताया कि अभी कोई सूचना नहीं मिली है ।सूचना मिलने के बाद अग्रिम कार्यवाई की जाएगी।

### बकरी खा गयी गेहूं शिकायत पर महिला से मारपीट

**बीघापुर,उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रानीपुर निवासी नूरजहां पत्नी आजाद अली ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर पड़ोसी के ऊपर गाली गलौज जान से मारने व मारपीट करने का आरोप लगाया है । नूरजहां ने प्रार्थनापत्र में बताया कि गेहूं सूखने के लिए दरवाजे फैलाए हुए थी पड़ोसी रसूला पत्नी इसरार , अतीकुन पत्नी अशफाक की बकरी गेहूं खाने लगी मेरे द्वारा शिकायत करने पर दोनो लोग गाली गलौज कर देख लेने की धमकी दी।मेरे पति 30 जुलाई की शाम घर वापस आ रहे थे ।खुन्नस खाए नूरजहां तथा अतीकुन ने अपने सहयोगी छूलिहा निवासी सफेद पुत्र चांद बाबू सफीक ,रसीद,चांद बाबू पुत्र रफीक तथा अन्य तीन लोगों ने गांव के रास्ते में ही मेरे पति आजाद अली को रोककर मार पीट गाली गलौज तथा तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी । पति को गंभीर चोटे आई हैं। थाना अध्यक्ष राजपाल ने बताया कि नूरजहां के प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है जांच के बाद कार्यवाई की जाएगी।

### ब्लॉक सभागार में किसान सम्मान निधि के अवसर पर किसान गोष्ठी का हुआ आयोजन



**अलीगंज/एटा।** अलीगंज ब्लॉक सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पीएम किसान सम्मन निधि कार्यक्रम के अवसर पर किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के किसानों ने शामिल होकर प्रधानमंत्री का संवाद सुना। इस अवसर पर पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त भी जारी हो गई। जिस पर लोगों ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। वही कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने बाली सखियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया.कार्यक्रम के दौरान विधायक सत्य पाल सिंह राठौर नें कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत देश के करोड़ों किसानों को हर वर्ष 6,000 रुपये की आर्थिक सहायता सीधे उनके खातों में दी जाती है। इससे उन्हें खाद, बीज और अन्य कृषि संसाधनों की खरीद में मदद मिलती है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम बताया। किसानों ने भी अपने अनुभव साझा किए और इस योजना से मिले लाभ की सराहना की। सभी ने एक स्वर में प्रधानमंत्री का आभार जताया और इस योजना को लगातार जारी रखने की अपील की। इस अफसर पर विधायक सत्यपाल सिंह राठौर बीडीओ अलीगंज शिव शंकर शर्मा बीडीओ जैथरा अजीत कुमार अनुपम मिश्रा बाबू सहित अन्य अधिकारी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतें सुन दिया गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के निर्देश

**बोला यदि शिकायत के निस्तारण में लापरवाही हुई तो की जाएगी कठोर कार्यवाही**

संवाददाता



**पुरवा ,उन्नाव।** जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में जनपद की तहसील पुरवा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में आने वाली फरियादियों की शिकायतों को एक-एक करके गंभीरता से सुना और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए । तहसील दिवस में जिलाधिकारी के पहुँचने पर सवप्रथम स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस, मत्स्य,मातृत्व बंदना योजना,सहित अन्य सरकार की कल्याण कारी योजनाओं से सम्बंधित लगाए गए स्टालों का क्रमशः अवलोकन कर जानकारी प्राप्त की । साथ ही इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा तहसील में किये गए उत्कृष्ट नवाचारों का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। नवाचार के अंतर्गत %प्रतीक्षालय न्याय के द्वार%जिसके तहत तहसील में आए फरियादी एवं प्रार्थियों को जलपान एवं वातानुकूलित माहौल में अपनी बातों को रखने हेतु संवाद का मंच तैयार किया गया है इस हाल में तहसील में कार्यरत सभी पटल प्रभारी के नंबर एवं कार्य का विवरण रखा गया है । %राजस्व ज्ञानयालय% इस अभिनव प्रयास के माध्यम से राजस्व विभाग में आ रहे परिवर्तन शासनादेश ह्यश्श्र ट्रेंनिंग माड्यूल डेवलपमेंट आईजीआरएस सुधार का कार्य किया जाता है एवं इसके साथ-साथ ही कॉम्पिटेटिव एक्जाम की तैयारी कर रहे लेखपालों को मार्गदर्शन एवं पढ़ाई का माध्यम प्रोवाइड कराया जाता है । शेयर और केयर सेंटर इसे पालना घर भी कहा जाता है इस प्रयास के अंतर्गत तहसील कार्यालय में कार्य कर रही महिला कर्मचारियों के बच्चों की देखभाल एवं आपस में वार्तालाप के माध्यम से राजस्व कार्यो की समझ को बढ़ाना एवं इसके साथ ही इसका प्रयोग वाचनालय एवं विश्राम गृह के रूप में भी किया जा सकता है । इस अवसर पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक महोदय ने संयुक्त रूप से %राजस्व दर्शन पत्रिका% तहसील से ग्राम तक सेवा सरकार और समाधान को समर्पित पत्रिका का भी अवलोकन कर विमोचन किया जिसमे राजस्व कार्यो की समझ के बढ़ने के साथ-साथ अच्छे प्रयासों का संकलन किया गया है जिससे लेखपाल कार्मिकों में साहित्य के प्रति रुचि बढ़ाई जा सके । इसी प्रकार ,वेस्ट टू वंडर पार्क एवं तहसील का सेल्फी प्वाइंट% इस अभिनव प्रयास के माध्यम से रिलीज रिड्यूस रीयूज रीसाइकिल का प्रयोग करते हुए तहसील को सुंदर बनाते हुए पर्यावरण को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया है । साथ ही तहसील के उत्कृष्ट कार्य करने वाले राजस्व लेखपाल और अमीनो को जिला अधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायत सुनकर अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राजस्व विजली पेंशन विकास पुलिस व अन्य विभागों की जो भी शिकायतें आज प्राप्त हुई हैं उनका सम्बन्धित अधिकारी प्राथमिकता के साथ गुणवत्ता पूर्ण समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि नगर निकायों और ग्राम पंचायतों में जल निकासी की जो समस्या है उसको अभियान चलाकर दूर करें ताकि संचारी रोगों के प्रसार पर रोक लग सके।

## पीएम किसान उत्सव दिवस का हुआ आयोजन




संवाददाता

**असोहा, उन्नाव।** विकासखंड सभागार में कृषि विभाग द्वारा किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त जारी होने के उपलक्ष्य में पीएम किसान उत्सव दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महेश रावत भाजपा मंडल अध्यक्ष असोहा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में किसानों को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा बनारस से जारी की जा रही किस्त का सजीव प्रसारण दिखाया गया। सभागार में सैकड़ो की संख्या में कृषक भाई उपस्थित रहे। राजकीय कृषि भंडार प्रभारी अरुणांचल सिंह नें किसानों को बीज भंडार पर उपलब्ध विभिन्न प्रकार के बीज मिनीकिट के बारे में जानकारी दी । सहायक विकास अधिकारी कृषि शिवकुमार सिंह ने किसानों को विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं जैसे कृषि यंत्रीकरण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पीएम किसान, फार्मर रजिस्ट्री आदि के बारे में जानकारी प्रदान की । कृषि रक्षा इकाई प्रभारी मो. अली ने कृषकों को धान में लगने वाले विभिन्न प्रकार के रोग तथा खरपतवार आदि से बचाव की जानकारी प्रदान की। मुख्य अतिथि महेश रावत ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं तथा पीएम किसान के लाभ किसानों को बताए तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड के लाभार्थियों को कार्ड वितरण किया तथा मिनीकिट वितरण का कार्य भी किया। कार्यक्रम में राजेश सिंह, प्रमोद कुमार, कृष्ण कुमार, फसल बीमा प्रतिनिधि अजय कुमार सुभाष कुमारआदि लोग उपस्थित रहे।

## वृद्ध के ऊपर भर भराकर गिरी कच्ची दीवार हुई मौत



**बीघापुर,उन्नाव।** बारा सगवर थाना क्षेत्र के गांव आलमपुर कुंभी में दीवार गिरने से 65 वर्षीय बृद्ध की मौत हो गई पुलिस ने पोस्टमार्टम भेजा है। आलमपुर निवासी रामस्वरूप पुत्र फकीरे सुबह 10 बजे घर के आंगन में बैठे हुए थे तभी कच्ची दीवार भरभराकर उनके ऊपर आ गिरी । घर में मौजूद लोग मिट्टी हटाकर जब तक उन्हें बाहर निकलते तब तक उनकी मौत हो गई । मृतक खेती-बाड़ी का कार्य करता था । मृतक के चार पुत्र रामनरेश राकेश बृजेंद्र व अंकित है। पुलिस ने सूचना पर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम भेजा है। थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाई की जाएगी।

## सडक हादसे में बाईक सवार की दर्दनाक मौत, सड़क पर गिरते ही ट्रक ने रौंदा

संवाददाता

**बांगरमऊ,उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ मार्ग पर स्थित गांव सुरसेनी के निकट शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे बाइक चालक की मौत हो गई । किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक चालक सड़क पर गिर पड़ा। तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उसे रौंद दिया। राहगीरों की सूचना र पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मचा गया। आसीवन थाना क्षेत्र के ग्राम कुरसठ ग्रामीण अंतर्गत मजरा ताजू खेड़ा निवासी मितान (45) पुत्र हरिपाल अपने बच्चों को स्कूल जाने के लिए नई साइकिल खरीदने बाइक से बांगरमऊ आ रहा था। तभी रास्ते में लखनऊ मार्ग पर स्थित ग्राम सुरसेनी के निकट किसी वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही मितान बाइक सहित सड़क पर गिर पड़ा। तभी एक अन्य तेज रफ्तार वाहन ने उसे रौंद दिया और मौके से भाग निकला। दुर्घटना होते ही तमाम ग्रामीण घटनास्थल पर जमा हो गए। जिससे मार्ग पर जाम लग गया और दोनों तरफ कई किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर जा पहुंची और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और भागकर घटनास्थल पर आ पहुंचे। परिजनों ने बताया कि मितान के साथ कस्बा कुरसठ निवासी एक साइकिल मिस्त्री रवि भी गया था। लेकिन घटना के बाद से वह नदारद है। मृतक मितान खेती-बाड़ी करके अपने परिवार का पालन-पोषण करता चला आ था। घर के मुखिया की अचानक मौत से पत्नी उर्मिला देवी, मां कृष्णा देवी, दो बेटियां मुस्कान और खुशी तथा दो बेटे अभिषेक और आयुष रो-रोकर बेहाल हो गए। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

# ब्लॉक की टीम भावना कि वजह से हुई किन्हौली में सफल चौपाल

**जिसके स्तर का जो था काम उसने किया लेकिन प्रधान की रही मुख्य भूमिका**

संवाददाता

**रामनगर, बाराबंकी।** मंत्री के कार्यक्रम के सफल आयोजन में ब्लॉक के सभी कर्मचारियों ने टीम भावना से काम किया जिसका नतीजा रहा कि चौपाल सफल रही और देर रात तक चली। बता दे कि तीन दिन पहले से ही बीडीओ जितेंद्र कुमार द्वारा अपना समस्त स्टाफ लगाकर चौपाल की तैयारी की जा रही थी ताकि किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो। जहां प्रोग्राम कराना था बरसात की वजह से वहां बड़ी समस्या थी लेकिन ग्राम प्रधान पति दिनेश सिंह उनके सहयोगी राजा सिंह, एडीओ कृषि डॉक्टर दलजीत सिंह , एडी ओ पंचायत अभय शुक्ला ,ग्राम पंचायत



विकास अधिकारी ऋषभ पांडेय,ग्राम विकास अधिकारी निखिल कुमार कनौजिया ,मनोज कुमार ने जिम्मेदारी संभाली और वहां बेहतर व्यवस्था दी।हंसिया से घास कटवाकर साफ कराया जिससे कार्यक्रम स्थल सुंदर और साफ दिख रहा था । जिसने भी कार्यक्रम स्थल देखा तारीफ किए बिना नहीं रहा । शाम को कार्यक्रम समापन हो गया तो ग्रामीणों के साथ साथ अफसर भी इस बात को लेकर खुश थे कि कार्यक्रम स्थल बहुत अच्छा दिख रहा था और जो व्यवस्थाएं हुई थी वह ठीक थी । गांव में किसी प्रकार की विशेष समस्या नहीं आई। बता दें कि किन्हौली गांव विकास के साथ अच्छे कार्य के मामले में नंबर एक है ।यहां की ग्राम प्रधान उषा सिंह विशेष सक्रिय रहती हैं और उनके पति दिनेश सिंह ,सहयोगी राजा सिंह ने जो भी काम कराया है वह मानक अनुसार बेहतर काम कराया है। यहां अमृत सरोवर देखते ही बनता है और विद्यालय तथा अंबेडकर पार्क भी खूब सूरत है। समुदायिक शौचालय महादेव मेला आने वाले श्रद्धालुओं के काम आता है जिसकी रोज साफ सफाई कराई जाती है । बिजली पानी सब सही है। पंचायत घर,कामन सर्विस सेंटर,बारात घर सब है।यह एक मॉडल ग्राम पंचायत है जिसमें पूर्व बीडीओ अमित त्रिपाठी का भी विशेष सहयोग रहा जिन्होने अमृत सरोबर बनवाकर अपना नाम रोशन किया।

## नवागत एस डी एम ने अधिवक्ताओं के साथ की परिचयात्मक बैठक




संवाददाता

**रामनगर, बाराबंकी।** नवागत एस डी एम जॉइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल मे तहसील बार के पदाधिकारियो के साथ परिचयात्मक बैठक की तथा बार बेंच के ताल मेल से वाद कारियों को त्वरित न्याय दिलाने की बात कही। आई ए एस अधिकारी के रूप में रामनगर तहसील आकर अपना कार्य भार ग्रहण करने के बाद अधिवक्ताओं से परिचय करते उन्होंने कहा कि उनकी रामनगर तहसील में पहली तैनाती हुई है।वरिष्ठ अधिवक्ताओं से उन्हें सीखने का मौका मिलेगा। आप सभी का सहयोग मिले।सभी पटल की समस्याएं भी खत्म होंगी। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष युगुल किशोर मिश्र ने बुकें देकर स्वागत जाता।तहसीलदार विपुल कुमार सिंह,बार अध्यक्ष अनिल दीक्षित,महामंत्री सुरेश चंद्र मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी व अधिवक्ता मौजूद रहे।

# सग्राम प्रधान ऊषा सिंह के कार्यों की मंत्री ने की तारीफ,अच्छी रही चौपाल

**बीडीओ,ए डी ओ सहित समस्त स्टॉफ रहा सक्रिय**

संवाददाता

**रामनगर, बाराबंकी।** किन्हौली ग्राम पंचायत की ग्राम प्रधान ऊषा सिंह के कार्यो की प्रभारी मंत्री तारीफ कर गए। उन्होंने कहा कि महिला प्रधान खुद एक्टिव रहती हैं जिसका नतीजा है कि गांव में खूब विकास कार्य हुए। उन्होंने मनरेगा से बने हाट बाजार के बेहतरीन निर्माण की प्रशंसा की। शुक्रवार को देर रात तक चली किन्हौली चौपाल में मंत्री सुरेश राही ने मौजूद ग्रामीणों से समस्याएं पूंछी तो केवल पानी की टंकी व एक महिला की पेंशन न आने की बात सामने आई। बाकी रास्ता ,नाली के संबंध में कोई समस्या नही आई। उनको जो बुकलेट दी गई थी वह सचित्र थी जिसे देख कर बिंदुवार समीक्षा करते समय हर विषय पर वे ग्रामीणों से पूंछ रहे थे। ग्रामीणों ने



बताया की बेहतर शामुदायिक शौचालय बना है व अमृत सरोबर के चारो ओर फुटपाथ है ,हट बनी है व पौधे लगे हैं।पंचायत घर व कामन सर्विस सेंटर बन रहा।बारात घर बना है। यह सब जानकर प्रधान की सक्रियता पर खुशी जाहिर की और कहा कि जो भी महिला प्रधान हैं वे इसी तरह सक्रिय रहकर बढ़ चढ़ कर काम कराएं। मंत्री को बीडीओ जितेंद्र कुमार ने मनरेगा हाट बाजार की प्रगति बताई। उन्होने जाते जाते ग्राम प्रधान की तारीफ़ की और बेहतर कार्य करते रहने को कहा। पूर्व विधायक शरद अवस्थी भी पूरे समय मौजूद रहे। चौपाल को सफल बनाने में जंहा बीडीओ जितेंद्र कुमार,ए डी ओ पंचायत अभय शुक्ला,कृषि डा दलजीत सिंह व ग्राम विकास अधिकारी निखिल कनौजिया ,मनोज कुमार का सहयोग रहा वंही प्रधान पति दिनेश सिंह उनके सहयोगी राजा सिंह भी काफी सक्रिय रहे। चौपाल में भीड़ भी खूब हुई।

## पति पत्नी से परेशान बताया जान का खतरा एसएसपी से शिकायत

**अलीगढ़ ।** थाना अकराबाद क्षेत्र के अंतर्गत पति ने अपनी पत्नी से जान का खतरा बताया पीड़ित ने प्रार्थना पत्र एसएसपी को देते हुए कार्रवाई की मांग की है पीड़ित पति सलमान पुत्र जफरुद्दीन निवासी कोडियागंज ने आरोप लगाते हुए बताया 7 वर्ष पूर्व उसका निकाह रूबी पुत्री मजहर निवासी खोजी सराय थाना शाहगंज आगरा के साथ हुआ था पत्नी व उसके मायके वाले पति को विवाह के बाद से ही प्रताड़ित करते चले आ रहे हैं पत्नी को बुलाने जाने पर तरह-तरह की गाली गलौज शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करते चले आ रहे हैं पत्नी और ससुरालीजनो से लगातार जान माल का खतरा बना हुआ है पति की गैर मौजूदगी में पत्नी के बुलाने पर -चार अज्ञात बदमाश घर में आ गए और घर से सोने चांदी के आभूषण व अन्य सामान लेकर फरार हो गए फोन द्वारा लगातार पति को धमका रहे हैं यहां आकर रह नहीं तो जान से मार देंगे पीड़ित ने थाने में प्रार्थना पत्र दिया कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# जनपद की चारों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

संवाददाता

**अमेठी।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से जनपद की चारों तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील तिलोई में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है, मुख्यमंत्री जी द्वारा भी जन सामान्य की शिकायतों के निस्तारण को लेकर कड़े निर्देश दिए गए हैं। किसी भी स्तर पर शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली करने पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।




संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। तहसील तिलोई में कुल 63 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 09 का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील गौरीगंज में 44 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 06 का निस्तारण किया गया, तहसील मुसाफिरखाना में 24 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 02 शिकायतों का निस्तारण किया गया, तथा तहसील अमेठी में 25 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 01 शिकायत का निस्तारण किया गया, शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने तहसील परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी तिलोई अमित सिंह, क्षेत्राधिकारी तिलोई, तहसीलदार तिलोई सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

**कोट**

संपूर्ण समाधान दिवस में आ रही शिकायतों का निस्तारण सिर्फ कागजों पर हो रहा है इसकी पोल तब खुली जब एक माह पूर्व समाधान दिवस में अमेठी तहसील में पड़े प्रार्थना पत्र पर कोई कार्रवाई नहीं हुई और पीड़ित परेशान नजर आ रहे हैं फिर भी थानेदार सिर्फ कप्तान को गुमराह कर रहे हैं, एक महिला ने बताया कि एसपी और डीएम द्वारा शिकायती पत्र देने के बाद थाना अध्यक्ष को कार्रवाई करने के लिए कहा गया था परंतु आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई उल्टे उनके घर परिवार को धमकी दी जाती रहती है तहसील स्तर के अधिकारी सरकार को बदनाम करने का काम कर रहे हैं, सर्वाधिक फर्जी रिपोर्ट तहसील के लेखपालों द्वारा लगाकर समस्या का समाधान कर दिया जा रहा है

## राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में भरा बारिश का पानी

संवाददाता



**बीघापुर उन्नाव ।** विकासखंड क्षेत्र के गांव बारा स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में बरसाती पानी भर जाने से मरीजों को अस्पताल पहुंचने में दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है ।जल भराव के चलते मच्छरों के प्रकोप बढ़ गया है वहीं गंदगी के सड़ने से उठ रही बदबू से अस्पताल में बैठना मुश्किल है। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय बारा के परिसर में चारों ओर गंदगी का बोलबाला है। जल भराव के चलते गंदगी सड़ने से अस्पताल में बैठना मुश्किल हो रहा है। पिछले एक सप्ताह से आने वाले मरीजों को पानी मंझाकर इलाज के लिए आना जाना पड़ रहा है । गांव के लकी अग्निहोत्री, अभिषेक पांडेय,नंदी शुक्ला, नसीर अहमद, कलीम, हरेंद्र,धुन्नू सिंह ,विश्वनाथ सिंह ने बताया कि अस्पताल परिसर सड़क से नीचे होने के कारण स जल भराव परिसर में ही हो जाता है ।परिसर के आसपास पड़े कचरे में पानी भरने से सड़ान उत्पन्न होती है जिसके चलते आने वाले मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है । कई बार मामले को उच्च अधिकारियों को अवगत कराया लेकिन कोई भी प्रभावी कार्यवाई नहीं हुई। समाजसेवी रोहित तिवारी ,पुतल्लू पांडेय अवधेश पांडेय ने एसडीएम रणवीर सिंह से परिसर में मिट्टी डलवाने की मांग की है जिससे लोगों को राहत मिल सके। अस्पताल में तैनात डॉक्टर पूजा शर्मा ने बताया कि बरसात में जल भराव से लोगों को परेशानी हो रही है। विभागीय अधिकारियों को मामले से अवगत करा दिया गया है।

संक्षिप्त खबरें

### 2 अगस्त को होगा जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस

**उन्नाव।** हर माह की तरह इस बार 02 अगस्त को प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 02.00 बजे तक जनपद की सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा। इसी क्रम में जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील पुरवा में होगा। जिसमें समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण आदि मौजूद रहेंगे। इसी प्रकार तहसील बीघापुर में मुख्य विकास अधिकारी, तहसील सदर में अपर जिलाधिकारी (वि0रा0), तहसील सफीपुर में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), तहसील हसनगज एवं बांगरमऊ में संबंधित उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। यदि किसी भी जनपदवासी को किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत है, तो वह सम्बन्धित तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर अपनी शिकायत का निराकरण करा सकता है।

### पालिका सभासद ने मुख्यमन्त्री को पत्र भेजकर दबंगों द्वारा कब्जा की गयी अम्बेडकर पार्क की प्रस्तावित भूमि को मुक्त कराये जाने की मांग उठाई है

**बांगरमऊ,उन्नाव।** नगर के एक सभासद द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र प्रेषित कर बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर पार्क हेतु प्रस्तावित भूमि की पैमाइश किसी अन्य तहसील से कराने और भूमाफियाओं से सरकारी भूमि मुक्त कराए जाने की मांग उठाई है। नगर के मोहल्ला पन्नी टोला के सभासद सूरजबली द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रेषित शिकायती पत्र में कहा गया है कि राजस्व ग्राम बांगरमऊ की गाटा संख्या 1273 नगर की बस्ती के निकट स्थित है और नगर पालिका परिषद के सभी सभासदों द्वारा अरसा पूर्व सर्वसम्मति से इस सरकारी ग्राम समाज की भूमि पर बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर पार्क प्रस्तावित किया जा चुका है। किंतु नगर के भूमाफिया गिरोह द्वारा तहसील कर्मियों से सांठ-गांठ कर प्रस्तावित सरकारी भूमि पर जबरन कब्जा कर लिया गया है। संबंधित हल्का लेखपाल का कहना है कि इस गाटे की भूमि मौके पर मौजूद नहीं है। जबकि करीब एक वर्ष पूर्व प्रस्तावित घाटे की पैमाइश की जा चुकी है। पत्र में सभासद द्वारा यह भी कहा गया है कि भूमाफिया का गिरोह का मुखिया अपने को भाजपा का ऊंचा नेता बता रहा है और उसे किसी संगीन मुकदमे में फंसा देने की धमकी दे रहा है। सभासद ने शिकायती पत्रों की प्रतियां कार्यवाही हेतु जिलाधिकारी और प्रमुख सचिव राजस्व को भी भेजी है।

### स्वयं सहायता समूहब के सुविधादाता पर गबन करने का आरोप

**बीघापुर,उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के गांव जगदीशपुर में संचालित जगदंबा देवी स्वयं सहायता समूह के सदस्यों ने समूह के सुविधादाता मंगल पटेल पुत्र शिव चरन पटेल पर समूह के सदस्यों को वितरित करने वाले धन का बैंक से आहरण कर सदस्यों की न देकर गबन कर लिया। समूह के सदस्यों ने थाने में तहरीर दी है । जगदंबा देवी स्वयं सहायता समूह की सदस्य माधुरी देवी, निर्मला, चेतना, फूलमासा ,सरला देवी ,प्रेमवती, निर्मला देवी, महेश कुमार, जगतपाल ,रामप्रसाद, रमेश चंद्र ,सुरजन ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि जगदीशपुर में जगदंबा देवी स्वयं सहायता समूह का संचालन किया जाता है जिसमे सुविधा प्रदाता मंगल पटेल निवासी शिवदीन खेड़ा मगरायर है। मंगल पटेल द्वारा अवध ग्रामीण बैंक में संचालित खाते से 1लाख 29 हजार 500 रूपया सदस्यों को वितरित करने के लिए निकाले और सदस्यों को नहीं दिए। पैसा मांगे जाने पर टालमटोल कर रहे हैं। महिलाओं ने मंगल पटेल पर पैसा गबन करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। थाना अध्यक्ष राजपाल ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद सुविधादाता मंगल पटेल व सदस्यों को बुलाया गया है। दोनों पक्षों के बयान होने के बाद अग्रिम कार्यवाई की जाएगी।

### विद्यालय से जनरेटर का अल्टरनेटर चोरी

**बीघापुर,उन्नाव।** बारा सगवर थाना क्षेत्र के गांव महेश खेड़ा स्थित अमर शहीद राम लखन सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में चोरों ने विद्यालय परिसर में रखे जनरेटर का अल्टरनेटर पार कर दिया। विद्यालय प्रबंधक अरिदमन सिंह ने थाने में तहरीर देकर बताया कि विद्यालय में रखा जनरेटर का अल्टरनेटर गुरुवार की रात चोर खोल ले गए ।थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्र ने बताया कि मौके पर पुलिस को भेजकर जांच कराई है ।जांच के बाद अग्रिम कार्यवाई की जाएगी।

### स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**अमेठी।** नशामुक्ति अभियान के अन्तर्गत कमरौली पुलिस ने शुक्रवार को एक युवक को पचास ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियान सफीक अहमद उर्फ गुड्डू पुत्र जुम्मन -45निवासी बरसण्डा ,थाना कमरौली काफी समय से इस धंधे में लिप्त बताया गया है। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार के साथ पुलिस टीम ने उसे रोड नं चार के पास से पकड़ा है।

### संगठन की समीक्षा करेंगे बसपा प्रदेश अध्यक्ष

**अमेठी ।** पार्टी संगठन के कार्यों की समीक्षा और लोगों से मुलाकात के लिए बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ पाल तीन अगस्त को दो दिवसीय प्रवास पर जनपद आयेंगे। प्रदेश अध्यक्ष बामसेफ,बी वी एफ और बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारियों के साथ अलग अलग बैठकें करेंगे। तीन अगस्त को प्रदेश अध्यक्ष बामसेफ की बैठक करेंगे।चार अगस्त को जिला मुख्यालय पर बसपा की जिला, विधानसभा और सेक्टर कमेटियों के साथ बैठक करेंगे। बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष सुरेश कमल ने शुक्रवार को बैठकों की तैयारी को लेकर पदाधिकारियों के बीच जनसम्पर्क किया।

### पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित

**गाजियाबाद ।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, सीडीओ अभिनव गोपाल, पुलिस आयुक्त जे रविंद्र गौड व जिला प्रशासन द्वारा गाजियाबाद में



कावड़ यात्रा को सकुशल सफल बनाने में अपना योगदान दिया जिसमें दिन-रात शिव भक्तों की सेवा करते हुए कावड़ यात्रा को संपन्न कराया जिसके लिए मेरी आवाज सुनो जनकल्याण समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित आर डी शर्मा व उनके साथियों द्वारा सभी पदाधिकारीयों को उनके कार्यालय पहुंचकर अपनी संस्था का स्मृति चिन्ह देकर और लोई उड़ाकर सम्मान किया गया ।इस मौके संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

### प्रसव के बाद महिला की मौत

**उरई/जालौन।** जालौन के एट कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पचोखरा निवासी 26 वर्षीय प्रियंका की प्रसव के बाद मौत हो गई। यह घटना उरई के करमेर रोड स्थित स्वास्तिक नर्सिंग होम में हुई। प्रसव पीड़ा होने पर उन्हें वहां भर्ती कराया गया था। महिला की मौत के बाद परिजनों ने नर्सिंग होम पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। मृतका के चाचा कमलेश कुमार ने बताया कि उनकी भतीजी प्रियंका को प्रसव के लिए स्वास्तिक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। उनकी तबीयत पहले से ही नाजुक थी। शरीर में खून की भारी कमी थी। कमलेश के अनुसार, डॉक्टरों को पहले से जानकारी थी कि प्रियंका के शरीर में सिर्फ 3-4 पाउंड ब्लड ही मौजूद था। इसके बावजूद नर्सिंग होम द्वारा लापरवाही पूर्वक उसकी डिलीवरी कराई गई। प्रसव के दौरान हालत बिगड़ने लगी। लेकिन नर्सिंग होम स्टाफ ने समय पर सही उपचार या रेफर नहीं किया। प्रसव के तुरंत बाद प्रियंका की स्वास्तिक नर्सिंग होम में ही मौत हो गई। इसके बाद नर्सिंग होम प्रबंधन ने बिना स्पष्ट जानकारी दिए उसे एंबुलेंस से राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई भेज दिया। चौंकाने वाली बात यह रही कि महिला की मौत के बाद भी उसे मेडिकल कॉलेज भेजा गया। नवजात शिशु की हालत गंभीर बताई जा रही है। उसका इलाज मेडिकल कॉलेज में जारी है। इस घटना से परिजनों में आक्रोश है। उन्होंने उच्च अधिकारियों से शिकायत करने और दोषी नर्सिंग होम के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# जब विकसित होगा गांव तब होगा देश विकसितः सुरेश राही

संवाददाता

**निन्दूरा, बाराबंकी।** विकास खण्ड निन्दूरा क्षेत्र में शुक्रवार को आकांक्षी ब्लॉक निन्दूरा के प्रेरणा रिजॉर्ट में संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मत्री सुरेश राही पहुंचे उन्होंने बताया कि पहले की सरकारों ने निन्दूरा क्षेत्र के विकास के बारे में कभी नहीं सोचा बस हर पांच साल में आपसे वोट लिया।गांधी जी, आंबेडकर जी व लोहिया जी महापुरुषों के नाम पर सरकारें बनाई गई लेकिन क्या कभी उनके विचारों पर अमल किया गया या कभी उनके विचारों को जमीन पर लाने के लिए सोचा गया यह बीजेपी सरकार है जो आज गरीबों तक पहुंच रही है जोकि हमारा अंत्योदय का लक्ष्य था। प्रभारी मंत्री आगे कहते है कि प्रधानमंत्री विकसित भारत की बात करते है। विकसित देश तभी होगा जब यहां का गांव गांव विकसित होगा बगैर गांव



के विकास के विकसित देश संभव नहीं।एक दो राजमार्ग बनाने से देश विकसित नहीं होगा बल्कि हर गांव में बिजली,सड़क ,स्कूल और बच्चों के पोषण की सुविधा हो तब जाकर गांव के विकास के साथ देश का विकास होगा। इसलिए संपूर्णता अभियान चलाया गया। पहले की सरकारों में विधायक, सांसद और अधिकारी किसी के पास समय ही नहीं था कि वह गांव गांव जाकर देखे कि लोगो की क्या समस्या है अधिकारी सुबह 10 बजे से शाय पांच बजे तक ऑफिस में बैठकर चले जाते थे और इसी की उन्हें तनख्वाह दी जाती थी पर आज ऐसा नहीं है सभी आपको सड़कों और गांवों में जाते दिखेंगे और आपकी समस्या पता करके सरकार तक पहुंचते है और वहीं योजना तैयार होकर आप तक आती है। आज जो यह सम्मान समारोह हो रहा है आप सबके परिश्रम का परिणाम है।आप सभी ब्लॉक के कर्मचारीगण को बहुत बहुत बधाई। कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने कहा कि मुख्य मंत्री के मार्गदर्शन में हम सब के अथक प्रयास से नीति आयोग द्वारा निर्धारित इंडिकेटर्स में से तीन में सफलता मिली है और हम यहां तक पहुंचे है जो पैरामीटर्स शेष बचे है उन्हें भी ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य हम करेंगे यह संकल्प लेकर आज यहां से जायेंगे। ब्लॉक निंदूरा में कामों की श्रृंखला बहुत लंबी है 2017 से आज तक की स्थितियों में बहुत अमूल चूर परिवर्तन हुए है। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कहा कि जिस प्रकार आकांक्षी जनपदों को सभी सुविधाओं युक्त बनाया गया था उसी तर्ज पर आकांक्षी ब्लॉक चुने गए हैं आकांक्षी ब्लॉकों में प्राथमिकता रहती है कि कोई भी पद खाली न रहे और अच्छे कार्य के आधार पर अधिकारियों की तैनाती वहां की गई और कार्य योजना तैयार कर नीति आयोग द्वारा निर्धारित 100 से अधिक इंडिकेटर पर कार्य किया जा रहा है। जिन लोगों ने कुछ इंडिकेटर में बहुत अच्छा कार्य किया है उन्हें सम्मानित करने के लिए आज हम लोग यहां एकत्र हुए हैं। इन्हें किया गया ।

## एएसीएसबी सदस्यता प्रमाण पत्र और पिन बने मील का पत्थर



संवाददाता

**नोएडा ।** जीएल बजाज इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट एंड रिसर्च ने अपनी अकादमिक उत्कृष्टता की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया है, जब एएसीएसबी इंटरनेशनल के दक्षिण एशिया के क्षेत्रीय प्रमुख, प्रथाप दास जीएलबी आईएमआर का दौरा किया। इस अवसर पर, श्री दास ने जीएलबीआईएमआर की निदेशक डॉ. सपना राकेश को एएसीएसबी सदस्यता प्रमाण पत्र और सदस्यता पिन प्रदान किया। श्री दास के दौरे के दौरान, ÷उच्च शिक्षा में मान्यता का महत्व÷ विषय पर एक फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित किया गया था, जिसमें फैकल्टी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। श्री दास ने भारतीय बी-स्कूलों के लिए अंतरराष्ट्रीय मान्यताओं के महत्व पर प्रकाश डाला और निरंतर सुधार और सीखने की गारंटी की भूमिका पर जोर दिया। श्री दास ने बिजनेस स्कूलों की वैश्विक प्रतिष्ठा और अकादमिक मानकों को बढ़ाने में मान्यता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने एएसीएसबी मान्यता प्राप्त करने में निरंतर सुधार और सीखने की गारंटी की आवश्यकता पर जोर दिया। फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम ने एएसीएसबी मान्यता से जुड़े महत्व, प्रक्रिया और वैश्विक मानकों पर मूल्यवान जानकारी दी ।

## पहलवानों के लिए देवदूत बने सतपाल लगातार कर रहे हैं मदद

**देव मणि शुक्ल/नोएडा ।** बहलोलपुर स्थित भोला पहलवान अखाड़े में शुक्रवार को अंडर-23 जिला स्तरीय कुश्ती ट्रायल किया गया इस कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष सतपाल यादव बुद्ध नगर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होने कहा कि कुश्ती हमारी संस्कृति और अनुशासन की पहचान है। बहलोलपुर की यह धरती पहलवानों की कर्मभूमि है, यहाँ से निकलने वाले युवा ही भविष्य में देश का नाम रोशन करेंगे।इस दौरान बच्चों से 200 एंट्री फीस ली जाती है, लेकिन सतपाल यादव ने सभी बच्चों की नामाकन फीस माफकराकर बच्चों की दिल जीत लिया और एकमुष्त राशि गुरु चतर सिंह को प्रदान की इससे सभी बच्चों को बिना शुल्क दिए प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिला। इसके पहले कई पहलवानों को एक-एक लाख रुपये धनराशि प्रदान कर चुके हैं। सतपाल ने बताया कि हम साल एक बडे दंगल का आयोजन करते है जिसमें 35 से 40 लाख रुपये पहलवानों को वितरित किए जाते है ।

## जिला सहकारी बैंक के सभागार में अरुण सिंह का किया गया स्वागत




संवाददाता

**उन्नाव।** जिला सहकारी बैंक लि0 के बैंक सभागार भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई सहकारिता सभागार में नाबार्ड के अधिकारियों ने बैंक प्रबंध समिति बैठक में भाग लिया। इस मौके पर अरुण सिंह का स्वागत किया। इस अवसर पर नाबार्ड अधिकारी सर्वेश गुप्ता सहायक महाप्रबंधक एवं श्रीमती अंजू जी व सुमित पटेल जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड तथा बैंक उप सभापति गंगा प्रसाद, संजय पाण्डेय सचिव / मुख्य कार्यपालक अधिकारी, पुनीत चौधरी, श्रीमती अंजू सगर उपमहाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक एवं बैंक के निदेशक योगेन्द्र तिवारी, शिवमोहन, अंकित कुमार, अमित प्रताप, श्रीमती रंजना देवी, उदय प्रताप, निर्मल कुमार, रामबोध, श्रीमती शारदा देवी, शिवमोहन उपस्थित रहें।

## सड़कों पर उतरा अटेवा, निकाली रोष रैली

अटेवा के बैनर तले दर्जनों शिक्षक कर्मचारी संगठन ने भरी हुंकार

संवाददाता

**अमेठी ।** शुक्रवार को जनपद के मुख्यालय गौरीगंज में पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने निजीकरण की समाप्ति के लिए अटेवा के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में गौरीगंज के जामो रोड से कलेक्ट्रेट गौरीगंज तक रोष रैली निकाली गई। जिसमें पेंशन विहीन कर्मचारियों के दर्जनों संगठन सम्मिलित होकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि एडीएम को सौंपा।देश के लगभग 01 करोड शिक्षक, कर्मचारी अधिकारी लगातार पुरानी पेंशन बहाली एवं निजीकरण की समाप्ति की मांग उठायी जाती रही है। देश का शिक्षक, कर्मचारी व अधिकारी सरकार से उम्मीद करता है कि उसकी सामाजिक सुरक्षा पुरानी पेंशन बहाली का निर्णय लिया जाएगा।देश का शिक्षक, कर्मचारी व अधिकारी एन पी एस के दंश को झेल रहा है।

हाल में सरकार द्वारा यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यू0 पी0 एस0) देने का निर्णय लिया गया। इसके अन्तर्गत जो प्रावधान सामने आये है। उससे प्रतीत होता है कि यह एन पी एस से भी चातक सिद्ध होगा इससे देश का अर्द्धसैनिक बल सहित शिक्षक, कर्मचारी व अधिकारी को ठगा महसूस कर रहा है।




देश के करोड़ों युवा शिक्षको, कर्मचारियों व अधिकारियों की बुढ़ापे की लाठी है पुरानी पेंशन जिसके लिए लगातार देश भर के कर्मचारी अलग-अलग माध्यमो से अपने हक की आवाज उठाते रहते है। अटेवा के जिला अध्यक्ष मंजीत यादव पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया तथा उन्होंने कहा जब तक पुरानी पेंशन की मांग पूरी नहीं होगी तब तक अटेवा जमीन पर संघर्ष करता रहेगा। इस अवसर पर अजय कुमार मौर्य, महेन्द्र प्रताप मिश्रा अध्यक्ष पी एस पी एस ए ,विवेक शुक्ला अध्यक्ष आर एस एम, धीरेंद्र सिंह अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ, अब्दुल रशीद अध्यक्ष जूनियर शिक्षक संघ, जय राम कनौजिया,श्री राम सोनी, मोलहू राम यादव,संजय कन्नौजिया अध्यक्ष शिक्षा मित्र ,के के कन्नौजिया अध्यक्ष प्रोटॉन अमेठी, बृजेश यादव अध्यक्ष माध्यमिक शिक्षक संघ, अरविंद त्रिपाठी, ललित यादव,राजेश सिंह,प्रमोद तिवारी, दुष्यंत यादव, कपिलेश यादव, अरविंद्र तिवारी,दिनेश,सुधांशू सिंह सहित सैकड़ों पेंशन विहीन कर्मचारी मौजूद थे।

## लोहिया अस्पताल से चोरी हुई बाइक लावारिस हालत में मिली

संवाददाता

**मसौली बाराबंकी।** दस जुलाई को लोहिया अस्पताल के गेट नम्बर 3 से चोरी हुई आपाची बाईक शुक्रवार की सुबह मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम बिन्दौरा के निकट डबल नहर पटरी से लवारिस हालत मे बरामद हुई। शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों ने देखा कि शारदा सहायक डबल नहर की पटरी पर झाड़ियों के बींच एक सफ़ेद रंग की बाईक पड़ी हुई मौक़े पर पहुंची पुलिस ने बाईक को कब्जे मे लेते हुए आसपास का जायजा लिया तो नहर मे एक तैरता हुआ हेलमेट भी बरामद हुआ। बरामद बाईक पर पड़े नम्बर यूपी 32 एफ बी 7933 व चेचिस नम्बर मे भिन्नता देख पुलिस ने चेचिस नम्बर से वाहन स्वामी सुनील यादव पुत्र रूपचंद्र निवासी निजामपुर मलहौर ने बताया कि गत 10 जुलाई को लोहिया अस्पताल लखनऊ मे दवा लेने गया था तथा गेट नम्बर 3 पर बाईक खड़ी



कर दवा लेकर वापस आया तो बाईक गायब थी बाईक का वास्तविक का नम्बर यूपी 32 जे एल 0534 है 11 जुलाई को बाईक चोरी का मुकदमा थाना विभूतिखण्ड गोमतीनगर मे लिखा गया था। मसौली पुलिस ने बाईक बरामदगी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता आयोजित

संवाददाता

**अमेठी ।** शुक्रवार को डॉ भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में जिला स्तरीय जूनियर बालक वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फाइनल मुकाबले में राजकीय इंटर कालेज की टीम ने सूर्य रेखा पब्लिक स्कूल, तिलोई को42-14के अंतर से हराया। जूनियर बालक वर्ग कबड्डी के कबड्ड् डी प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अमेठी युवराज सिंह व उपक्रीडाधिकारी शमीम अहमद एवं मो0 मोसर्रफ खाँ द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में उपजिलाधिकारी (अतिरिक्त) गौरीगंज, सात्विक श्रीवास्तव द्वारा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर कबड्डी विजेता एवं उपविजेता खिलाडियो तथा भारोतोलन में स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया। उन्होंने बताया



कि कबड्डी बालक वर्ग प्रतियोगिता दो टीमों के मध्य खेला गया जिसमें वाई.एम.पी.एस. स्कूल ने 24-19 से गुरुकुल ज्ञान एकेडमी, राजकीय इण्टर कॉलेज ने 37-9 से लक्षनशाह कोरारी व सूर्य रेखा पब्लिक स्कूल तिलोई ने 18-8 से जगदीशपुर खटोरा क्लब तथा श्री आसलदेव इण्टर कॉलेज ने 26-10 से रणवीर इण्टर कॉलेज को हराया। उन्होंने बताया कि प्रथम सेमीफाइनल में सूर्य रेखा पब्लिक स्कूल तिलोई ने 29-3 से वाई.एम.पी.एस. स्कूल एवं द्वितीय सेमीफाइनल में राजकीय इण्टर कॉलेज ने 22-4 से आसलदेव इण्टर कॉलेज को हराया तथा फाइनल मुकाबले में राजकीय इण्टर कॉलेज ने 42-14 से सूर्य रेखा पब्लिक स्कूल तिलोई को हराकर विजेता रही। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर जिला खेल कार्यालय अमेठी में कार्यरत जीवन रक्षक राम आसरे यादव, कनिष्ठ सहायक शिवकुमार मौर्य, अंशकालिक मानदेय प्रशिक्षक मो0 आरिफ, मो0 नदीम, लबली तिवारी, मोना सिन्हा, आरती सिंह सहित अन्य समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## नई पीढ़ी का हॉस्पिटैलिटी तंत्र, अब होगा आईएचई 2025 में जीवंत

**देव मणि शुक्ल/नोएडा।** इंडिया इंटरनेशनल हॉस्पिटैलिटी एक्सपो का 8वां संस्करण 3 से 6 अगस्त 2025 तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा में आयोजित किया जा रहा है। यह प्रतिष्ठित आयोजन भारत की हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री की संपूर्ण वैल्यू चेन को एक ही मंच पर लाने जा रहा है। एक्सपो का उद्घाटन विशिष्ट अतिथियों और उद्योग जगत के अग्रणी नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति में किया जाएगा। जैसे-जैसे भारत का हॉस्पिटैलिटी और पर्यटन क्षेत्र अभूतपूर्व वृद्धि कर रहा है, उसका राष्ट्रीय जीडीपी में योगदान भी निरंतर बढ़ रहा है। अनुमान के अनुसार, यह क्षेत्र 2028 तक 488 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँच सकता है। हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री अब केवल एक सेवा नहीं, बल्कि रोज़गार सृजन, विदेशी मुद्रा अर्जन और सांस्कृतिक कूटनीति का सशक्त माध्यम बन गई है। ऐसे में IHE 2025 एक समयानुकूल और प्रासंगिक मंच बनकर उभर रहा है, जो परंपरा और नवाचार को जोड़ते हुए ।

## ऑटो को रोककर बाइक सवारों ने की मारपीट, 4 घायल

ऑटो से लौट रहे घायल परिवार को अज्ञात नें मारी टक्कर, एक गंभीर घायल

संवाददाता

**अलीगंज/एटा।** अलीगंज थाना क्षेत्र में मासूम के अंतिम संस्कार के बाद दिल्ली लौट रहे परिवार को साइड न मिलने पर बाइक सवारों ने घेरकर मारपीट की। घटना का वीडियो वायरल हुआ। जब घटना में घायल परिवार वापस अपने घर लौट रहा था तो ऑटो को अज्ञात वाहन नें टक्कर मार दी जिससे एक गंभीर घायल हो गई जिसको रेफर किया गया। थाना अलीगंज क्षेत्र में एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें बुधवार की देर शाम 8ः00 बजे ऑटो द्वारा साइट न दिए जाने पर बाइक सवारों नें ऑटो को रोककर ऑटो में बैठे परिवारी के साथ गाली गलौज और मारपीट करना शुरू कर दिया। घायलों ने बताया कि गांव बिथरा से सुमित, अजीत, जितेंद्र, भाभी सीमा और 13 वर्षीय भतीजी कोमल अपने मासूम भतीजे के अंतिम




संस्कार के बाद ऑटो से दिल्ली लौट रहे थे। अलीगंज बाजार में भीड़ होने के कारण ऑटो चालक बाइक सवारों को साइड नहीं दे पाया। इसी बात पर नाराज होकर बाइक सवारों ने ऑटो रुकवाकर परिवार के सदस्यों को पीटना शुरू कर दिया। हमलावरों ने लात, घूंसे से परिवार के सभी सदस्यों पर हमला कर दिया। घायल परिवार घबराते हुए ज़ब अपने गांव जा रहे थे तभी किसी अज्ञात वाहन ने उनके ऑटो को टक्कर मार दी जिसकी वजह से ऑटो में सवार लोग घायल हो गए हादसे में सगी भाभी रागिनी पत्नी पवन उम्र 22 वर्ष गम्भीर रूप से घायल हो गई जिन्हें इलाज के लिए परिजन फर्रुखाबाद के निजी अस्पताल ले गए जहां उनका इलाज चल रहा है। रागिनी के एक माह के बेटे की मौत के बाद परिवार दिल्ली से गांव अंतिम संस्कार में शामिल होने आया था।कोतवाली प्रभारी निर्दोष कुमार सेंगर नें जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ितों द्वारा तहरीर प्राप्त हुई है मामला दर्ज कर लिया गया है जांच करा अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## नेकी का दोना-पत्तल- सेवा, संवेदना और सादगी का संगम

**देव मणि शुक्ल/नोएडा ।** नेकी का डब्बा फाउंडेशन द्वारा संचालित मानवीय पहल नेकी का दोना-पत्तल÷ ने एक बार फिर अपनी करुणा भरी सोच के साथ ज़रूरतमंदों के दिलों को छुआ। 1 अगस्त को समृद्धि ग्रैंड एवेन्यू सोसाइटी में आयोजित इस सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 300 वंचितों को गरम, ताज़ा और पौष्टिक भोजन ससम्मान परोसा गया। इस पुनीत आयोजन की प्रेरणा बने प्रदीप कुमार गुप्ता, जिनके सहयोग और समर्पण से यह सेवा संभव हो सकी। यह कार्यक्रम उनके परिवार द्वारा एक विशेष अवसर को समाजसेवा से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का संचालन कर रहीं उर्वशी मसंद ने बताया कि ÷यह केवल भोजन वितरण नहीं है, यह रिश्तों को जोड़ने, दर्द को समझने और समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व को निभाने का एक भावनात्मक प्रयास है।

## मानसिक रूप से कमजोर युवक को ग्रामीणों ने पीटा

संवाददाता

**गाजियाबाद ।** डासना में ड्रोन मैन बताकर लोगों ने घर से चार दिनों से लापता नशेड़ी युवक को पेड़ से रस्सियों से बांधकर घंटों पीटा। ग्रामीणों का आरोप है कि इसके अन्य साथी भाग गए। पुलिस जांच में युवक नशे का आदी है और मानसिक रूप से कमजोर है, पुलिस अब युवक को बंधक बनाकर पीटने वालों की पहचान करने में जुटी है।डासना में लोगों ने सड़क पर इधर-उधर घूम रहे एक युवक को पकड़ लिया और ड्रोन मैन बताकर पिटाई की। मौके पर पहुंची वेव सिटी ने युवक को बंधनमुक्त कराया और ग्रामीणों को कार्रवाई की चेतावनी दी। पूछताछ में बंधक युवक ने अपना नाम पिंकी कुमार (31) निवासी गांव त्योडी थाना पहासू जनपद बुलंदशाह बताया। पहासू थाने से संपर्क कर पिंकी के परिजनों से



बातचीत की गई। परिजनों ने बताया कि पिंकी कुमार सुल्फा और भांग पीने का आदी है घर में कई-कई दिन नहीं लौटता। पिछले चार दिनों से नशे में ही इधर-उधर भटक रहा है। पुलिस जांच में पिंकी कुमार का कोई आपराधिक इतिहास भी नहीं है। वेव सिटी एसीपी प्रियश्री पाल ने बताया कि बंधक बनाकर युवक को पीटने वालों की वायरल वीडियो से पहचान की जा रही है। पिंकी के परिजन तहरीर देंगे तो मुकदमा लिखकर कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### गाजा में निरीक्षण करने के लिए इजराइल पहुंचे अमेरिकी दूत

**गाजा।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ गाजा में बदतर होती मानवीय स्थिति पर चर्चा के लिए बृहस्पतिवार को इजराइल पहुंचे। गाजा में भोजन और अन्य सहायता की प्रतीक्षा करते समय जान गंवाने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस ने बताया कि विटकॉफ और अमेरिकी राजदूत माइक हकाबी शुक्रवार को गाजा में भोजन वितरण व्यवस्था का निरीक्षण करेंगे। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि बीते 24 घंटे में सहायता प्राप्त करने का प्रयास करते समय कम से कम 91 फलस्तीनी मारे गए जबकि 600 से अधिक लोग घायल हुए हैं। 54 लोगों की मौत बुधवार को उत्तरी गाजा में जिकिम चौराहे पर भोजन की प्रतीक्षा करते समय हुई।

### रूस ने कीव पर रातभर दागे ड्रोन और मिसाइलें, 13की मौत

**कीव ।** रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर बुधवार रातभर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया। इस हमले में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि मरने वालों में एक छह साल का बच्चा भी शामिल है। इसके अलावा, हमले में 132 लोग घायल भी हुए हैं। यूक्रेन की आपातकालीन सेवा के मुताबिक, घायल लोगों में 14 बच्चे भी शामिल हैं, जिनमें एक पांच महीने की बच्ची भी है। सार्वजनिक रिकॉर्ड के अनुसार, रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से ये अब तक का सबसे बड़ा हमला है, जिसमें एक साथ इतने बच्चे घायल हुए हैं। कीव के सैन्य प्रशासन प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने बताया कि हमले में एक नौ मंजिला इमारत का एक बड़ा हिस्सा ढह गया है। बचाव दल मलबे में दबे लोगों को निकालने में लगे हुए हैं। वहीं, क्षतिग्रस्त इमारत में रहने वाली 35 वर्षीय याना झाबोरोवा ने बताया कि तेज धमाकों की आवाज से उनकी नींद खुल गई। उन्होंने देखा कि हमलों की वजह से घर के दरवाजे और खिड़कियां टूट गईं। पांच महीने के शिशु और पांच साल के बच्चे की मां झाबोरोवा ने कहा, %यह सिर्फ तनाव और सदमा है, कुछ भी नहीं बचा है। तकाचेंको ने बताया कि कीव में कम से कम 27 जगहों पर हमला हुआ है, जिसमें सोलोमिंस्क्यी और स्वियातोशिनस्क्यी जिलों में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। उन्होंने बताया कि कीव में 100 से ज्यादा इमरातें क्षतिग्रस्त हो गईं।

# भारत समेत 60 देशों पर अमेरिकी टैरिफ सात अगस्त से होगा प्रभावी

एजेंसी

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप ने गुरुवार को भारत समेत 60 से अधिक अमेरिकी व्यापारिक साझेदार देशों के निर्यात पर नए टैरिफ (शुल्क) की घोषणा की। शुल्क की यह दर 07 अगस्त से प्रभावी होगी। इसमें भारत पर 25 फीसद और पाकिस्तान पर 19 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया है। ट्रंप ने वैश्विक व्यापार को फिर से पटरी पर लाने की अपनी क्रांतिकारी योजना को आगे बढ़ाते हुए आधीरात से कुछ पहले इस आशय के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए।



द न्यूयॉर्क टाइम्स, सीबीएस न्यूज और एनबीसी न्यूज की खबर के अनुसार, 60 से अधिक देशों पर टैरिफ 07 अगस्त की रात 12÷01 बजे से प्रभावी होगा। इसका अपवाद सिर्फ कनाडा है, जिसके निर्यात पर 01 अगस्त की रात 12÷01 बजे से टैरिफ लागू होगा। कनाडा पर लगने वाले टैरिफ में उन सभी वस्तुओं को छूट दी गई है, जिनका व्यापार अमेरिका-मेक्सिको-कनाडा समझौते के तहत होता है। इस समय कनाडा से अमेरिका के आयात का बड़ा हिस्सा इन्हीं वस्तुओं का है। कार्यकारी आदेश में कुछ ऐसे देश भी शामिल हैं जिन्होंने प्रशासन के साथ व्यापार समझौते तोड़ दिए हैं और दर्जनों ऐसे देश हैं जिनके बीच अभी तक कोई समझौता नहीं हुआ है। सीरिया के लिए यह शुल्क 41 फीसद, लाओस, म्यांमार के लिए 40 फीसद तक हैं। कार्यकारी आदेश में साफ किया गया है कि किसी भी देश के आयात पर 10 प्रतिशत से कम टैरिफ नहीं लगेगा। सनद रहे ट्रंप ने पहले एक अगस्त की मध्यरात्रि के बाद से उच्च शुल्क लगाने की प्रतिज्ञा की थी। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया कि अतिरिक्त सात दिनों की मोहलत देने का उद्देश्य सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा को नई टैरिफ दरों को लागू करने के लिए पर्याप्त समय देना है। राष्ट्रपति ट्रंप ने 90 से अधिक देशों पर मुक्ति दिवस पर टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। बाद में उसे 90 दिन के लिए स्थगित कर दिया। इसके बाद उन्होंने व्यापार समझौतों के लिए आखिरी समय-सीमा अप्रैल में तय की। फिर 09 जुलाई की समय-सीमा आई और चली गई। व्हाइट हाउस ने फिर मोहलत दी। इसके बाद ट्रंप ने अधिकतर देशों के लिए आखिरी समय-सीमा पहली अगस्त तय की। गुरुवार की हस्ताक्षरित कार्यकारी आदेश की सूची में लगभग 70 व्यापारिक साझेदार शामिल हैं। जो देश सूची में नहीं हैं, उनके उत्पादों पर 10 फीसद टैरिफ लगेगा। कुछ देशों के लिए गुरुवार की टैरिफ सूची में उन दरों की तुलना में कम दरें हैं जिनकी घोषणा मुक्ति दिवस पर की गई थी। कुछ अन्य देशों के टैरिफ में थोड़ी वृद्धि की गई है। उदाहरण के लिए अप्रैल में मेडागास्कर पर 47 फीसद टैरिफ लगाने की घोषणा की गई थी। गुरुवार को मेडागास्कर पर सिर्फ 15 फीसद टैरिफ लगाया गया। वहीं स्विट्जरलैंड की दर 31 प्रतिशत से बढ़ाकर 39 फीसद कर दी गई।

हाल के हफ्तों में ट्रंप के साथ समझौते करने वाले कुछ व्यापारिक साझेदारों में जापान, दक्षिण कोरिया और यूरोपीय संघ शामिल हैं। इनके लिए नई टैरिफ सूची व्यापारिक समझौतों के अनुरूप है। एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने कहा कि सूची में अमेरिकी व्यापारिक साझेदारों को तीन श्रेणियों में बांटा गया है। उन्होंने कहा कि अगर किसी देश के साथ अमेरिका का व्यापार अधिशेष है (यानी अमेरिका उस देश को आयात से अधिक सामान निर्यात करता है) तो उस देश के सामान पर 10 फीसद टैरिफ दर लागू होगी। अगर अमेरिका का व्यापार घाटा कम है, तो उस देश से आयात पर आम तौर पर 15 फीसद टैरिफ लगेगा। जिन देशों के साथ अमेरिका का घाटा अधिक है, उन्हें ज्यादा टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। संयुक्त राज्य अमेरिका के तीन सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में मेक्सिको, कनाडा और चीन हैं।

व्हाइट हाउस ने गुरुवार को घोषणा की कि शुक्रवार से प्रभावी कनाडाई वस्तुओं पर शुल्क 25 प्रतिशत से बढ़कर 35 प्रतिशत हो जाएगा। ट्रंप मेक्सिको और चीन को भी टैरिफ बढ़ाने की धमकी दे रहे हैं, लेकिन मेक्सिको को गुरुवार को 90 दिनों का विस्तार मिल गया और चीन के साथ समझौता करने की 12 अगस्त की समय सीमा भी तीन महीने के लिए बढ़ाए जाने की उम्मीद है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कार्यकारी आदेश पर दस्तखत करने के बाद एक साक्षात्कार में कहा कि जिन देशों ने अभी तक व्यापार समझौता नहीं किया है, उनके लिए नए आयात शुल्क से बचने के लिए बहुत देर हो चुकी है। बावजूद इसके वह बातचीत करने के लिए तैयार हैं। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता कुश देसाई ने कहा, ÷राष्ट्रपति ट्रंप के व्यापार समझौतों ने अमेरिकी निर्यात के लिए उन अर्थव्यवस्थाओं तक अभूतपूर्व पहुंच खोल दी है जिनका कुल मूल्य 32 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा है और जिनकी आबादी 1.2 अरब है।÷

## हमास की अपील, कहा- युद्ध समाप्त करना 'मानवीय और नैतिक कर्तव्य'

एजेंसी

**न्यूयॉर्क/गाजा।** संयुक्त राष्ट्र में इजराइल-फिलिस्तीन मुद्दे पर हुए हालिया अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के बाद फिलिस्तीनी संगठन हमास ने एक बयान जारी कर कहा है कि गाजा में युद्ध का अंत करना एक मानवीय और नैतिक कर्तव्य है।



हमास ने बयान में कहा कि हम अपने फिलिस्तीनी लोगों और उनके वैध अधिकारों के समर्थन में किए गए किसी भी अंतरराष्ट्रीय प्रयास की सराहना करते हैं और उसका स्वागत करते हैं। हालांकि हमास ने यह भी स्पष्ट किया कि जब तक इजराइल गाजा पर अपना हमला बंद नहीं करता, तब तक किसी भी राजनीतिक समाधान की कोई संभावना नहीं है। उसने इजराइल पर ÷नरसंहार÷ और ÷व्यवस्थित भुखमरी नीति अपनाने का आरोप लगाया। हमास ने संकेत दिया कि वह युद्ध को समाप्त करने और इजराइली बंदियों को रिहा करने के लिए तैयार है, लेकिन इसके लिए एक स्थायी संघर्षविराम समझौते की जरूरत है। जिसमें गाजा से इजराइली सेनाओं की पूर्ण वापसी, सीमा पारियों (क्रॉसिंग्स) को खोलना और पुनर्निर्माण कार्यों की तत्काल शुरुआत शामिल हो। हमास ने अपने बयान में दो-राष्ट्र समाधान का समर्थन करते हुए कहा कि ÷हमें एक ऐसे राजनीतिक रास्ते की ओर बढ़ना होगा जो कब्जे के अंत की ओर ले जाए और हमारे लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करे, जिसमें यरुशलम को राजधानी बनाकर एक पूर्ण संप्रभु स्वतंत्र फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना हो।

## हाईकोर्ट ने लापता बुजुर्ग की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर पाकके विदेश, गृह मंत्रालय के सचिव को तलब किया

एजेंसी

**क्वेटा।** बलूचिस्तान उच्च न्यायालय ने बुजुर्ग नागरिक वाहिद कंबर बलूच के लापता होने के संबंध में गुरुवार को पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय और पाकिस्तान के गृह मंत्रालय के सचिव को तलब किया। 19 जुलाई 2024 को ईरान से कथित तौर पर उनका अपहरण कर लिया गया था। अपहरण के एक साल बाद भी उनका कोई अता-पता नहीं है।



उच्च न्यायालय ने बंदी प्रत्यक्षीकरण की सुनवाई करते हुए दोनों को अगली तारीख में पेश होने का आदेश दिया। द बलूचिस्तान पोस्ट की खबर के अनुसार, बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका वाहिद कंबर बलूच की ओर से अधिवक्ता हबीब ताहिर और शारी बलूच ने दायर की है। सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने पूर्व में पांच प्रतिवादियों को दिए गए नोटिसों की स्थिति के बारे में पूछताछ की। केवल दो जवाब प्रस्तुत किए गए, दोनों ही विदेश मंत्रालय के प्रतिनिधियों की ओर से थे। एक जवाब में संकेत दिया गया कि मंत्रालय ने तेहरान स्थित पाकिस्तान के दूतावास से संपर्क किया। दूतावास ने बताया कि ईरान-इजराइल संघर्ष के कारण स्थिति संवेदनशील बनी हुई है। फिर भी दूतावास ने कहा कि जल्द से जल्द एक आधिकारिक रिपोर्ट उपलब्ध कराने के प्रयास जारी हैं। विदेश मंत्रालय के दूसरे जवाब में कहा गया कि यह मामला उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। वकील ने इस पर न्यायमूर्ति आमिर राणा से आग्रह किया कि वे संबंधित विभागों पर सख्त निर्देश जारी करें और उनकी बरामदगी सुनिश्चित करने और उनकी स्थिति के बारे में आधिकारिक बयान प्राप्त करने के लिए दबाव डालें। मामले की गंभीरता को देखते हुए न्यायमूर्ति राणा ने कहा कि न्यायालय ÷तदनुसार कार्यवाही करेगा।÷ हालांकि, उच्च न्यायालय ने अधिकार क्षेत्र का मुद्दा भी उठाया और सवाल किया कि क्या वह विदेशी धरती पर हुए अपहरण से जुड़े मामले में फैसला सुना सकता है। जवाब में, वकील ने तर्क दिया कि वाहिद कंबर पाकिस्तान के नागरिक हैं और अपहरण चाहे कहीं भी हुआ हो, कार्रवाई करना राज्य के नाते पाकिस्तान और न्यायपालिका का कर्तव्य है, खासकर जब मौलिक संवैधानिक अधिकार दांव पर हों। न्यायमूर्ति राणा ने वकील के तर्क से सहमत होते हुए गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के सचिव को अदालत में उपस्थित होने और अगली सुनवाई में एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

### सऊदी अरब के ग्रीन माउंटेन अम्यूजमेंट पार्क में अचानच गिरा झूला, 23 लोग गंभीर

**रियाद।** खलीज टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों से 360 डिग्री नाम से मशहूर मनोरंजन पार्क की सवारी से जुड़ी भयावह घटना का पता चला है, जिसमें कई लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि चोटें तब आईं जब किसी यांत्रिक खराबी के कारण सवारी का पोल अचानक खतरनाक रूप से तेज़ गति से पीछे की ओर मुड़ गया और विपरीत दिशा में बैठे लोगों को टक्कर मार दी। सीधी टक्कर के अलावा, कुछ यात्री अपनी सीटों से गिरकर घायल हो गए, जबकि सवारी अभी भी चल रही थी, जिससे अफरा-तफरी और बढ़ गई। सऊदी अरब के ताइफ़ के पास हादा इलाके में स्थित ग्रीन माउंटेन पार्क में एक मनोरंजन पार्क की सवारी में खराबी का एक चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है, जिससे कम से कम 23 लोग घायल हो गए। सोशल मीडिया पर मौजूद वीडियो में, मनोरंजन पार्क जाने वाले लोगों को रोमांचकारी सवारी पर सवार देखा जा सकता है।

## ट्रंप ने कई देशों में संघर्ष खत्म कराए, उन्हें मिले नोबेल : व्हाइट हाउस

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा है कि डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार दिया जाना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने दुनिया भर में कई संघर्षों को समाप्त कराया है, जिनमें भारत और पाकिस्तान के बीच का संघर्ष भी शामिल है।

ट्रंप ने 10 मई को सोशल मीडिया पर यह घोषणा की थी कि भारत और पाकिस्तान ने वाशिंगटन की मध्यस्थता में ''एक रात तक चली'' बातचीत के बाद ''पूर्ण रूप से और तुरंत'' संघर्षविराम पर सहमति जतायी है। इसके बाद से वह बार-बार यह दावा करते रहे हैं कि उन्होंने दोनों देशों के बीच तनाव कम कराने में मदद की। लेविट ने बृहस्पतिवार को व्हाइट हाउस में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ट्रंप ने ''थाईलैंड और कंबोडिया, इजराइल और ईरान, रवांडा और लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो, भारत और पाकिस्तान, सर्बिया और कोसोवो तथा मिस्र और इथियोपिया के बीच संघर्ष समाप्त कर दिए हैं।'' उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने अपने छह महीने के कार्यकाल में औसतन हर महीने एक शांति समझौता या युद्धविराम कराया है। प्रेस सचिव ने कहा, ''राष्ट्रपति ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार दिए जाने का वक्त आ गया है।'' ट्रंप ने यह दावा करीब 30 बार दोहराया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव ''कम कराने में मदद की÷ और परमाणु हथियार संपन्न दक्षिण एशियाई पड़ोसी देशों से कहा कि अगर वे संघर्ष रोकते हैं, तो अमेरिका उनके साथ बहुत ज्यादा व्यापार करेगा। वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस सप्ताह संसद में कहा कि किसी भी देश के किसी भी नेता ने भारत से 'ऑपरेशन सिंदूर' रोकने के लिए नहीं कहा था। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को स्पष्ट रूप से कहा कि पाकिस्तान के साथ संघर्षविराम लाने में किसी तीसरे पक्ष का हस्तक्षेप नहीं था।

## रूस में ऑनलाइन चरमपंथी सामग्री की तलाश भी पड़ेगी महंगी, विधेयक पर राष्ट्रपति पुतिन ने किए हस्ताक्षर

एजेंसी

**मास्को।** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को उस विधेयक पर हस्ताक्षर कर दिया, जो ऑनलाइन चरमपंथी सामग्री तक पहुँचने या उसकी तलाश को अपराध घोषित करता है। इसके कानून के तहत दोषी पाए जाने पर 5,000 रूबल (करीब 64 डॉलर) तक जुर्माने का प्रावधान है। यह कानून 1 सितंबर से लागू होगा।



रूस की संसद के दोनों सदनों ने ऐसे विधेयक को मंजूरी दी, जिसके तहत इंटरनेट पर चरमपंथी घोषित सामग्री की तलाश अपराध माना जाएगा।दी मॉस्को टाइम्स के मुताबिक इस विधेयक पर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद यह कानून बन गया। यह कानून को रूस में इंटरनेट पर सरकारी नियंत्रण और सख्त करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। जिसमें कहा गया है कि अगर कोई व्यक्ति जानबूझकर 'चरमपंथी' मानी जाने वाली सामग्री को तलाशता या एक्सेस करता है तो उस पर करीब 64 अमेरिकी डॉलर (लगभग 5000 रूबल) तक जुर्माना लगाया जा सकता है। हालांकि, अभी यह साफ नहीं किया गया है कि इसकी निगरानी किस तरह की जा सकेगी। किस तरह सर्च को ट्रैक किया जाएगा या किस आधार पर यह तय होगा कि किसने जानबूझकर ऑनलाइन ऐसी सामग्री खोजी है। रूस में ऐसे लोगों की बड़ी संख्या है जो वीपीएन का इस्तेमाल कर प्रतिबंधित साइट्स तक पहुंच बनाते हैं। राष्ट्रपति पुतिन गुरुवार को ही वीपीएन सेवाओं के विज्ञापन पर प्रतिबंध लगाने वाले एक और विधेयक पर हस्ताक्षर किए, जो पिछले तीन वर्षों में रूस में व्यापक हो गए हैं। साल 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण के बाद से रूस में सरकार विरोधी आवाजों को दबाने के लिए ऑनलाइन सेंसरशिप और मीडिया बैन में इजाफा हुआ है। इन कानूनों को इसी संदर्भ में देखा जा रहा है। रूस में चरमपंथ की परिभाषा काफी व्यापक होने के कारण इसके व्यापक प्रभाव की संभावना है।

### मेक्सिको पर मेहरबान ट्रंप, टैरिफ से दी 90 दिनों की राहत

**वाशिंगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मेक्सिको पर मेहरबान दिखे। उन्होंने मेक्सिको को टैरिफ से 90 दिनों की राहत दी है। ट्रंप ने मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम से फोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने व्यापार समझौते पर बातचीत की। इस दौरान ट्रंप ने कहा कि मेक्सिको फेंटेनाइल, कारों और अन्य वस्तुओं पर टैरिफ का भुगतान जारी रखेगा और अपने गैर-टैरिफ व्यापार प्रतिबंधों को तुरंत समाप्त कर देगा। व्हाइट हाउस की प्रेस प्रवक्ता कैरोलिन लेविट ने प्रेस वार्ता में कहा, मेक्सिको हमारे लिए खास देश है, क्योंकि इसकी सीमा अमेरिका से जुड़ी हुई है। हम मेक्सिको के साथ मिलकर ड्रग्स और मानव तस्करी को रोकने के लिए काम कर रहे हैं। हम इस सहयोग की सराहना करते हैं और अच्छे रिश्तों में आगे भी मिलकर काम करते रहेंगे। लेविट की यह टिप्पणी तब आई है, जब राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर मेक्सिको की राष्ट्रपति शिनबाम के साथ टेलीफोन पर हुई बातचीत के समापन के बारे में जानकारी दी।

## अमेरिका में आठ नए कॉन्सुलर एप्लिकेशन सेंटर खुलेंगे

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** भारत ने अमेरिका में आठ नए कॉन्सुलर एप्लिकेशन सेंटर, यानी वाणिज्य दूतावास आवेदन केंद्र खोलने की घोषणा की है। अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय क्वात्रा ने कहा कि नए भारतीय कांसुलर आवेदन केंद्र बोस्टन, कोलंबस, डलास, डेट्रॉइट, एडिसन, ऑरलैंडो, रैले और सैन जोस में खोले जाएंगे। उन्होंने इस एलान के साथ दोनों देशों के बीच आपसी रिश्ते को मजबूत करने की जरूरत को भी रेखांकित किया। भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों पर क्वात्रा ने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि भारत और अमेरिका के रिश्ते के मूल में लोगों के बीच के आपसी संबंध हैं। क्वात्रा ने कहा, हम जल्द ही लॉस एंजिल्स में एक और भारतीय कांसुलर आवेदन केंद्र भी खोलेंगे।



विनय क्वात्रा ने नए केंद्रों की शुरुआत होने की सूचना दूतावास के एक्स हैंडल से दी। उन्होंने कहा, 1 अगस्त, 2025 से अमेरिका में हमारी कॉन्सुलर सेवाओं में बड़ा विस्तार होगा। इससे सेवाएं बेहतर होने के साथ-साथ कई सकारात्मक बदलाव भी आएंगे। नए केंद्रों के खुलने से, व्यापक कॉन्सुलर सेवाएं प्रदान करने और संबंधित वितरण क्षमताएं उल्लेखनीय रूप से न केवल बेहतर होंगी, बल्कि इनका विस्तार भी होगा। इन केंद्रों पर काम शुरू होने के बाद जीवंत प्रवासी भारतीयों को मिलने वाली सेवाओं की डिलीवरी तेज और अधिक सुलभ बनेगी।

क्वात्रा ने बताया कि 1 अगस्त से सभी भारतीय कांसुलर आवेदन केंद्र शनिवार को भी खुले रहेंगे। उन्होंने विविध कांसुलर सेवाओं को सुव्यवस्थित करने का भी उल्लेख किया। हालांकि, कुछ महत्वपूर्ण सेवाएं, दूतावास परिसर से ही उपलब्ध कराई जाती रहेंगी। भारतीय राजदूत ने कहा, हमारा दृढ़ विश्वास है कि भारत-अमेरिका साझेदारी के मूल में लोगों के बीच आपसी संबंध हैं। बोस्टन और लॉस एंजिल्स में दो नए वाणिज्य दूतावासों के खुलने से हम न केवल अपने दोनों देशों के बीच संबंधों को, बल्कि लोगों के बीच आपसी संबंधों को भी, विशेष रूप से बोस्टन और लॉस एंजिल्स के क्षेत्रों में और मजबूत कर पाएंगे। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ महीने पहले ही इन केंद्रों को खोलने का एलान किया था। गौरतलब है कि इन नए केंद्रों की शुरुआत का एलान ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका और भारत टैरिफ के मुद्दे पर आमने-सामने हैं। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी टैरिफ नीतियों को लेकर चर्चा में हैं और उन्होंने भारत समेत कई देशों पर टैरिफ बढ़ाने का एलान कर दिया है। सख्ती दिखाने का एलान करने के बाद जब भारत ने अपने हितों से समझौता न करने का रुख साफ किया तो ट्रंप के सुर भी बदलते दिखे। अब उन्होंने एक हफ्ते का विस्तार और किया है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारतीय मूल के लगभग 54 लाख लोग अमेरिका में रहते हैं। इनमें 20.7 लाख अनिवासी भारतीय भी शामिल हैं। भारतीय मूल के लोग अमेरिका में तीसरा सबसे बड़ा एशियाई जातीय समूह हैं। ऐसे में अमूमन कॉमर्शियल गतिविधियों से जुड़े कामकाज के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले वाणिज्य दूतावास के इन नए आवेदन केंद्रों से कितना लाभ मिलेगा, ये आने वाले वक्त में साफ होगा।

## राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ पर संघीय सर्किट अपील न्यायालय में उठे सवाल

एजेंसी

**वाशिंगटन।** वाशिंगटन डीसी स्थित संघीय सर्किट अपील न्यायालय के न्यायाधीशों ने गुरुवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रंप के आपातकालीन शक्तियों के अभूतपूर्व उपयोग करते हुए अमेरिका के व्यापारिक साझेदार देशों पर व्यापक टैरिफ लगाने के अधिकार पर तीखे सवाल उठाए।




कई न्यायाधीशों ने तो बार-बार इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया कि ट्रंप 1977 के अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम (आईपा) कानून का उपयोग करके टैरिफ को कैसे उचित ठहरा सकते हैं? अमेरिका ऑनलाइन अखबार पॉलिटिको की खबर के अनुसार, न्यायाधीश जिम्मी रेयना ने कहा, मेरी एक बड़ी चिंता यह है कि आईपी में टैरिफ शब्द का कहीं भी जिक्र तक नहीं है।÷ न्यायाधीश टिमोथी डिक ने कहा, ÷मेरे लिए यह समझना मुश्किल है कि कांग्रेस का इरादा आईपा में राष्ट्रपति को उस टैरिफ अनुसूची को रद्द करने का पूरा अधिकार देना था जिसे उसने वर्षों के गहन अध्ययन के बाद अपनाया था।

अन्य न्यायाधीश इस तर्क पर सहमत दिखे कि ट्रंप ने एक ऐसे कानून का इस्तेमाल किया जिसका उद्देश्य राष्ट्रपतियों को किसी अंतरराष्ट्रीय संकट से निपटने के लिए आपातकालीन शक्तियां प्रदान करना था, बल्कि कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को हड़पना था। यहां यह महत्वपूर्ण है कि न्यायाधीश जिम्मी रेयना की नियुक्त ओबामा और न्यायाधीश टिमोथी डिक की नियुक्ति क्लिंटन ने की थी। खचाखच भरे न्यायालय में दो मुकदमों पर लगभग दो घंटे तक मौखिक बहस हुई। इन मुकदमों में ट्रंप के फरवरी और अप्रैल के बीच हस्ताक्षरित कार्यकारी आदेशों में लगाए गए टैरिफ को चुनौती दी गई है। एक मामला निजी कंपनियों ने और दूसरा मामला 11 डेमोक्रेटिक नियंत्रित राज्यों ने दायर किया है। कुछ न्यायाधीशों ने मत व्यक्त किया कि अगर राष्ट्रपति बिना अदालतों की समीक्षा के आपातकाल की घोषणा कर सकते हैं (जैसा कि ट्रंप प्रशासन का दावा है और वह किसी भी आकार और अवधि के टैरिफ लगा सकते हैं) तो देश की जटिल और दीर्घकालिक व्यापार प्रक्रिया का एक बड़ा हिस्सा अनिवार्य रूप से अनावश्यक हो जाएगा। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि पूर्व राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन के एक पुरानी आपातकालीन शक्ति के तहत लगाए गए टैरिफ केवल इसलिए कानूनी चुनौतियों से बच पाए, क्योंकि वे एक समस्या पर केंद्रित थे और उनकी एक स्पष्ट समाप्ति तिथि थी। सुनवाई के दौरान 11 न्यायाधीशों ने राज्यों और निजी कंपनियों के वकीलों के तर्क सुने। ओबामा के कार्यकाल में नियुक्त न्यायाधीश रिचर्ड टारंटो ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि वादी ने वास्तव में उन नकारात्मक परिणामों पर ध्यान दिया है, जिनका ट्रंप प्रशासन दावा करता है कि बड़े व्यापार घाटे के कारण विनिर्माण और सैन्य तैयारियों पर प्रभाव पड़ता है। ओरेगन के सॉलिसिटर जनरल बेंजामिन गुटमैन ने कहा कि ट्रंप के कार्यकारी आदेश में इन परिणामों के बारे में सिर्फ एक वाक्य लिखा गया है, तो जॉर्ज डब्ल्यू. बुश के कार्यकाल में नियुक्त मुख्य न्यायाधीश किम्बर्ली मूर ने इसका विरोध किया। मूर ने कहा, ÷मुझे नहीं पता कि आप और मैं एक बिल्कुल अलग कार्यकारी आदेश पढ़ रहे हैं या नहीं। उन्होंने कहा, मैं एक ऐसा कार्यकारी आदेश देख रहा हूं जो अमेरिकी उत्पादन, सैन्य उपकरणों और विदेशी उत्पादकों द्वारा अमेरिकी सुरक्षा से समझौता करने की बात करता है। एक ऐसा कार्यकारी आदेश जो बताता है कि अमेरिकी विनिर्माण क्षमता में गिरावट अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए अन्य तरीकों से खतरा है, जिसमें विनिर्माण क्षेत्र में नौकरियों का नुकसान भी शामिल है। राष्ट्रपति स्पष्ट रूप से जिसे एक असाधारण खतरा बता रहे हैं, वह कैसे नहीं बनता?

## ईरान की बढ़ती खुफिया गतिविधियों पर अमेरिका व नाटो सहयोगियों की मिली कड़ी चेतावनी

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और उसके नाटो सहयोगियों ने एक संयुक्त बयान जारी कर ईरान पर यूरोप और उत्तरी अमेरिका में बढ़ते खतरों के लिए गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने ईरान से स्पष्ट रूप से कहा है कि वह विरोधियों, पत्रकारों, यहूदी नागरिकों और पूर्व/वर्तमान अधिकारियों को निशाना बनाने की अपनी खुफिया गतिविधियां तुरंत बंद करे।



गुरुवार को जारी इस संयुक्त बयान में कहा गया कि हम ईरानी खुफिया एजेंसियों द्वारा यूरोप और उत्तरी अमेरिका में लोगों की हत्या, अपहरण और उत्पीड़न के प्रयासों का एकजुट होकर विरोध करते हैं। यह हमारी संप्रभुता का सीधा उल्लंघन है। बयान में यह भी उल्लेख किया गया कि ईरानी खुफिया एजेंसियां अब अंतरराष्ट्रीय आपराधिक संगठनों के साथ मिलकर काम कर रही हैं ताकि वे पत्रकारों, यहूदी नागरिकों और असहमति जताने वालों को निशाना बना सकें – जिसे पूर्णतः अस्वीकार्य बताया गया। बयान में चेतावनी दी गई है कि ऐसे किसी भी हमले को हमारी संप्रभुता का उल्लंघन माना जाएगा, और हम सब मिलकर इन षड्यंत्रों को नाकाम करने के लिए काम करेंगे।÷ इस संयुक्त बयान पर अमेरिका और नाटो के 13 सदस्य देशों अल्बानिया, बेल्जियम, ब्रिटेन, कनाडा, चेक गणराज्य, डेनमार्क, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड्स, स्पेन, स्वीडन और अमेरिका ने हस्ताक्षर किए हैं। ऑस्ट्रिया, जो नाटो का सदस्य नहीं है लेकिन आईएईए (यूएन परमाणु एजेंसी) का मुख्यालय है, वह भी हस्ताक्षरकर्ताओं में शामिल है। ब्रिटिश खुफिया एजेंसियों ने कई बार ईरानी प्रायोजित साजिशों के बारे में चेतावनी दी है। वर्तमान में तीन कथित ईरानी जासूसों पर ब्रिटेन में आरोप है कि वे पत्रकारों की जासूसी और उन पर हमले की योजना बना रहे थे। ब्रिटिश संसद की इंटेलिजेंस एंड सिक्योरिटी कमेटी ने हाल ही में कहा, ईरान एक व्यापक, निरंतर और अप्रत्याशित खतरा बन चुका है।

# मानसून में नॉनवेज खाने से करना चाहिए परहेज, वरना बिगड़ सकती है आपकी सेहत



क्या आप जानते हैं कि मानसून में मांस खाने से मना करने के पीछे कुछ स्वास्थ्य कारण भी हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि चिकन-मटन खाने से क्या होता है और इसको खाने से सेहत क्यों बिगड़ सकती है।

सावन के पवित्र महीने में लोगों को शाकाहारी भोजन खाने की सलाह दी जाती है। वहीं अधिकतर लोग इसको धार्मिक महीने से जोड़कर देखते हैं। क्योंकि सावन का महीना भगवान शिव को समर्पित होता है। इसलिए इस महीने हिंदू धर्म के लोग शाकाहारी भोजन खाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि मानसून में मांस खाने से मना करने के पीछे कुछ स्वास्थ्य कारण भी हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि चिकन-मटन खाने से क्या होता है और इसको खाने से सेहत क्यों बिगड़ सकती है।

**बकरे का मांस**

आयुर्वेद के अनुसार, बकरे का मांस या फिर मटन के सेवन से वात, कफ और अग्नि की समस्या बढ़ जाती है। क्योंकि मांस भारी और चिकनाई युक्त होता है और इसको पचाने में भी दिक्कत होती है। अगर आप बारिश के मौसम में बकरे का मांस खाता है, तो उसको भारीपन, अपच, सूजन, जोड़ों में दर्द और नींद में बेचैनी की समस्या हो सकती है।

किसे चुनें और किससे बचें

**मुर्गे का मांस**

इस मौसम में चिकन खाने से कब्ज, अपच, गैस और दस्त की समस्या हो सकती है। क्योंकि मुर्गे का मांस बहुत चिकना होता है, जिसके कारण व्यक्ति को स्किन संबंधी समस्या भी हो सकती है।

रेड मीट

बीफ या रेड मीट जैसे भारी मांस का सेवन करने से शरीर में भारीपन होता है। इसको पचने में भी समस्या होती है। इनमें भी फैट कंटेंट बहुत ज्यादा होता है। जिस कारण उल्टी, अपच से लेकर फोड़े-फुंसी आदि की समस्या हो सकती है।

**मछली**

इस मौसम में मछलियों में अंडे होते हैं, जिस कारण से इनको नहीं खाना चाहिए। ऐसी मछलियां खाने से बॉडी में लालिमा और खुजली की समस्या हो सकती है। इसका सेवन करने से शरीर का कफ बढ़ जाता है। जोकि स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

**मानसून में क्यों कमजोर हो जाता है पाचन**

मानसून में बैक्टीरिया और वायरल इंफेक्शन ज्यादा होता है। बहुत ज्यादा नमी, साफ-सफाई न होने और धूप की कमी से डाइजेशन बिगड़ने की समस्या हो सकती है। इस समय पानी भी साफ नहीं मिलता है और दूषित पानी पीने से भी समस्या बढ़ सकती है।

## ब्लड प्रेशर को नेचुरल तरीके से कंट्रोल करने के तीन आसान उपाय, डॉक्टर भी रह जाएंगे हैरान!

अगर आपको भी अचानक से आपका ब्लड प्रेशर हाई की समस्या होती है, तो आपको फौरन कुछ नेचुरल तरीके अपनाने चाहिए। आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताने जा रहे हैं, जिससे आप बिना डॉक्टर और दवा के हाई ब्लड प्रेशर को फौरन कंट्रोल कर सकते हैं। आजकल की भागदौड़ भरी लाइफ में लोग अपने स्वास्थ्य का सही तरीके से ख्याल नहीं रख पा रहे हैं। ऐसे में लोगों को सेहत संबंधी कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। खराब खानपान और अनहेल्दी लाइफस्टाइल की वजह से बीपी की समस्या बढ़ गई है। हाई बीपी एक गंभीर बीमारी है और कई बार इसके लक्षण भी नहीं पता चलते हैं। लेकिन अगर समय रहते इसको कंट्रोल नहीं किया गया, तो कई गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। आज के समय में सिर्फ बड़े लोगों को ही नहीं बल्कि युवाओं को भी यह अपनी चपेट में ले रहा है। ऐसे में आपको पता होना चाहिए कि ब्लड प्रेशर के हाई होने पर आपको क्या करना चाहिए कि यह फौरन कंट्रोल हो जाए। अगर आप भी इस समस्या से जूझ रहे हैं और अचानक से आपका ब्लड प्रेशर हाई हो गया है, तो आपको फौरन कुछ नेचुरल तरीके अपना सकते हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताने जा रहे हैं, जिससे आप बिना डॉक्टर और दवा के हाई ब्लड प्रेशर को फौरन कंट्रोल कर सकते हैं।

**डीप ब्रीदिंग एक्सरसाइज**

डीप ब्रीद िग एव सरसाइज करने से पैरासिम्पेथेटिक नर्वस सिस्टम एव ट िव हो जाता है। इससे हार्ट रेट धीमी हो जाती है और ब्लड वेसेल्स को भी आराम मिलता है। कुछ मिनट तक ऐसा करने से ब्लड वेसेल्स जल्दी और नेचुरली तरीके से कंट्रोल हो जाता है।

**ठंडे पानी से धोएं चेहरे**

अगर अचानक से आपका बीपी बढ़ जाता है, तो आपको फौरन ठंडे पानी से चेहरे को धोना चाहिए। वही पैरों को कुछ देर के लिए ठंडे पानी में भिगोना चाहिए। इससे ब्लड वेसल्स सिकुड़ती है। ऐसा करने से दिल की धड़कन और ब्लड प्रेशर को कम करने में सहायता मिलती है। साथ ही यह चिंता और तनाव कम करता है।

**नींबू पानी पिएं**

जब भी आपका बीपी बढ़ जाए, तो आपको नींबू पानी पीना चाहिए। इसमें आपको चीनी और नमक नहीं मिलाना है। सादा नींबू पानी पीने से शरीर में पोटैशियम की कमी पूरी होती है। पोटैशियम से सोडियम को कंट्रोल किया जा सकता है। इससे ब्लड वेसेल्स को भी आराम मिलता है। यह ब्लड प्रेशर को नॉर्मल करने में मदद करता है।

# अनुराग कश्यप की क्राइम गाथा में ऐश्वर्या ठाकरे, फिल्म 19 सितंबर को होगी रिलीज



अनुराग कश्यप द्वारा निर्देशित और प्रसून मिश्रा, रंजन चंदेल और कश्यप द्वारा सह-लिखित, निशानची का निर्माण अजय राय और रंजन सिंह ने जार पिक्चर्स के बैनर तले, फ्लिप फिल्म्स के सहयोग से किया है। अमेज़न एमजीएम स्टूडियोज इंडिया ने अपनी आगामी नाट्य रिलीज़ ÷निशानची÷ का पहला लुक जारी कर दिया है, और यह अनुराग कश्यप के प्रशंसकों की उम्मीदों के मुताबिक़ ही धमाकेदार और दिलचस्प है। 19 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने वाली यह फिल्म ऐश्वर्या ठाकरे के अभिनय करियर की शुरुआत है, जो इस रोमांचक अपराध गाथा में एक चुनौतीपूर्ण दोहरी भूमिका निभा रही हैं।

अनुराग कश्यप द्वारा निर्देशित और प्रसून मिश्रा, रंजन चंदेल और कश्यप द्वारा सह-लिखित, निशानची का निर्माण अजय राय और रंजन सिंह ने जार पिक्चर्स के बैनर तले, फ्लिप फिल्म्स के सहयोग से किया है। यह फिल्म ऐश्वर्या ठाकरे के प्रभावशाली अभिनय करियर की शुरुआत को दर्शाती है, जहाँ उन्होंने दोहरी भूमिका में एक गतिशील प्रदर्शन दिया है। इसमें उनके साथ वेदिका पिंटो, मोनिका पंवार, मोहम्मद जीशान अय्यूब और कुमुद मिश्रा भी हैं, जो प्रमुख सहायक भूमिकाएँ निभा रहे हैं। कश्यप ने जून 2025 में इस फिल्म की घोषणा की थी। %निशानची% का अनोखा, रंगीन फर्स्ट लुक कच्ची, ज़मीनी कहानी को दर्शाता है, जैसा कि पहले गैंग्स ऑफ वासेपुर, गुलाल, मुक्केबाज़ जैसी फिल्मों में देखा गया है। दर्शकों को मुख्यधारा के सिनेमाई अंदाज़ के साथ-साथ यथार्थवाद का भी आभास होता है। रोमांच से भरपूर यह क्राइम-ड्रामा अंडरवर्ल्ड पर आधारित एक सच्चा मसाला एंटरटेनर होने का वादा करता है। आगामी एक्शन से भरपूर यह फिल्म दो भाइयों की कहानी है—एक-दूसरे के प्रतिरूप, फिर भी दुनिया से अलग, जिनके फैसले उनके भाग्य को आकार देते हैं। मूल रूप से, निशानची नवोदित ऐश्वर्या की एक आकर्षक दोहरी भूमिका के बारे में है—जुड़वाँ भाई बिल्कुल अलग-अलग ज़िंदगी जीते हैं, एक ऐसे तूफ़ान में फँस जाते हैं जो फूटने को तैयार है। अनोखा रेट्रो-स्टाइल पोस्टर एक बहुस्तरीय, बेबाक नाटकीय परिदृश्य का रूपक भी है जहाँ प्यार, बदला और नियति आपस में टकराते हैं। फिल्म में वेदिका पिंटो, मोनिका पंवार, मोहम्मद जीशान अय्यूब, कुमुद मिश्रा जैसे दमदार कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

यह गंभीर और भावनात्मक रूप से प्रभावशाली कहानी अजय राय और रंजन सिंह द्वारा जार पिक्चर्स के बैनर तले, फ्लिप फिल्म्स के सहयोग से निर्मित की गई है और प्रसून मिश्रा, रंजन चंदेल और अनुराग कश्यप द्वारा लिखित है। निशानची भारत के सिनेमाघरों में 19 सितंबर, 2025 को रिलीज़ होगी।

# रसोई में इन टिप्स को अपनाने से आसान होगा काम, महिलाओं को पता होना चाहिए ये हैक्स



किचन में घर की औरतें घंटों मेहनत करती हैं, लेकिन अगर उनके काम को कुछ आसान और उपयोगी किचन टिप्स मिल जाएं। तो न सिर्फ खाना बनना तेज हो सकता है, बल्कि खाना अधिक स्वादिष्ट भी बन सकते हैं।

आज के समय में अगर किसी को थोड़ी सी मदद मिल जाए, तो न सिर्फ काम आसान हो जाता है। बल्कि इससे समय और मेहनत दोनों की बचत हो जाती है। फिर चाहे ऑफिस का काम हो या घर का। एक-दूसरे की मदद से जिंदगी बेहतर बन सकती है। किचन में घर की औरतें घंटों मेहनत करती हैं, लेकिन अगर उनके काम को कुछ आसान और उपयोगी किचन टिप्स मिल जाएं। तो न सिर्फ खाना बनना तेज हो सकता है, बल्कि खाना अधिक स्वादिष्ट भी बन सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ स्मार्ट टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको अपनाने से आपका काम आसान बन जाएगा।

**आलू उबालने के दौरान डालें नमक और नींबू**

अक्सर ऐसा होता है कि उबले हुए आलू का छिलका निकालने में समस्या होती है। ऐसे में आप आलू को उबालने के समय पानी में थोड़ा सा नींबू और नमक डालें। इससे आलू जल्दी गल जाते हैं और इनका स्वाद भी बढ़ जाता है। इससे आलू का छिलका उतारने में भी आसानी होती है।

**इडली का बैटर खट्टा होने पर करें ये काम**

कई बार ऐसा होता है कि इडली का बैटर खट्टा हो जाता है, जिसकी वजह से इसका स्वाद बिगड़ जाता है। वहीं अगर आपके साथ भी ऐसा होता है, तो बैटर में थोड़ा सा नारियल का दूध मिलाएं। इससे बैटर का स्वाद बेहतर हो जाएगा।

**दही जमाते समय डालें हरी मिर्च**

कई बार दही जमाने के लिए थोड़ा सा भी दही नहीं मिल पाता है। ऐसे में आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप दूध में हरी मिर्च डालकर रातभर के लिए फ्रिज में रख दें। आप पाएंगी कि सुबह दही जम चुका होगा और यह जल्दी खराब भी नहीं होता है। वहीं इस तरह से दही अच्छा जमता है।

**सब्जी ज्यादा तेल सोखती हो तो ट्राई करें ये तरीका**

कई बार सब्जी ज्यादा तेल सोखती है, ऐसे में आप कुछ देर के लिए सब्जी को फ्रिज में रख दें। इससे तेल सब्जी के ऊपर जम जाएगा और सब्जी भी हल्की हो जाएगी। यह नुस्खा ट्राई करने के बाद भी सब्जी का स्वाद बरकरार रहेगा।

# जब मुमताज ने माना कि पति का अफेयर था: फिर भी रिश्ता तोड़ा नहीं, करियर के पीक पर परिवार के लिए एक्टिंग छोड़ दी थी



## करियर के पीक में मुमताज ने फिल्में क्यों छोड़ी?

लगभग 100 फिल्में करने वाली मुमताज ने अपने करियर के पीक पर अचानक फिल्में छोड़ने का फैसला किया था। उस वक्त वो सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में शामिल थीं, लेकिन उन्होंने शादी के बाद एक्टिंग छोड़ दी और परिवार को प्राथमिकता दी। मुमताज ने बिजनेसमैन मयूर माधवानी से 1974 में शादी की थी। मुमताज ने माना था कि उनके ससुराल वालों को पसंद नहीं था कि वो शादी के बाद भी फिल्मों में काम करें। मेरी शादी के वक्त माधवानी परिवार ने कहा कि अब काम नहीं कर सकती। उस वक्त मैं सबसे ज्यादा पैसे लेने वाली एक्ट्रेस थी। कौन लेता था 7.5 लाख रुपए एक फिल्म के? लेकिन जब उन्होंने मना किया, तो मैंने काम छोड़ दिया। मयूर माधवानी की ट्रेडिशनल गुजराती फैमिली में मुमताज को खुद को ढालना पड़ा। मुमताज ने कहा था, हालांकि, बच्चों की बात आई तो राह आसान नहीं रही थी। मुमताज ने बताया था, मेरे कई बार मिसकैरेज हुए। नताशा के समय मैं छह महीने तक बिस्तर पर पड़ी रही, सिर्फ छत को घूरती थी। इसलिए मेरे बच्चे मेरे लिए बहुत मायने रखते हैं।

मुमताज हिंदी फिल्मों की एक बहुत ही मशहूर और पसंद की जाने वाली एक्ट्रेस रही हैं। 1960 और 1970 के दौर में लोग उन्हें उनकी खूबसूरती, दमदार एक्टिंग और प्यारी मुस्कान के लिए बहुत पसंद करते थे। मुमताज का जन्म 31 जुलाई 1947 को हुआ था। मुमताज ने बचपन की यादें शेयर करते हुए बताया कि बर्थडे और त्योहारों का जश्न उनके लिए हमेशा खास रहा है।

मुमताज ने बताया कि वे ईरानी परिवार से ताल्लुक रखती हैं और मुंबई में ही पली-बढ़ीं। उनके बचपन में जन्मदिन के मौके पर माता-पिता चॉकलेट लाते थे, फैंस को बुलाकर केक कटता था, और गिफ्ट्स बांटे जाते थे। यह सिलसिला आज तक जारी है। उनकी मां भी अपने समय में यही करती थीं जैसे केक काटना, पार्टी करना और बच्चों को गिफ्ट देना। वक्त जरूर बदला है, पर यह परंपरा आज भी वैसी ही बनी हुई है। मुमताज ने बताया कि जब वे छोटी थीं, तो दिवाली और जन्मदिन पर उनकी मां उन्हें दो-तीन टोकरी भर पटाखे देती थीं। साथ ही ड्राइवर और आया को ताकीद करती थीं कि बच्ची का ध्यान रखना, कहीं हाथ न जल जाए।

पहले मुमताज वालकेश्वर में लता मंगेशकर के पड़ोस में रहा करती थीं और फिर मरीन ड्राइव के गोविंद महल में शिफ्ट हुईं, जहां जयकिशन जी का घर था। वहां भी वे नौकरों के साथ मिलकर पटाखे फोड़ा करती थीं। मुमताज ने यह भी कहा कि बच्चों को कितना भी समझाओ, थोड़ा-बहुत जल ही जाते हैं, लेकिन यही सब बचपन का हिस्सा हुआ करता था।

**मीना कुमारी का बंगला कैसे ले लिया था?**

अपने पुराने दिनों को याद करते हुए मुमताज ने बताया कि मीना कुमारी ने 'गोमती के किनारे' फिल्म को प्रोड्यूस किया था। फिल्म के लिए मुमताज की फीस साढ़े सात लाख रुपए थी। लेकिन बाद में मीना कुमारी ने पांच लाख रुपए नहीं किए। जब मुमताज ने इस बारे में बात की, तो मीना कुमारी ने बहुत ही सादगी और मोहब्बत से कहा कि उनकी तबीयत ठीक नहीं चल रही है और वे अब पैसे नहीं लौटा पाएंगी। उन्होंने मुमताज को प्रस्ताव दिया कि पैसे के बदले वे उनका बंगला ले लें। 1972 फिल्म गोमती के किनारे में मीना कुमारी और मुमताज लीड रोल में थीं। यह मीना कुमारी की आखिरी रिलीज फिल्म थी। 1972 फिल्म गोमती के किनारे में मीना कुमारी और मुमताज लीड रोल में थीं। यह मीना कुमारी की आखिरी रिलीज फिल्म थी।

मुमताज ने उस वक्त साफ कहा था कि अगर पैसे नहीं हैं, तो कोई बात नहीं, वापस मत दीजिए, लेकिन मीना कुमारी ने उन्हें मना कर दिया और कहा, आपके पैसे लेकर मैं क्या करूंगी? आप इसे माफ कर दो और यह बंगला ले लो। मीना कुमारी ने बड़े अपनत्व और मोहब्बत के साथ कहा था, बेटा, तुम बंगला ले लो। मुमताज ने बताया कि वह बंगला उन्हें खुशी-खुशी दिया गया था। दिलचस्प बात यह भी रही कि उस वक्त उनका और राजेश खन्ना का बंगला आमने-सामने था। बाद में राजेश खन्ना ने वह बंगला बेच दिया और उसकी जगह एक बिल्डिंग बन गई।

**शुरुआती फिल्मों में मुमताज ने छोटे रोल किए**

मुमताज ने अपने करियर की शुरुआत सिर्फ 11 साल की उम्र में फिल्म लाजवंती (1958) से की थी। इसके बाद उन्होंने सोने की चिड़िया, स्त्री और सेहरा जैसी फिल्मों में छोटे रोल किए।। मुमताज अपने समय में एक्ट्रेस के साथ बेहतरीन डांसर भी रही हैं। उनकी फिल्मों में उनके डांस परफॉर्मेंस को ऑडियंस हमेशा पसंद करती थी। मुमताज ने ब्रह्मचारी (1968), राम और श्याम (1967), आदमी और इंसान (1969) और खिलौना (1970) जैसी कई हिट फिल्मों में काम किया है।

# क्या आपके रिश्ते में भी आ गई है खटास? गौरांग दास के ये तीन मंत्र करेंगे कमाल!

आज के दौर के जटिल रिश्तों को मजबूत बनाने के लिए आध्यात्मिक गुरु गौरांग दास ने तीन अनमोल %लव हैक्स% बताए हैं। उन्होंने सलाह दी है कि भावनाओं को छुपाने के बजाय खुलकर व्यक्त करें, झगड़ों में अहंकार छोड़ें, और सतही बातचीत से आगे बढ़कर पार्टनर के साथ क्वालिटी टाइम बिताएं। ये टिप्स आपके प्यार को हमेशा हरा-भरा रखेंगे।

आजकल के रिश्ते बडे ही हाई-टेक हो गए हैं, जनाब! पहले चिट्ठियों में दिल धडकता था, अब सीन हो जाने पर दिल टूट जाता है। तेज रफ्तार जिंदगी, इंस्टा की स्टोरीज, डेटिंग ऐप्स की उंगलियों वाली लव स्टोरीज और %मैं स्पेस चाहती/चाहता हूं% जैसे डायलॉग, सबने मोहब्बत को थोडा कॉम्प्लिकेटेड बना दिया है। अब प्यार सिर्फ दिल का नहीं, दिमाग और डेटा दोनों का खेल हो गया है। भरोसा, कम्युनिकेशन और लॉयल्टी का टेस्ट अब 5 प्रतिशत स्पीड से होता है और अगर जरा सा भी नेटवर्क डाउन हो गया, तो कनेक्शन कटते देर नहीं लगती।

सोशल मीडिया पर किसी और की क्यूट कपल पोस्ट देखकर अपने रिश्ते की हवा निकल जाती है, और फोमो यानी कुछ मिस न हो जाए का बुखार तो अलग ही लेवल पर है। ऐसे में, प्यार निभाना आज के दौर की असली कला बन चुका है। इसी चुनौती भरे दौर में मशहूर आध्यात्मिक गुरु और मोटिवेशनल स्पीकर गौरांग दास ने हाल ही में रिश्तों को मजबूत बनाए रखने के तीन गहरे और असरदार फॉर्मूले साझा किए हैं। तो चलिए, वो तीन लव हैक्स जान लेते हैं, जो आपके रिश्ते को स्मार्ट और स्ट्रॉन्ग बना सकते हैं।

दिल में कुछ हो और चेहरे पर मैं तो ठीक हूं वाली एक्टिंग? छोडिए जनाब गौरांग दास ने बताया कि अगर मन का मौसम उखडा हुआ है, तो झूठी मुस्कान मत चिपकाइए। दिल की बात दबाइए नहीं, सुनाइए। क्योंकि जब आप अपने जज्बात छुपाते हैं, तो आपके बीच में दूरी की दीवारें बनने लगती हैं। असली कनेक्शन तो तभी बनता है जब बात हो बिना फिल्टर, बिना डर। रिश्तों में दिल से दिल का नेटवर्क तभी जुडता है जब बातचीत में नेटवर्क स्ट्रॉन्ग होता है। बहस हो जाए तो मैं ही सही हूं का राग मत अलापिए अब देखिए, लडाइयां तो हर रिश्ते का हिस्सा हैं, लेकिन गौरांग दास का कहना है कि अहंकार का नमक अगर ज्यादा पड गया, तो प्यार की रसोई बिगड ही जाती है। झगडों में जीतने के चक्कर में मत पडिए, वरना हार असल में दोनों की होती है। समझदारी ये है कि मिलकर हल निकाला जाए, ना कि एक-दूसरे की बोलती बंद करने की कोशिश की जाए। अहंकार छोडिए, हाथ पकडिए। सिर्फ क्या खाया? या कब आओगे? से बात आगे नहीं बढती, थोडी दिल की बात भी हो जाए गौरांग दास की तीसरी सलाह के अनुसार, रोज थोडी देर के लिए फोन साइलेंट करिए, दिल की बातें ऑन करिए। पार्टनर से पूछिए, कैसा दिन रहा?, कुछ परेशान कर रहा है क्या? क्योंकि प्यार का पौधा बातें करने से ही सींचा जाता है।

कोशिश कीजिए कि हर दिन कम से कम 30 मिनट बिना किसी डिस्ट्रैक्शन के सिर्फ एक-दूसरे के साथ बिताएं, चाहे वो चाय पर गपशप हो या साथ बैठकर कुछ पल की खामोशी। यही छोटी-छोटी बातें, बडी-बडी दूरियां मिटा देती हैं।



## समय के साथ कपल्स के बीच दूरियां क्यों आ जाती हैं?

विवाह सलाहकार और चिकित्सक रूथ एसुमेह ने एक पोस्ट में उन कारणों का खुलासा किया जो जोड़ों के रिश्ते में दरार पैदा कर सकते हैं। उनके अनुसार, जोड़े अचानक अलग नहीं हो जाते, बल्कि यह धीरे-धीरे होता है, जिसमें आपसी संबंधों में सूक्ष्म बदलाव आते हैं। रूथ की इस पोस्ट ने रिश्तों में धीरे-धीरे आने वाली दरार के बारे में महत्वपूर्ण बातें साझा की हैं। कई बार रिश्तों की शुरुआत में बहुत प्यार और पासपन होता है, लेकिन वक्त के साथ कुछ जोड़ियाँ एक-दूसरे से दूर होने लगती हैं। पहले जो बातें रोमांचक लगती थीं, अब वही बोरिंग लगने लगती हैं। इसमें कोई बड़ी गलती नहीं होती, बस लाइफ की भागदौड़, स्ट्रेस, और कम बातचीत की वजह से इमोशनल कनेक्शन धीरे-धीरे कम हो जाता है। इस आर्टिकल में हम समझेंगे कि ऐसा क्यों होता है और कैसे कपल्स फिर से अपने रिश्ते में प्यार और नज़दीकी वापस ला सकते हैं।

**रिश्तों में दरार के कारण** : विवाह सलाहकार और चिकित्सक रूथ एसुमेह ने एक पोस्ट में उन कारणों का खुलासा किया जो जोड़ों के रिश्ते में दरार पैदा कर सकते हैं। उनके अनुसार, जोड़े अचानक अलग नहीं हो जाते, बल्कि यह धीरे-धीरे होता है, जिसमें आपसी संबंधों में सूक्ष्म बदलाव आते हैं।% रूथ की इस पोस्ट ने रिश्तों में धीरे-धीरे आने वाली दरार के बारे में महत्वपूर्ण बातें साझा की हैं।

**रिश्तों में आत्मसंतुष्टता** : समय के साथ, जोड़े अक्सर एक-दूसरे को हल्के में लेने लगते हैं। वे एक-दूसरे पर ध्यान देना बंद कर देते हैं और पहले जैसा उत्साह नहीं रहता। यह बदलाव धीरे-धीरे होता है, लेकिन इससे दोनों के बीच दूरी बढ़ सकती है और वे अपने प्यार पर सवाल उठाने लगते हैं।

**रिश्तों में प्रयास की कमी** : जब जोड़े डेटिंग कर रहे होते हैं, तो वे एक-दूसरे को प्रभावित करने की पूरी कोशिश करते हैं। लेकिन रिश्ता पक्का होने के बाद, वे अक्सर एक-दूसरे को प्रभावित करने की कोशिश करना बंद कर देते हैं। जबकि रिश्ते में सहजता जरूरी है, एक-दूसरे को प्रभावित करने का प्रयास जारी रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

**रिश्तों में बच्चों पर अधिक ध्यान** : विवाहित जोड़ों की एक आम गलती यह है कि जब वे अपने रिश्ते में समस्याओं का सामना करते हैं, तो वे अपना सारा ध्यान और प्यार अपने बच्चों पर केंद्रित कर देते हैं। वे अपने बच्चों का इस्तेमाल अपने रिश्ते में प्यार और अंतरंगता की कमी को पूरा करने के लिए करने लगते हैं।

**रिश्तों में बातचीत और हंसी की कमी** : जोड़े अक्सर एक-दूसरे से दिलचस्प बातें करना और हँसना बंद कर देते हैं। हंसी और मजाक रिश्तों में प्यार और नजदीकी बनाए रखने में मदद करते हैं।

**कठिन बातचीत से बचना** : जोड़े अक्सर परेशान करने वाले मुद्दों पर बात करने से बचते हैं और कठिन बातचीत को टाल देते हैं। लेकिन सच यह है कि कठिन बातचीत ही रिश्तों में समझ और प्यार बढ़ाने में मदद करती है और दोनों को एक साथ लाती है।

**पेशेवर मदद न लेना** : शादी या रिश्ते की समस्याओं के लिए पेशेवर मदद या थेरेपी लेना अक्सर लोग नहीं सोचते। कई लोग अपनी शादी पूरी तरह से खराब होने तक मदद नहीं लेते, जो एक बड़ी गलती है।